Page 11 | Page 10

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

## टीम प्रबंधन द्वारा दिया गया, मौका बर्बाद नहीं करना चाहता था : नितीश कुमार रेड्डी



देश

## मुसलमानों के खिलाफ नहीं है भाजपा, इस्लामिक देशों ने भी दिया मोदी को सम्मान...

कृष्ण पक्ष शतभिषा संवत 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 04 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 143 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹71, 730 | ₹83,500 |

## आज का इतिहास

- 1854 : भारत का पहला डाक टिकट आधिकारिक रूप से जारी हुआ।
- 2008: विख्यात भारतीय तबला वादक पंडित किशन महाराज का निधन हुआ। किशन महाराज को वर्ष 2002 में पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया था।

## न्यूज बाइट्स

### अडाणी ग्रुप की छह कंपनियों को सेबी का नोटिस

**नई दिल्ली(ए.)।** अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज समेत ग्रुप की 6 कंपनियों को मार्केट रेगुलेटर सेबी ने कारण बताओ नोटिस भेजा है। इन कंपनियों पर ट्रांजैक्शन और लिस्टिंग रेगुलेशन के नियमों के कथित उल्लंघन के आरोप हैं। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडाणी एनर्जी, अडाणी पावर, अडाणी विल्मर और अडाणी टोटल गैस ने अपनी-अपनी एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी है। अडाणी एंटरप्राइजेज ने बताया कि 31 मार्च को समाप्त तिमाही के दौरान उसे दो कारण बताओ नोटिस मिले हैं। ये नोटिस हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच के बाद सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने जारी किए हैं।

### पटना में 6 सिलेंडर ब्लास्ट, 30 घर जले

**पटना(नि.सं.)।** पटना के बांस घाट इलाके में भीषण आग लग गई। आग से घर में रखे 6 सिलेंडर एक-एक कर के ब्लास्ट हुए। 30 से ज्यादा लोगों के घर जल गए। लोग अपने सामान लेकर सड़क किनारे बैठे हैं। आग इतनी भयावह थी कि 2 किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। 25 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। घंटों की मशक्कत के बाद आग बुझाई गई।

### बिहार के 15 पद्मश्री कलाकारों पर प्रकाशित होगी किताब

**पटना(नि.सं.)।** बिहार के पद्मश्री कलाकारों पर जल्द ही एक किताब आने वाली है। म्यूजियम के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित कलाकारों पर एक किताब लिख रहे हैं। इस किताब का नाम उन्होंने 'बिहार के पद्मश्री कलाकार' रखा है। इस किताब में कुल 15 पद्मश्री प्राप्त कलाकारों की कहानी है। इस किताब में समकालीन कला से दो कलाकार उपेंद्र महारथी और श्याम शर्मा, लोक कला से जगदंबा देवी, गंगा देवी, सीता देवी, दुलारी देवी, बौआ देवी, गोदावरी दत्त, शांति देवी, शिवन पासवान, सहित बवानबुटी में कपिलदेव प्रसाद, पेपरमैशी में सुभद्रा देवी, टिकुली कला के अशोक कुमार विश्वास जैसे अन्य कलाकारों की कहानी शामिल है।

### 5 मई से बदलेगा मौसम का मिजाज

**पटना(नि.सं.)।** मौसम विभाग के अनुसार पर्वतीय इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी के कारण उत्तर-पछुआ हवा की गर्माहट में काफी कमी आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। 4 मई को एक बार फिर उत्तर-पछुआ हवा में गर्माहट बढ़ सकती है। लेकिन 5 मई की शाम से हवा का रुख बदलने से एक बार फिर राहत मिलने की संभावना है। वही मौसम विभाग के अनुसार 5 मई से मौसम का मिजाज बदलेगा। इस दौरान आसमान में बादल छाएंगे और राज्य के एक-दो जगहों पर हल्की बारिश भी हो सकती।

लगातार तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा

# संविधान में संशोधन की साजिश रच रहा है इंडी अलायन्स : प्रधानमंत्री

एजेंसी | कोलकाता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'इंडी अलायन्स' पर संविधान में संशोधन करने की साजिश रचने का आरोप लगाया और विपक्ष को चुनौती दी कि वह लिखित में यह सुनिश्चित करने के लिए सामने आए कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण कम नहीं होगा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एससी/एसटी/ओबीसी) का आरक्षण समाप्त नहीं होगा और संविधान में बदलाव नहीं होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों के समर्थन में दुर्गापुर, कृष्णानगर और बोलपुर में लगातार तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संविधान भारत में धर्म आधारित आरक्षण पर रोक लगाता है। डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने भी इसका समर्थन किया था।

श्री मोदी ने हालाँकि एससी/एसटी/ओबीसी समुदायों को आरक्षण का अधिकार प्रदान करने के लिए संविधान में संशोधन करने के प्रयास के लिए कांग्रेस की आलोचना की, इस कदम पर कर्नाटक में विरोध का सामना करना पड़ा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करने के लिए लिखित आश्वासन की आवश्यकता है कि ओबीसी का आरक्षण कम नहीं किया जाएगा, एससी/एसटी/ओबीसी आरक्षण रद्द नहीं किया जाएगा और संविधान अपरिवर्तित रहेगा, जिसके लिए कांग्रेस ने पिछले दस दिनों से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। वाम दल और तृणमूल कांग्रेस भी इस मुद्दे पर चुप हैं। उन्होंने कहा, ये तृणमूल-वाम दल और कांग्रेस वाले क्या कर रहे हैं? वे कहते हैं कि वे डंडे से मोदी का सिर तोड़ देंगे... वे कहते हैं कि मोदी को गोली मार दो... लेकिन मैं दृढ़ हूं। जितना अधिक वे मुझसे नफरत करेंगे, उतना अधिक मैं अपने देशवासियों की सेवा करूंगा।

उन्होंने ने कहा कि मौजूदा राजनीतिक खेल में शामिल सभी परिवार, जिनमें कांग्रेस राजघराना, तृणमूल और वामपंथी परिवार शामिल हैं, चुप रहकर मोदी की वोट जिहाद याचिका का मौन समर्थन कर रहे हैं। मुझ पर हमला करने से देशवासियों की सेवा करने की मेरी भावना और बढ़ गई है, क्योंकि पूरे भारत में मेरे 140 करोड़ लोगों को छोड़कर मुझे किसी भी तरह का खतरा नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आप सबका प्यार देख कर धन्य हो गया हूं। जितना मैंने सोचा था, उससे कहीं अधिक प्यार मिला। यदि मेरा लक्ष्य केवल प्रधानमंत्री पद पर बने रहना, उसके लाभों का आनंद लेना होता, तो मैं इसे केवल एक महीने में हासिल कर सकता था, लेकिन मैं यहां एक ही संकल्प के साथ आया हूं- आपकी सेवा करने का, अपने देश की सेवा करने का। उन्होंने कहा कि यहां तक कि तृणमूल और वाम दलों ने भी उनका विरोध नहीं किया है, क्योंकि यह उनके एजेंडे के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि बंगाल कांग्रेस की धर्म के आधार पर विभाजनकारी राजनीति का उदाहरण है।

### मेरे जीवन का उद्देश्य आपके सपनों को पूरा करना : पीएम

पीएम ने कहा कि मेरे जीवन का उद्देश्य आपके सपनों को पूरा करना है। मैं आप सभी की, हमारे देश के प्रत्येक नागरिक की सेवा करने के लिए यहां हूं। आपके बच्चे सिर्फ आपका भविष्य नहीं हैं, वे हमारे देश का भविष्य हैं और मैं आपके साथ मिलकर उस भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

# बिहार के 458 मदरसों की जांच कराएगा शिक्षा विभाग

## जिला शिक्षा अधिकारियों को एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट देने का आदेश

निज संवाददाता | पटना



शिक्षा विभाग ने 458 मदरसों की जांच करने का आदेश अफसरों को दिया है। शिक्षा विभाग ने एक सप्ताह के अंदर संबंहधत मदरसों की जांच रिपोर्ट भी मांगी है। जांच में संबंधित मदरसों के आधारभूत संरचना, शिक्षकों व कर्मचारियों की संख्या, उनकी योग्यता, बच्चों की संख्या और आंतरिक अंकेक्षण को देखा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद विभागीय स्तर पर उसकी समीक्षा होगी। इसके बाद संबंधित मदरसों की मान्यता खत्म करने को लेकर फैसला होगा। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के माध्यम से संबंधित मदरसों की जांच कराने को कहा गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किया गया है। मदरसा बोर्ड ने अपने पदाधिकारियों को जांच में सहयोग करने हेतु जिम्मेवारी दी है। दिलशाद मुस्तकीम को पूर्वी चंपारण, गोपालगंज एवं सीवान, रेयाजुद्दीन को मधुबनी, मसरूर आलम को दरभंगा, वसीम अकरम को भागलपुर, बांका एवं खगड़िया, शाहबाज अहमद को अररिया, सुपौल, मधेपुरा एवं सहरसा, मो.खुर्शीद आलम को गया एवं नालंदा, मेराज आलम को भोजपुर, बक्सर एवं कैमूर, परवेज आलम को कटिहार एवं किशनगंज तथा वीरू कुमार को सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले की जिम्मेवारी दी गयी है।

### क्या है उच्च न्यायालय का आदेश?

यहा बता दें कि अलाउद्दीन बिस्मिल बनाम बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड एवं अन्य संबंधी याचिका पर सुनवाई के बाद पटना उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में शिक्षा विभाग ने नौ फरवरी, 2023 को बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड से संबद्ध गैरअनुदानित 2459 कोटि के 1646 मदरसों की जांच कराने को कहा था।

## पांच मई को पटना में 68 केंद्रों पर होगी नीट यूजी की परीक्षा

पटना(नि.सं.)। नीट यूजी पांच मई को है। इसके लिए राज्य के 35 जिलों में सेंटर बनाये गये हैं। इनमें राज्य से 1.39 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं, पटना में 68 सेंटर बनाये गये हैं। पटना जिलों को दो जोन में बांटा गया है। एनटीए ने नीट यूजी-2024 एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। एडमिड कार्ड में जारी निर्देश का पालन करना है। परीक्षार्थियों को फोटो (जैसा आवेदन पत्र में अपलोड किया गया) चिपकाना है। प्रवेश पत्र का कलर या ब्लैक एंड वाइट में प्रिंट आउट ले सकते हैं।

# चौथे चरण में 96 सीटों पर 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

एजेंसी | नयी दिल्ली




लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमायेंगे। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस चरण में आन्ध्र प्रदेश की 25, बिहार की 5,जम्मू कश्मीर की एक, झारखंड की 4, मध्य प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 11, ओडिशा की 4, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए चुनाव होगा।

नामांकन की अंतिम तारीख 25 अप्रैल तक कुल 4264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1970 नामांकन पत्र वैध पाए गए। तेलंगाना की 17 सीटों के लिए 525, आंध्र प्रदेश की 25 सीटों के लिए 454, महाराष्ट्र की 11 सीटों के लिए 298 और उत्तर प्रदेश की 13 सीटों के लिए 130 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जम्मू कश्मीर की एक सीट के लिए ही 24 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

तेलंगाना में सभी 17 संसदीय सीटों के लिए सबसे अधिक 1488 नामांकन पत्र भरे गए। इसके बाद आंध्र प्रदेश में सभी 25 संसदीय क्षेत्रों से 1103 नामांकन फॉर्म भरे गए। तेलंगाना के संसदीय क्षेत्र 7-मलकजगिरि में सबसे अधिक 177 नामांकन पत्र दायर किये गये। वहीं तेलंगाना में ही संसदीय क्षेत्र 13-नलगोंडा और 14-भोंगीर में 114-114 नामांकन पत्र दायर किये गए। चौथे चरण में संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है।

# सरकारी क्वार्टर में रहना हुआ महंगा, सरकार ने तय की राशि, 839 से लेकर 3768 रुपए वसूले जाएंगे

निज संवाददाता | पटना



बिहार में सरकारी सेवकों को सरकारी क्वार्टर में रहना महंगा पड़ेगा। अब मेंटेनेंस चार्ज के साथ-साथ अन्य मासिक किराया देना होगा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में ये फैसला लिया गया है। मेंटेनेंस चार्ज के तौर पर 839 से लेकर 3768 रुपए वसूले जाएंगे। हाउस अलाउंस के अलावा वेतन से इस राशि की कटौती की जाएगी। राजधानी पटना में बेसिक सैलरी का 16 फीसदी हाउस अलाउंस के रूप में दिया जाता है। जानकारी के मुताबिक अल्फा, बीटा और गामा ब्लॉक शास्त्री नगर में बनाया गया है, जबकि ई टू ए ब्लॉक गर्दनीबाग इलाके में है। ऑफिसर्स ग्रेड के लिए कुल 752 क्वार्टर बनाए गए हैं। सबसे बड़ा टाइप 'ई' क्वार्टर है। जिसमें कुल 96 क्वार्टर है। यह 2150 वर्ग फीट में फैला है। 'डी' टाइप के क्वार्टर का क्षेत्रफल 1560 स्क्वायर फीट है। इसकी संख्या 256 है। 'सी' टाइप क्वार्टर की संख्या 400 है। यह 1100 स्क्वायर फीट में फैला हुआ है। वहीं, अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए कुल 752 आवास बनाए गए हैं। नॉन गजेटेड टाइप के सरकारी आवास का क्षेत्रफल 925 स्क्वायर फीट है।

### ब्लॉक वाइज मेंटेनेंस और मासिक किराया का निर्धारण

अल्फा ब्लॉक- 3768 रुपए, बीटा और गामा ब्लॉक- 3045 रुपए, ई टाइप आवास- 3010 रुपए, डी टाइप आवास- 2184 रुपए, सी टाइप आवास- 1540 रुपए, बी टाइप आवास- 1074 रुपए, ए टाइप आवास- 839 रुपए

### किसे क्या मिलेगा

अल्फा-बीटा और गामा ब्लॉक सचिव, प्रधान सचिव और उनके समकक्ष अफसरों को आवंटित किया जाएगा। 'ए' टाइप आवास में नवनियुक्त आईएएस और आईपीएस अफसर रहेंगे। 'ई' और 'डी' टाइप के सरकारी आवास में बिहार प्रशासनिक सेवा और इनके समकक्ष सेवाओं वाले अधिकारी रहेंगे। 'सी' टाइप आवास में सेक्शन ऑफिसर और उनके समकक्ष सरकारी सेवक रहेंगे। 'बी' टाइप के सरकारी आवास में सचिवालय सहायक, क्लर्क जैसे पदों पर नियुक्त सरकारी सेवक रह सकेंगे। 'ए' टाइप आवास में ग्रुप डी कैटेगरी के कर्मी को आवंटन किया जाएगा।

# बिहार में जमीन की ई-मापी कराना होगा आसान

- राजस्व कर्मचारी की एक भूमिका को किया गया खत्म

निज संवाददाता | पटना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने ई मापी में राजस्व कर्मचारी के प्रतिवेदन की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। विभाग के अपर सचिव अरुण कुमार सिंह ने इस संबंध में एक पत्र जारी किया है।

जिलाधिकारियों को संबोधित इस पत्र में कहा गया है कि मापी के लिए राजस्व कर्मचारी के प्रतिवेदन की आवश्यकता नहीं है। पत्र के साथ ई मापी आवेदन का एक प्रारूप भी शामिल किया गया है। यह शपथ पत्र है, जिसे ई मापी कराने को इच्छुक रैयत जमा कराएंगे। दो बिंदुओं पर रैयत शपथ पूर्वक कहेंगे कि जिस जमीन की मापी के लिए वे आवेदन कर रहे हैं, उस पर उनका स्वामित्व है। जमीन से जुड़ा कोई विवाद किसी न्यायालय में लंबित नहीं है। अगर मामले लंबित हैं और न्यायालय ने मापी का आदेश दिया है तो रैयत आदेश की प्रति आवेदन के साथ संलग्न करेंगे।

शपथ पत्र में रैयत को यह भी लिखना है कि अगर भविष्य में उनके दावे गलत पाए गए तो वह कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार हैं। पत्र के अनुसार पिछले दिनों ई मापी की समीक्षा में पाया गया कि राजस्व कर्मचारी के प्रतिवेदन में देरी के कारण ढेर सारे मामले लंबित हैं। इसलिए राजस्व कर्मचारी के प्रतिवेदन के बदले रैयत के शपथ पत्र के आधार पर जमीन की मापी कराने का निर्णय विभाग ने लिया है। उसके बाद मापी की तिथि निर्धारित कर इसे पूरा करेंगे।

### 30 दिन के भीतर निबटारे का आदेश

विभाग ने जमीन मापी के किसी आवेदन का अधिकतम 30 दिनों में निबटारे का आदेश पहले ही जारी कर दिया है। अंचलाधिकारियों को कहा गया है कि वह रैयत के शपथ पत्र के आधार पर मापी का निर्णय लें। आवेदन को स्वीकृत करने के बाद अंचलाधिकारी संबंधित रैयत को मापी शुल्क जमा करने के लिए कहेंगे।

# नरेन्द्र मोदी ने की आयुष मंत्रालय की स्थापना



निज संवाददाता | पटना

जन आशीर्वाद अभियान के अन्तर्गत भाजपा आयुष विभाग के चिकित्सकों की बैठक आईएमए हॉल, पटना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम एवं प्रदेश आयुष विभाग के संयोजक डा. अजय प्रकाश ने बताया कि आयुष के अन्तर्गत आने वाली चिकित्सा पद्धति हानिरहित प्राकृतिक रूप से निरोगता प्रदान करती है। आयुर्वेद ही विश्व में स्वास्थ्य व्यवस्था की जननी है। एक्युप्रेशर, योग, प्राकृतिक चिकित्सा के साथ ही होमियोपैथी, युनानी भी स्वस्थ जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण ज्ञान है। डा. अजय प्रकाश ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही आयुष मंत्रालय की स्थापना कर इसके विकास को बल प्रदान किया। उन्हीं के नेतृत्त्व में योग अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित हुआ। कोरोना काल में भी आयुर्वेद काढ़ा बहुत प्रभावी रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अच्छी सुझबुझ रखते है, इसलिए सभी आयुष चिकित्सक मोदी जी के साथ है तथा डोर टू डोर स्तर पर जनसम्पर्क सम्पूर्ण बिहार में कर रहें है।

कार्यक्रम का उद्घाटन पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद जी ने दीप प्रज्जवलित कर किया, मुख्यअतिथि सांसद रामकृपाल यादव रहे। स्वागतगान की प्रस्तुति शाम्भवी प्रकाश ने की, अध्यक्षता डा. अजय प्रकाश, मंच संचालन डा. पंकज पाण्डेय तथा धन्यवाद ज्ञापन डा. अन्जनेयम ने किया। इस अवसर पर साहित्य भारती प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक परिवर्तन के नायक नरेन्द्र मोदी' का लोकर्पण किया गया, जो जनमानस के बीच निःशुल्क वितरित किया जायेगा।

कार्यक्रम को डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, डा. एचपी सिंह ने संबोधित किया तथा मनीष कुमार, डा. अंशु तिवारी, डा. अनिता सिन्हा, गौरव अग्रवाल, सर्व प्रकाश, डा. एसके पोद्दार, डा. राजकिरण, विकास मौड़ीवाल, प्रियंका रॉय, डा. वीणा प्रकाश, परमानन्द, डा. सुनिल कुमार सुमन आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## एससी ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार करने को तैयार



**नई दिल्ली (ए.)।** दिल्ली शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार 3 मई को दो घंटे बहस हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार किया जा सकता है, ताकि वे कैंपेन में हिस्सा ले सकें। बेंच ने कहा कि मेन केस यानी जिसमें केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है, इसमें समय लग सकता है। इसलिए चुनाव को देखते हुए हम उनकी अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई पर विचार कर सकते हैं। 7 मई को इस पर सुनवाई करेंगे। इससे पहले केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि 16 मार्च तक वे (दिल्ली के सीएम) आरोपी नहीं थे।

# लर्निंग लाइसेंस : अक्टूबर से घर बैठे ऑनलाइन आवेदन और टेस्ट

**निज संवाददाता | पटना**



राज्य के लोगों को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अक्टूबर से ऑनलाइन टेस्ट देने की सुविधा मिलेगी। घर बैठे कंप्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल पर टेस्ट दे सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन करने, आवश्यक दस्तावेज की स्वप्रमाणित प्रति अपलोड करने और ऑनलाइन फीस जमा करने के बाद एम परिवहन और परिवहन विभाग की वेबसाइट पर टेस्ट के लिए लिंक दिया जाएगा। लिंक पर क्लिक करते ही टेस्ट की प्रक्रिया शुरू होगी। टेस्ट में 15 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक के लिए 4 विकल्प रहेंगे। उत्तीर्ण होने के लिए नौ सवाल का जवाब सही होना जरूरी होगा। टेस्ट देते समय किसी की आवाज नहीं आनी चाहिए और स्क्रीन पर कोई अन्य व्यक्ति नहीं दिखना चाहिए। अन्य व्यक्ति के दिखाई देने पर नकल मानकर आवेदन निरस्त होगा। फीस वापस नहीं होगी। ऑनलाइन परीक्षा में पास होने पर लर्निंग लाइसेंस जारी हो जाएगा। इसका लिंक मोबाइल पर भेजा जाएगा। इसके माध्यम से आवेदक लाइसेंस डाउनलोड कर प्रिंट निकाल सकेगा। अभी स्लॉट बुक करने के बाद डीटीओ कार्यालय में जाकर कंप्यूटर पर टेस्ट देना होता है। स्लॉट पर दिए गए समय के अनुसार पहुंचना होता है।

BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY

Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

डॉ. अजय प्रकाश सचिव | Apply Online : www.bayc.in | डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### निलंबन मुक्त किए गए डीपीओ असगर आलम

**गया।** शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, योजना व लेखा, गया असगर आलम खां को निलंबन से मुक्त कर दिया गया है। इस बाबत निदेशक (प्रशासन) सह अपर सचिव शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए हैं। सीएफएमएस के माध्यम से उपलब्ध कराई गई 22.88 करोड़ की राशि में से मात्र 1.58 करोड़ व्यय करने, फर्नीचर मद व आधारभूत संरचना निर्माण मद में उपलब्ध कराई राशि का व्यय संतोषजनक नहीं रहने, सक्षम प्राधिकार से पूर्वानुमति प्राप्त किए बिना मुख्यालय छोड़ने व कर्तव्य के प्रति लापरवाही इत्यादि आरोप में इन्हें 21 मार्च को निलंबित किया गया था। निलंबन अवधि में श्री खां का मुख्यालय आरडीडीई ऑफिस मगध प्रमंडल, गया कार्यालय में निर्धारित था। विभागीय पत्र के आलोक ने आरडीडीई ने श्री खां को अपने मूल पद पर योगदान करने के लिए विरमित कर दिया है।

### जलते गैस चूल्हा पर गिरे मजदूर की झुलसकर मौत

**करायपरसुराय।** थाना क्षेत्र के डियावां चौक के पास बुधवार को जलते गैस चूल्हा पर मिठाई बनाने वाला मजदूर गिर गया। जिससे झुलसकर उसकी मौत हो गई। मृतक डियावां निवासी 50 वर्षीय अनिल राम हैं। परिवार ने बताया कि अधेड़ बसंत राम की दुकान में मिठाई बनाने काम करते थे। समीप की दुकान में पैर फिसलने से वह जलते गैस चूल्हा पर गिर गए। गिरने से गैस की पाइप निकल गया।

### दूसरी पुण्यतिथि पर याद किये गये स्व. जगदीश शर्मा

**बिहारशरीफ।** शहर के आशानगर के सूर्य मंदिर के समीप बुधवार को अखिल भारतीय नाई संघ (ट्रेड यूनियन) के पूर्व कोषाध्यक्ष स्व. जगदीश शर्मा की दूसरी पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर उपस्थित नाई संघ के सदस्यों ने स्व. शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में संघ के जिला संयोजक राकेश बिहारी शर्मा ने कहा कि दिवंगत जगदीश शर्मा मृदुभाषी एवं स्वच्छ व्यक्तित्व के धनी थे। वे सदैव समाज को एक सूत्र में जोड़ने का काम करते रहे। जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने कहा कि संघ उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा करने का प्रयास कर रहा है। इस मौके पर सरदार वीर सिंह, सुबोध कुमार, राजेश कुमार शर्मा, सुधीर कुमार, राम प्रवेश ठाकुर, पप्पु कुमार चंद्रभूषण, शशि भूषण, परणित भूषण, आशा देवी, कंचन देवी थी।

### कुख्यात राजू मियां को 5 साथियों के साथ बथानी के नटसेर गांव से पुलिस ने दबोचा

**नीमचक बथानी।** बथानी थाना क्षेत्र के नटेसर गांव से पुलिस ने कुख्यात राजू मियां उर्फ राजू खान को पुलिस ने उसके पांच साथियों के साथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार की रात एसआईटी ने ये कार्रवाई की है। उसके बाद राजू मियां की निशानदेही पर पुलिस ने दो राइफल व कारतूस बरामद किए हैं। 29 अप्रैल को राजू मियां अपने साथियों के साथ नटेसर गांव में मो. नौशाद के पुत्र दाऊद की शादी में आया था। सभी लोगों ने शादी में राइफल और देसी कट्टा लहराने के साथ-साथ हर्ष फायरिंग भी की थी। जिसका वीडियो किसी ने बना लिया था और 30 अप्रैल को बथानी थानाध्यक्ष के पास भेज दिया। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और फिर सभी को सोए अवस्था में घेर कर पकड़ लिया। राजू मियां पर बथानी और नालंदा जिले के राजगीर थाना में कई मामला दर्ज है। नीमचकबथानी के एसडीपीओ प्रकाश कुमार ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय पुलिस को मोबाइल पर मिले वीडियो फुटेज की जांच कर उसकी जानकारी जिले के अधिकारियों को दी गई। फिर वरीय अधिकारियों से प्राप्त निर्देश पर इस घटना में शामिल व्यक्तियों को पकड़ने के लिए बथानी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। नटेसर गांव के मो. दिलशाद के घर सोए थे सभी अपराधी एसआईटी को भनक लगी कि राजू मियां अपने सहयोगियों के साथ नटेसर गांव में ही मो. दिलशाद के घर में सोया हुआ है। पुलिस नटेसर गांव पहुंचकर मो. दिलसाद के घर को घेर लिया। और राजू मियां व अन्य अपराधियों को पुलिस ने पकड़ लिया। इस दौरान एक लोडेड कट्टा और दो गोली बरामद किया। राजू मियां की निशानदेही पर गुरेज खान के घर में बक्से से .315 बोर के दो राइफल और चार गोलियां बरामद किया गया। चार अन्य नामजद को तलाश रही पुलिस इस घटना में पुलिस ने राजू मियां के साथ नटेसर गांव के मो. दिलशाद, मो. नॉलेज, मो. अब्दुल, मो. परवेज आलम और इस्लामपुर मौलनचक के मो. आबिद को भी गिरफ्तार किया है। इस घटना के बाद पुलिस ने बथानी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है और जांच को आगे बढ़ाया गया है। इस प्राथमिकी में चार अन्य नामजद है जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

### नालंदा में निलंबित टैक्स दारोगा नगर परिषद के खाते से ट्रांसफर करवा रहा था पैसे, FIR दर्ज

**नालंदा।** राजगीर नगर परिषद के निलंबित टैक्स दारोगा प्रमोद कुमार नगर परिषद के खाते से 14 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा रहा था। बैंक प्रबंधक की सूझ-बूझ से जनता की गाढ़ी कमाई बच गयी। मामला उजागर होते ही वह बैंक से भाग निकला।



एक सप्ताह पहले ही उसे कोर्ट से जमानत मिली थी। एक सप्ताह बाद ही 14 लाख रुपए जालसाजी का प्रयास कर रहा था। सूचना मिलते ही नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने बैंक खाते को फ्रीज करवा दिया है। वहीं उसके खिलाफ थाने में FIR करायी गयी है। तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी के आदेश से उसे पहले ही सभी कार्यभार से मुक्त कर दिया गया था। राजगीर के पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक मदन कुमार ने बताया कि नगर परिषद के नाजिर के खाते से 14 लाख रुपए निजी खाते में ट्रांसफर करने का चेक मिला। मामला संदिग्ध लगा। उन्होंने तुरंत कार्यपालक पदाधिकारी को सूचना दी। पदाधिकारी ने ऐसे किसी भी चेक की जानकारी से इनकार किया। मामले का खुलासा होते देख वह बैंक से भाग निकला। कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि वह निलंबित है। उसके काम पर भी रोक लगी हुई है, जिस खाते से रुपये निकाले जा रहे थे, उसका चेकबुक और अन्य दस्तावेज उसके पास ही रखा हुए है। बैंक खाते को फ्रीज करवा दिया गया है। न्यायिक कार्रवाई के लिए प्राथमिकी करायी गयी है। प्रमोद कुमार पर पहले से ही वित्तीय लेन-देन में जालसाजी का मामला दर्ज है। तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रशिक्षु IAS दिव्या शक्ति के फर्जी हस्ताक्षर से कैशबुक और रोकड़ बही में जालसाजी की गयी थी। उपयोग किए गए राशि को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया था। मामले का खुलासा होने पर फरवरी माह में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। उसपर दस्तावेजों में छेड़छाड़, लेन-देन में जालसाजी, अवैध निकासी के आरोप हैं।

### 50 हजार रुपए का इनामी अपराधी गिरफ्तार, गया पुलिस ने महाराष्ट्र से दबोचा, लंबे समय से चल रहा था फरार

**गया।** गया जिला पुलिस ने टॉप 10 अपराधियों की लिस्ट में शुमार 50 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ एसी से लदे ट्रक लूटने और ट्रक के ड्राइवर को चाकू मार कर बुरी तरह से जख्मी करने का केस चाकन्द थाना में दर्ज था। इस मामले में पुलिस अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन पकड़ा गया विशाल कुमार बीते 1 वर्ष से लगातार फरार ही चल रहा था। फरार आरोपी का लोकेशन सही सही नहीं मिल पा रहा था। इस बात की जानकारी एसएसपी आशीष भारती ने दी है। एसपी ने बताया कि बीते वर्ष ऐसी से लदे ट्रक लूट कांड मामले के खुलासा के लिए एसआईटी गठित की गई थी। इस मामले में सम्मिलित 4 आरोपियों को पुलिस पूर्व में पकड़ कर जेल भेज चुकी है। लेकिन पांचवा आरोपी विशाल कुमार लगातार फरार चल रहा था। उसके खिलाफ 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। लेकिन एसआईटी विशाल कुमार को पकड़ने के लिए लगी हुई थी। छानबीन के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि विशाल कुमार नागपुर के कटोंधा थाना क्षेत्र में शरण लिए हुए है। इस पर चाकन्द पुलिस ने आरोपी को नागपुर से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ सिविल लाइंस थाना में मोबाइल लूट एक केस दर्ज है। विशाल कुमार मूल रूप से सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के जनकपुर देवी स्थान का रहने वाला है।

# दूर-दराज खलिहान से पानी लाकर बुझा रहे प्यास

## नालंदा के नीमाकॉल गांव में 6 महीने से नल जल योजना बाधित, पानी की समस्या से जूझ रहे 100 परिवार

निज संवाददाता। नालंदा

कभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने पढ़ाई को लेकर अर्जी लगाने वाला सोनू खूब वायरल हुआ था। वह नालंदा के हरनौत प्रखंड के नीमा कॉल गांव का रहने वाला था। अब इसी गांव में पानी को लेकर समस्या आन खड़ी हुई है। ग्रामीण पिछले 6 महीने से पानी को लेकर दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं।

**कनेक्शन मिला लेकिन पानी नहीं:** गांव की महिलाओं ने बताया कि नल जल योजना को लेकर गांव में घर-घर कनेक्शन तो दे दिया गया है। लेकिन पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई है। इसकी शिकायत प्रखंड से लेकर जिला के पदाधिकारी से की गई है। बावजूद अब तक इसका समाधान नहीं हो सका है। भीषण गर्मी में गले को तर करने के लिए दूर-दराज से पानी लेकर खुद की प्यास बुझाने की जद्दोजहद में सारा दिन निकल जाता है।

**खेतों में लगे ट्यूबवेल से लाते हैं पानी:** नीमाकॉल की रहने वाली मंजू देवी बताती है कि खेत में पटवन के लिए जब बोरिंग चालू होती है तो ग्रामीण बाल्टी, तशला लेकर दौड़ पड़ते हैं। बच्चे-बड़े सभी



पानी लाने के काम मे जुट जाते हैं। गांव में आज ही मूलभूत सुविधाओं का अभाव है।

**100 घरों की आबादी बिन पानी परेशान:** सरथा पंचायत के नीमा कॉल गांव के वार्ड संख्या 2 में करीब 100 घर की आबादी पानी की समस्या से जूझ रही है। लोग खुद तो पानी की समस्या से परेशान हो रहे हैं वहीं अपने मवेशियों को पानी पिलाने के लिए भी काफी जद्दोजहद कर रहे हैं। 40 डिग्री के तापमान में पूरा दिन ग्रामीणों को पानी एकत्र करने में ही चला जा रहा है।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार:** हरनौत प्रखण्ड के पीएचडी के



कनीय अभियंता उमेश प्रसाद ने बताया कि 2 साल पूर्व सरथा पंचायत का नीमाकॉल गांव चंडी प्रखंड में आता था। परिसीमन के बाद अब हरनौत प्रखंड में आ गया है। लेकिन कई सारे विभागों का काम अब भी चंडी प्रखंड से ही गांव में किया जा रहा है। जिसके कारण तकनीकी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## मिर्चायगंज में पानी की किल्लत, नल-जल का पाइप बिछा लेकिन कनेक्शन ही नहीं

**नालंदा।** नालंदा के नूरसराय प्रखंड अंतर्गत मामूराबाद पंचायत के मिर्चायगंज गांव में डेढ़ सौ घरों की आबादी जल संकट से जूझ रही है। पानी के लिए गांव में हाहाकार मचा हुआ है। जिनकी सूद लेने वाला कोई नहीं है। नल जल के लिए गांव में पाइप तो बिछा दी गई है लेकिन घरों में कनेक्शन नहीं दिया गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। गांव के लोगों को पानी के लिए बगल गांव के निजी बोरिंग का सहारा लेना पड़ रहा है। गांव में एक चापाकल भी लगी थी, लेकिन पानी का लेयर नीचे जाने के कारण वह भी फेल हो चुका है। लोगों को अपने नित्य क्रिया के लिए भी परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है।

**'समाधान नहीं, तो वोट नहीं':** पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि गांव में बोरिंग कराया जाए ताकि उन लोगों की समस्या दूर हो सके। छोटे बच्चों से लेकर घर की महिलाएं,बड़े,बुजुर्ग पानी जमा करने में ही लगे रहते हैं। मवेशियों को भी अब रखना चुनौती बन रही है। अगर हम लोगों की पानी की समस्या दूर नहीं हुई तो हम लोग वोट नहीं करेंगे। इस मौके पर राहुल कुमार, रविंद्र पासवान, बालक यादव, आनंद साव, सुबोध राम, दीपक कुमार, नंदू पंडित, महेंद्र पंडित, मिथिलेश पंडित, शिव पासवान, धर्मेंद्र



मिस्त्री, नरेश पासवान, रावण यादव, साधु यादव, धर्मेंद्र राम, वीरेंद्र राम, धर्मेंद्र यादव, विजय पासवान, विनय पासवान, रंजय यादव समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।


**जल्द होगा समाधान:** JE:- पीचईडी के कनीय अभियंता नीरज कुमार शर्मा ने बताया की पानी का पाइप प्रॉपर तरीके से नहीं बिछाए जाने के कारण ऊंचे स्थान वाले घरों में नहीं पहुंच पा रहा ग्रामीणों के द्वारा बिछाए गए पाइप को बीच में ही जगह-जगह काट दिया गया है। जिसके कारण पानी का फ्लो सभी घरों में नहीं पहुंच रहा है। जल्द ही इन समस्याओं को दूर कर लिया जाएगा।

# नालंदा में ताला तोड़ दुकान में चोरी, चार पहिया से आए थे बदमाश पहले किराना दुकान

## इसके बाद रेडीमेड दुकान को बनाया निशाना, सीसीटीवी में घटना कैद

निज संवाददाता। नालंदा

राजगीर मेंगुरुवार की रात बदमाशों के ने दो दुकानों के ताले तोड़कर नगदी समेत कीमती सामानों की चोरी कर ली गई है। चोरी की घटना राजगीर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजगीर-छबीलापुर मुख्य मार्ग स्थित सोनी किराना दुकान में हुई है। वहीं स्टेशन मोड़ के समीप स्टाइल वर्ल्ड रेडीमेड दुकान में चोरी करने का प्रयास किया गया है। स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। बदमाशों की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। जिसमें स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि चार पहिया वाहन से आए बदमाशों के द्वारा किस प्रकार चोरी की घटना




को अंजाम दिया जा रहा है। खुद की पहचान छिपाने के लिए बदमाशों ने अपने चेहरे को भी रुमाल और नकाब से ढका हुआ है। सोनी किराना दुकान का ताला तोड़कर बदमाशों ने करीब डेढ़ लाख नगद एवं अन्य कीमती सामानों को चुरा लिया। वहीं स्टेशन मोड़ के समीप स्टाइल वर्ल्ड रेडीमेड दुकान में बदमाश ताला तोड़ने में सफल रहे, लेकिन घर के लोगों के जागने के बाद मौके से फरार हो गए। दोनों ही घटना मुख्य मार्ग पर ही हुई है। इसकी वजह से कारोबारियों में आक्रोश है। बदमाशों ने बारी-बारी से चार पहिया वाहन पर सवार होकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इस बीच पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। वहीं इस मामले में राजगीर थाना अध्यक्ष चंद्रभानु ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। किराना दुकान में चोरी की घटना हुई है। एक अन्य दुकान में बदमाशों के द्वारा ताला तोड़ा गया है। सीसीटीवी में उनकी हरकतें कैद हुई है। फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान स्थापित की जा रही है। जल्द ही उन्हें पकड़कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट

## जहानाबाद में होने वाले चुनाव को लेकर गया के एसएसपी ने कर्मियों को दिया दिशा निर्देश

निज संवाददाता। गया

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के तहत एक जून को जहानाबाद में होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए जिला पुलिस ने अपनी ताकत झोंक दी है। एसएसपी आशीष भारती गया जिला के तहत आने वाले अतरी विधान सभा जो जहानाबाद लोकसभा के तहत आता है वहां अपनी पुलिस को हर मोर्चे पर सक्रिय करने जुट गए हैं। एसएसपी ने गुरुवार की देर रात अतरी विधानसभा के तहत आनेवाले नीमचक बथानी थाना का न केवल निरीक्षण किया बल्कि अपने पुलिस कर्मियों के साथ चुनाव को शांति पूर्ण कराने को लेकर दिशा निर्देश दिया। एसएसपी ने कहा कि अब 1 जून को पुलिस की अंतिम परीक्षा है। यही उसकी साख को बल प्रदान करेगा। लिहाज लगातार वाहन चेकिंग, शराब



धंधेबाजों की धरपकड़, पेट्रोलिंग और समय समय पर इलाके में मार्च अनिवार्य रूप से करें। ताकि आम जनता में चुनाव को लेकर किसी प्रकार का कोई भय न हो। गौरतलब है कि 1 जून को जहानाबाद के तहत आने वाले गया जिले के अतरी विधानसभा में 338 बूथों पर मतदान होने हैं। जिसमें खिजरसराय में 126, नीमचक बथानी में 69, अतरी में 66 एवं मोहरा में 77 बूथ हैं।

# मृत मतदान कर्मी के परिजनों को मिला मुआवजा

निज संवाददाता। गया

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 का मतदान करा कर घर को लौट रहे मतदान कर्मी की हुई मौत मामले में चुनाव आयोग ने मृतक आश्रित को 15 लाख रुपए दिए हैं। 15 लाख रुपए का चेक मृतक की पत्नी को दिए गए हैं।गौरतलब है कि औरंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत गया के लोकसभा के 225-गुरुआ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या-07- मध्य विद्यालय कनौसी बलखोरा (द०भाग) पर मतदान सम्पन्न कराने के लिए शिक्षक शालंकी को मतदान पदाधिकारी-1 के रूप में जिम्मेदारी दी गई थी। शालंकी द्वारा 19 अप्रैल को चुनाव सम्पन्न कराने के बाद घर वापस लौटने के दौरान सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

20 अप्रैल को डॉक्टर द्वारा शालंकी को मृत घोषित किया गया था।इस मामले में शिक्षक शालंकी के आश्रित को 15 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान की राशि स्वीकृत करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार को अनुशंसा भेजा गया था। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी, गया की अनुशंसा के पर चीफ इलेक्शन अफ़सर बिहार द्वारा 15 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान की राशि शालंकी के आश्रित रंजना दुबे को भुगतान के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।

# बिहार शरीफ में हुए फायरिंग मामले में छह नामजद, नई सड़क से गुजरने के मामले में हुई थी कहासुनी

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार शरीफ के वार्ड नंबर 24 काशी तकिया मोहल्ले में गुरुवार को दिनदहाड़े मामूली विवाद में हुई फायरिंग और मारपीट के मामले में कुल 6 लोगों को नामजद एवं अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध लहेरी थाना में मामला दर्ज कराया गया। काशी तकिया निवासी मोहम्मद अरशद के द्वारा मो.शाहनवाज, अजीत गोप, वीरू गोप, क्रांति, निशु समेत अन्य अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें उसने आरोप लगाया है कि नई पीसीसी ढलाई पर जब बाइक सवार मोहम्मद शाहनवाज को जाने से रोका गया तो वह गाली गलौज करने लगा। इसके बाद अपने साथियों को बुलाकर फायरिंग की एवं



उसके साथ मारपीट की गई। जिसके कारण उसे गंभीर चोट आई है।

**CCTV फुटेज खंगाल रही है पुलिस:** दरअसल नगर निगम के द्वारा काशी तकिया मोहल्ले में पीसीसी ढलाई एवं नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। मोहल्ले की गलियों में बाइकों के आने जाने पर पाबंदी लगी है। इसी बीच शाहनवाज अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर गुजर रहा था। जब मोहल्ले वालों ने मना किया तो वह गाली गलौज एवं मारपीट करने लगा। अपने अन्य साथियों को बुलाकर मोहल्ले में फायरिंग कर दी। जिससे गलियों में भगदड़ मच गई। सभी अपनी जान बचाने के लिए घरों के अंदर दुबक गए। मौके पर पहुंची पुलिस को एक जिंदा कारतूस एवं खोखा भी बरामद हुआ है। लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है। वहीं अन्य आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

# नालंदा में संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत, मायके वाले बोले- जेवर के लिए ससुरालवालों ने की हत्या, पिछले साल ही हुई थी शादी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में गुरुवार को संदिग्ध स्थिति में एक महिला की मौत हो गई। मामला नालंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलसीबीघा गांव का है। मृतका की पहचान सारे थाना क्षेत्र के गिलानी गांव निवासी सन्नी पासवान की (18) वर्षीया पत्नी गौरी देवी के रूप में की गई है। वह पिछले 5 दिनों से अपनी ननद के यहां तुलसी बीघा गांव में रह रही थी। मायके वाले जेवर की खातिर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मानपुर थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव निवासी मृतका के पिता विजेंद्र पासवान ने बताया की शादी के बाद से ही जेवरात के लिए उनकी बेटी पर ससुराली परिवार के द्वारा दबाव बनाया जा रहा था। 5 दिन पहले जानबूझकर उनकी बेटी को उसकी ननद अपने घर लेकर



चली गई। गुरुवार को फोन कर बताया गया कि उनकी बेटी की तबीयत खराब है। उसे इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज ले जा रहे हैं इस पर उन लोगों ने कहा कि पावापुरी नहीं बल्कि उनकी बेटी को बिहार शरीफ इलाज के लिए लाया जाए। थोड़ी देर बाद फिर फोन आता है और बताया जाता है कि गौरी की मौत हो गई है।

**पिछले साल हुई थी शादी:** इसके बाद वे लोग घटनास्थल पर पहुंचते हैं जहां देखते है कि शव को ठिकाने लगाने के प्रयास किया जा रहा था। इसके बाद तत्काल इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी जाती है। मायके वालों का आरोप है कि गौरी की जेवर के खातिर हत्या कर दी गई है। पिछले साल अक्टूबर महीने में ही गौरी की शादी हुई थी। वहीं इस मामले में नालंदा थाना अध्यक्ष निशि कुमार ने बताया कि बाजार जाने के दौरान लू लगने से मौत की बात ससुराल वाले के द्वारा बताया जा रहा है। महिला के शरीर पर कहीं जख्म या चोट के निशान नहीं है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। परिजनों के द्वारा आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मेड ने पति-जीजा के साथ मिलकर की रेलकर्मी की हत्या

निज संवाददाता। गया

गया में रेल कर्मी संजय कुमार सिन्हा (52) की लाश उनके सरकारी आवास से पुलिस ने 28 अप्रैल को बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें रेलकर्मी के मेड और उसका पति और जीजा है। SSP आशीष भारती ने बताया कि गिरफ्तार की गई महिला संजय की मेड थी। उसी ने पति और अपने मुंह बोले जीजा के साथ मिलकर रेलकर्मी की गला रेत कर हत्या की है। हत्या के बाद रेलवे क्वार्टर के अंदर बने हौज में रख दिया था। इसके साथ ही नमक रखकर शव को कंबल से ढंक दिया था। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार सभी आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। SSP आशीष भारती ने बताया कि शव बरामद किए जाने के बाद ASP के नेतृत्व में एक SIT गठित की गई थी। घटना के दिन से जांच शुरू कर दी गई। जांच के दौरान कमरे से हत्या से जुड़े साक्ष्य मिले। इसके बाद पता चला कि रेलकर्मी के घर रानी कुमारी नाम की महिला मेड का काम करती है। वह 26 अप्रैल की शाम क्वार्टर पर देखी गई थी। इसके अलावा मेड का पति सोनू उर्फ जाकिर अली भी रेलकर्मी के क्वार्टर आया था। रानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। रानी पहले बार-बार बयान बदल रही थी। जब सख्ती दिखाई गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। रानी की निशानदेही पर उसके पति सोनू उर्फ जाकिर अली और मुंह बोले जीजा संजय कुमार को गिरफ्तार किया।

कई सालों से अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में जहानाबाद मंडल कारा में बंद था कैदी

# अचानक तबीयत बिगड़ने से कैदी की इलाज के दौरान अस्पताल में हुई मौत



निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद में इलाज दौरान एक कैदी की मौत हो गई। बताया जाता है कि काको थाना के सुलमानपुर गांव निवासी रंजीत दास (25) कई सालों से अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में जहानाबाद मंडल कारा में बंद था। उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई जिसके बाद जेल प्रशासन द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन का कहना है कि पत्नी की हत्या के आरोप में रंजीत दास दो वर्षों से जेल में बंद था, लेकिन कई दिनों से इसका तबीयत खराब थी जिसकी सूचना हम लोगों को नहीं दी गई। अचानक जब मौत हुई तो हम लोगों की सूचना दी गई है। परिजनों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना की सूचना जिला प्रशासन को दी गई है। जिला प्रशासन अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। घोसी के विधायक रामबली यादव जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि कुछ दिन पहले रंजीत दास की पत्नी ने आत्महत्या कर ली थी। ससुराल वालों ने युवक पर कांड संख्या 47, 22 दर्ज कराया था। इसी घटना में पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर जेल

## युवक ने जहर खाकर की खुदकुशी

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। सासाराम नगर थाना क्षेत्र के गोपालगंज मोहल्ले में जहर खाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति सासाराम नगर थाना क्षेत्र के गोपालगंज के मुरली सेठ का पुत्र रामदुलार सेठ बताया गया है। बताया कि रामदुलार ने घर में ही रखा जहर खा लिया, परिजनों को जैसे ही जानकारी हुई वो उसे चिकित्सक के पास ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मौत की सूचना में मुरली सेठ के घर में कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा नगर थाना को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर बी के पुष्कर ने बताया कि रामदुलार सेठ की मौत जहर से हुई है। उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने बताया कि डिप्रेशन में आकर व्यक्ति ने जहर खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का अगली कार्रवाई भी जारी है।

## पड़ोसी ने मारा चाकू, युवक-युवती घायल

निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद के नगर थाना क्षेत्र में चाकू मारकर युवक और युवती के घायल होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मोहम्मद गुलफाम अंसारी ने बताया कि वह शेख आलम चक मोहल्ले में रहता है। गुरुवार को उनके घर का एक कपड़ा हवा से उड़कर पड़ोसी के घर में चला गया। जब मम्मी और बहन कपड़ा लाने के लिए गई तो वह कहने लगे कि बार-बार घर पर कपड़ा क्यों चला आता है। जब बहन ने कहा कि हवा तेज होने के कारण आ जाता है। इसमें गुस्सा क्या करना, इतना कहते ही कहा सुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि बहन जिनत परवीन पर चाकू से हमला कर दिया। जब हम बचाने के लिए पहुंचे तो मुझे भी चाकू से मार कर घायल कर दिया। फिलहाल दोनों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं घटना की सूचना नगर थाने को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में कर रही है।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानों की सीमाओं पर लगाए गए साइनेज बोर्ड

आम लोगों की सुविधा के लिए थाने के मोबाइल नंबर एवं ईमेल एड्रेस भी अंकित

- प्राथमिकी के संबंध में आम जनता को थाना के क्षेत्र निर्धारण को लेकर होने वाली समस्या व संशय को देखते हुए सासाराम अनुमंडल अंतर्गत आने वाले कई थाना की सीमाओं पर बोर्ड लगाए गए हैं : एसपी




निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। वैसे तो थाना की सीमाओं का ज्ञान कराने के उद्देश्य से जिले के कई थाना सीमाओं पर पहले से हीं क्षेत्र निर्धारण कर साइनेज बोर्ड लगाए गए हैं लेकिन कुछ ऐसे भी थाने हैं, जिनकी सीमाओं पर कोई बोर्ड नहीं लगाए गए थे और कई बोर्ड क्षतिग्रस्त भी हो गए थे। जिसको देखते हुए रोहतास पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश पर अब सासाराम अनुमंडल के कई थाना सीमाओं पर रिफ्लेक्टर युक्त बोर्ड लगाए जा रहे हैं। जिस पर बड़े-बड़े अक्षरों में थाना के मोबाइल नंबर एवं ईमेल एड्रेस भी अंकित किए गए हैं। ताकि जरूरत पड़ने पर आम लोग मोबाइल नंबर और ईमेल एड्रेस के जरिए अपनी बातों को शीघ्रता से पुलिस तक पहुंचा सके। साथ हीं कोई घटना होने की स्थिति में बोर्ड के माध्यम से संबंधित थाना क्षेत्र का भी आसानी से अंदाजा लगाया जा सकेगा और आम लोग भ्रमित नहीं होंगे। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए एसपी विनीत कुमार ने बताया कि प्राथमिकी के संबंध में आम जनता को थाना के क्षेत्र निर्धारण को लेकर होने वाली समस्या व संशय को देखते हुए सासाराम अनुमंडल अंतर्गत आने वाले कई थाना की सीमाओं पर बोर्ड लगाए गए हैं। रिफ्लेक्टरयुक्त बोर्ड पर संबंधित थाने के फोन नंबर एवं ईमेल एड्रेस वर्णित हैं। जिससे पुलिस गश्ती, यात्री एवं वाहन चालकों को भी काफी मदद मिलेगी। वहीं उन्होंने बताया कि जिले में इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम के आने से भी पुलिस रिस्पॉन्स बेहतर हुआ है। जिसे देखते हुए इआरएसएस का भी विस्तार किया जा रहा है। बता दें कि आबादी, अपराध की संख्या एवं संबंधित थाना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए हीं थाना की सीमाओं का निर्धारण किया जाता है। थाना क्षेत्र की सीमाओं का निर्धारण एवं बोर्ड नहीं होने की स्थिति में कई बार किसी घटना के घटित होने पर पुलिस के साथ-साथ आम लोगों के बीच भी भ्रम की स्थिति बन जाती है। जिससे पुलिस को मामले में हस्तक्षेप करने में काफी विलंब होता है। लेकिन अब थानों के सीमांकन बोर्ड लगने से घटनास्थल के थाना क्षेत्र का आसानी से अंदाजा लगाया जा सकेगा और उस पर अंकित फोन नंबर एवं ईमेल एड्रेस के माध्यम से आम लोगों को पुलिस तक सूचना पहुंचाने में भी मदद मिलेगी।

## गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के प्रबंधन संस्थान में एलुमनी इंटरेक्शन प्रोग्राम का आयोजन

निज संसवाददाता



**जमुहार (रोहतास)**। जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज संकाय में एलुमनी इंटरेक्शन प्रोग्राम का आयोजन हुआ। इसमें नारायण अकादमी ऑफ़ मैनेजरियल एक्सीलेंस के फैकल्टी ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज संकाय से 2016=18 बैच की एमबीए (एच. आर) स्निग्धा त्रिपाठी जो की अमेज़न में कैटेलॉग स्पेशलिस्ट की तौर पर कार्यरत हैं, ने एमबीए एवं बीएमएस के छात्रों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने सफलता हासिल करने तथा लक्ष्य की ओर कैसे अग्रसर हुआ जाय से सम्बंधित बातों को समझाया। फैकल्टी ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज संकाय के डीन प्रो डॉ विवेक शर्मा ने गुलदस्ता भेट करके स्निग्धा त्रिपाठी का स्वागत किया। आयोजन में फैकल्टी ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज से प्रो डॉ आलोक कुमार, प्रो डॉ रजनीश रत्ना, डॉ अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ सौरभ सिंघा रॉय,डॉ अजय भूषण प्रसाद, डॉ मुकेश कुमार, डॉ अमित रंजन, डॉ दिलीप कुमार, डॉ इंद्रनील सरकार, मि निखिल निशांत, पम्मी कुमारी, राजीव रंजन, खेयाली रॉय, मि शौर्य प्रकाश एवं बी एम एस और एम बी ए, के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

## खेत में आग लगने से लाखों का नुकसान

निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद के काको प्रखंड अंतर्गत डेढ़सैया गांव में असामाजिक तत्वों ने एक भीषण अगलगी की घटना को अंजाम दिया है। घटना बुधवार की रात करीब 12 बजे की है। पीड़ित किसान को करीब डेढ़ लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। डेढ़सैया गांव निवासी पीड़ित किसान कारू शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि खलिहान में लगे दो नेवारी पूंजों में करीब 50 हजार की संख्या में नेवारी और पास में रखे करीब 40 मन गेहूं के भूसे में असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दी गई, जिसके बाद जैसे ही हमें इसकी सूचना प्राप्त हुई तो हम घटनास्थल पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि ग्रामीणों के प्रयास



से काबू नहीं पाया गया। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग, स्थानीय थाना सहित सभी संबंधित लोगों को दी। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाते पाते काफी विलंब हो चुका था, जिसके कारण नेवरी के पुंज जलकर खाक हो गए। इस अगलगी की घटना में करीब डेढ़ लाख रुपया का नुकसान पीड़ित किसान को हुआ है। किसान का कहना है कि किसी असामाजिक तत्वों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया है। घटना से पशु का चारा जलकर खाक हो गया, जिसके कारण पशु को खिलाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

## नाबालिग संग यौन शोषण के आरोप में पुजारी गिरफ्तार

कोर्ट में पेश कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में

निज संवाददाता

**चांद (कैमूर)**। चांद थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग के साथ यौन शोषण के आरोप में पुलिस ने मंदिर के पुजारी को गिरफ्तार किया। महिला थाना की सब इंस्पेक्टर कुमारी नीतू भारती द्वारा गिरफ्तार आरोपित की मेडिकल जांच सदर अस्पताल में कराकर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में महिला थाना में केस दर्ज कराया गया है, जिसमें कहा गया है कि मोहनियां थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला अपनी पुत्रियों के साथ चांद थाना के एक गांव में रहकर किराना दुकान चलाती है। पास के मंदिर के पुजारी से अपनी बड़ी बेटी का झाड़फूंक कराती थी। रात में उसकी 16 वर्षीया पुत्री मंदिर में सो जाती थी।

मंदिर में पुजारी द्वारा उसके साथ अक्सर यौन शोषण किया जाता था। 23 फरवरी को भी इस तरह की घटना को पुजारी ने अंजाम दिया था। लड़की व उसका परिवार वहां से भागकर मोहनियां आ गए। फिर महिला थाना में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। थानाध्यक्ष अंजु कुमारी ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी करायी।

# पुलिस ने कई कांडों का वांछित अपराधी को किया गिरफ्तार



निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टॉप 10 अपराधी को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ राजीव कुमार ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये जानकारी दी। एसडीपीओ ने कहा कि हम लोगों को गुप्त सूचना मिली की भुलेटन यादव जो टेहटा थाना क्षेत्र चिकरौड गांव का निवासी है, कई कांडों का अभियुक्त है। लूट हत्या गोलीबारी कांड का अभियुक्त है। यह व्यक्ति किसी के जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए गया जा रहा था। पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार करने के लिए एक टीम का गठन किया गया। इसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि लगभग 2 सालों से यह अभियुक्त फरार चल रहा था। पुलिस लगातार गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही थी। लेकिन पुलिस के गिरफ्त में नहीं आ रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा नई तकनीकी के तहत यह पता चला कि यह व्यक्ति किसी वाहन से गया जाने के लिए घर से निकला है। तभी पुलिस द्वारा इसे गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है, जो लोग भी कई कांडों के अभियुक्त हैं उसे गिरफ्तार किया जा रहा है। लगातार उन लोगों के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ लगातार छापेमारी कर रही है। जिसे लोकसभा के चुनाव में किसी तरह की अशांति पैदा न हो इसको देखते हुए पुलिस लगातार अपराधियों पर कार्रवाई कर रही है।

## पुलिस ने हथियार के साथ अपराधी को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद में हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा कि जमीन पर कब्जा करने के लिए हथियार इकट्ठा किया गया था। एसडीपीओ राजीव कुमार ने अपने कार्यालय में पीसी कर बताया कि हुलासगंज थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हुलासगंज बाजार के पेट्रोल पंप के पास झोपड़ी में मकान में हथियार रखा हुआ है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। वहां से एक देसी राइफल, देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। संदीप पासवान नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जो नालंदा



का रहने वाला है। उसने जमीन पर कब्जा करने के लिए हथियार इकट्ठा किया था, लेकिन पुलिस को सूचना मिलने के बाद इसे गिरफ्तार कर लिया गया।

जिस तरह से हथियार इकट्ठे किए गए थे और दूसरे जिले से अपराधी को बुलाया गया था, इससे लगता है कि बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए योजना बनाया गया था। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। घटना में कौन-कौन लोग शामिल हैं, सभी बिंदु पर जांच कर रही है। जांच करने के बाद उन लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

## 44 पशुओं को पुलिस ने किया जब्त, चार लोग गिरफ्तार

निज संवाददाता

**44 पशुओं को कंटेनर ट्रक पर लोड कर मोहनिया रामगढ़ पथ से ले जाया जा रहा था**

**मोहनिया (कैमूर)**। पशु तस्करी के लिए कंटेनर ट्रक से ले जाए जा रहे 44 पशुओं को पुलिस ने जब्त करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। चैनपुर थाना क्षेत्र के सिरसी मेल से 44 पशुओं को कंटेनर ट्रक पर लोड कर मोहनिया रामगढ़ पथ से ले जाया जा रहा था। इसी दरमियान मोहनिया पुलिस ने उपाध्यक्ष को थाना क्षेत्र के अरा गांव के समीप रोक कर उसकी जांच पड़ताल करने लगी।

जांच पड़ताल के क्रम में उक्त ट्रक कल 44 पशु लदे थे जिनमें 32 गए व 12 बछड़ा शामिल है। जब पुलिस ने पशुओं के बारे में पूछताछ करने लगी तो ट्रक में मौजूद लोगों ने माकूल जवाब नहीं दे सके। कंटेनर में लोड सभी पशुओं को जब्त कंटेनर में सवार चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में चैनपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर वार्ड संख्या 12 निवासी मोहम्मद फरीद शाह, मोहम्मद शमीम कुरैशी, साजिद अनवर व सदर पूणिया रहमत नगर वार्ड संख्या 36 निवासी असलम को गिरफ्तार कर लिया। इधर पुलिस ने जब्त किए गए सभी पशुओं को जिमेंनामा पर कल्याणपुर मेला को सौंप दिया।

**पूर्व मध्य रेल**

**डीडीयू डिविजन में एसईबी-जीएचडी (93 किमी.) खंड में स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग का प्रावधान**

खुली ई–निविदा सूचना सं.–क.वि.–ओ.टी.–02–एबीएस–एसईबी–24–25

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदारों से ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं : क्र.सं. : 1, **कार्य का नाम और स्थान** : डीडीयू डिविजन में एसईबी–जीएचडी (93 कि.मी.) खंड में स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग का प्रावधान।, क्र.सं. : 2, **अनुमानित रकम** : ₹ 38,55,040.22, क्र.सं. : 3, **बयाना राशि** : ₹ 77100.00, क्र.सं. : 4, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय** : दिनांक 23.05.2024 को 15:00 बजे तक।, क्र.सं. : 5, **वेबसाईट का विवरण जहाँ ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है** : **www.ireps.gov.in**

वरिष्ठ मण्डल बिजली इंजीनियर/क.वि.,
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू

पीआर/0202/डीडीयू/ईटीआरडी/टी/24–25/32

## उपेंद्र कुशवाहा की धर्मपत्नी काराकाट लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में घूम-घूम कर रही जनसंपर्क

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)**। एनडीए समर्थित प्रत्याशी सह आरएलएम सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा की धर्मपत्नी स्नेहलता कुशवाहा ने अपने पति उपेंद्र कुशवाहा को काराकाट लोकसभा क्षेत्र से जीत दिलाकर संसद तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। स्नेह लता कुशवाहा इन दोनों लगातार काराकाट लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में घूम-घूम कर जनसंपर्क कर रही है तथा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठकर कई रणनीतियां तैयार कर रही हैं। काराकाट लोक सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घूम कर स्नेह लता कुशवाहा विशेषकर महिला मतदाताओं को एनडीए की उपलब्धियां गिनाते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में वोट करने की अपील कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव महिलाओं के लिए हीं लड़ा जा रहा है। उपेंद्र कुशवाहा को मिले गैस सिलेंडर चुनाव चिन्ह को लेकर उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर का महत्व एक महिला से बेहतर कोई नहीं समझ सकता। देश की गरीब महिलाओं को धुएं से छुटकारा दिलाते हुए केंद्र सरकार ने घर-घर तक गैस सिलेंडर पहुंचा दिया है और एक बार फिर एनडीए सरकार आती है तो सभी घरों में डबल सिलेंडर दिया जाएगा। वहीं शिक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि उपेंद्र कुशवाहा हमेशा से शिक्षा में सुधार की वकालत करते रहे हैं। सरकार में रहते हुए इन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कई कार्य किए। काराकाट लोक सभा क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खुलवाने से लेकर गरीब बच्चों नामांकन एवं विद्यालय भवन के निर्माण में भी इन्होंने अहम भूमिका निभाई और हमेशा से बच्चों की शिक्षा के लिए प्राथमिकता से कार्य किया है। बता दें कि जनसंपर्क अभियान के दौरान उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी स्नेह लता कुशवाहा को महिलाओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है। युवा महिला वोटरों के साथ-साथ बुजुर्ग महिलाएं एवं वयस्क महिलाएं भी उनके साथ घूम घूम कर उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में वोट करने की अपील कर रही है। जिससे महिला मतदाताओं पर इनका अच्छा खासा प्रभाव देखा जा रहा है।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू**

**सूचना**
**विशेष लोक अदालत**
**शनिवार, 08 वीं जून 2024**
**व्यवहार न्यायालय, पलामू में निःशुल्क सुलभ एवं त्वरित न्याय के लिए**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू के द्वारा दिनांक– 08 वीं, जून 2024 को व्यवहार न्यायालय परिसर,पलामू, डालटनगंज में MACT की विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत में समझौता योग्य निम्नलिखित वाद जो किसी न्यायालय में लंबित हैं या नहीं का निपटारा किया जा सकता है:–

**विशेष लोक अदालत विवादों का त्वरित निपटारा तथा अंतिम निपटान, सर्वमान्य समाधान तथा अदालत में अदा की गई फीस के लौटाये जाने को सुनिश्चित करता है।**

अगर आप का उपरोक्त कोई मामला व्यवहार न्यायालय,पलामू में विचाराधीन है और अगर आप उस मामले का निपटारा कराना चाहते हैं तो 08 वीं, जून 2024 से पूर्व स्वयं या अपने वकील के जरिए व्यवहार न्यायालय, पलामू में उपस्थित होकर आवेदन दाखिल करें। इस हेतु समझौता पूर्व बैठक सभी बैंक एवं सभी संबंधित न्यायालयों में कार्यालय अवधि के पुर्व एवम् पश्चात कार्यरत रहेंगे।

विशेष लोक अदालत दिनांक– 08 वीं, जून 2024 को 7.30 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होगी। इस संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस पर 7:30 से 12:30 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू में आ कर या सचिव के मोबाइल सं0 8757269596) से सम्पर्क किया जा सकता है।

–निवेदक–

(रीशमा रमेशन)
आरक्षी अधीक्षक
–सह– सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू।

(शशि रंजन)
उपायुक्त
–सह– उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू।

(नीरज कुमार श्रीवास्तव)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
–सह– अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू।

PR 324336 District (24-25)_D

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के निम्नवत स्टेशनों के दर्शाए गये स्थान पर एटीएम मशीन लगाने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/अनुसूचित वाणिज्यिक भारतीय बैंकों/भारतीय सहकारी बैंकों/व्हाइट लेबल एटीएम सेवा प्रदाताओं से ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:–

**1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : AA/1 -** अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में बुकिंग कार्यालय (UTS/PRS) के निकट एटीएम मशीन लगाने हेतु जगह पाँच वर्षों (1826 दिन) के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** ATM-DDU-24-02, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** ATM-DDU-AUBR-Gen-9-23-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 15.05.2024 को 15:00 बजे शुरू होगी और 15:30 बजे बंद होगी।

**2. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : AA/1 -** पं दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में एटीएम मशीन लगाने हेतु जगह पाँच वर्षों (1826 दिन) के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** ATM-DDU-24-02, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** ATM-DDU-DDU-Gen-3-24-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 15.05.2024 को 15:00 बजे शुरू होगी और 15:40 बजे बंद होगी।

**वेबसाइट का पता जहां ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है – www.ireps.gov.in**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/डी०डी०यू०

पीआर/0196/डी.डी.यू./सीओएमएल./एन/24–25/44

# जनता दरबार में कई मामलों का हुआ ऑन स्पॉट निष्पादन, कई पदाधिकारियों को मिला निर्देश

- मो. वसीम आलम द्वारा जमीन विवाद से संबंधित मामले का शिकायत किया गया, जिसे जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारी रजौली को अविलम्ब निष्पादन हेतु निर्देशित किया।




निज संवाददाता

**नवादा**। प्रशांत कुमार सी.एच. जिलाधिकारी ने समाहरणालय सभागार में जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया जिलाधिकारी के द्वारा आम जनता से साक्षात्कार कर उनकी समस्याओं का सुनवाई/निराकरण किया गया। उन्होंने कुछ आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन किया और शेष आवेदनों का निपटारा करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जनता दरबार में कुल 42 आवेदनों की सुनवाई की गयी। जनता दरबार में भूमि विवाद, कृषि, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल, राजस्व, विवाह, अनुकम्पा एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले की सुनवाई की गई। जनता दरबार में आवेदनकर्ता प्रखंड-नवादा, पंचायत-केना, ग्राम-खुटिका सराय के ग्रामीण जनता द्वारा वर्षों से खराब पड़े चापाकल के बारे में आवेदन दिया गया साथ ही नल जल की सुविधा नहीं होने की भी शिकायत की गई, जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी से बात कर शिकायत का निष्पादन करने का निर्देश दिया। रजौली प्रखंड, ग्राम-मसई के मो0 वसीम आलम द्वारा जमीन विवाद से संबंधित मामले का शिकायत किया गया, जिसे जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारी रजौली को अविलम्ब निष्पादन हेतु निर्देशित किया। प्रखंड-रोह, ग्राम-बड़ैल के गौरव कुमार के द्वारा केएलएस कॉलेज से मार्कसीट नहीं मिलने संबंधी शिकायत दर्ज की गयी। जिलाधिकारी ने तुरंत केएलएस कॉलेज के प्रिंसिपल से बार्तालाप कर मार्कसीट देने का निर्देश दिया। इसी तरह अन्य आवेदनों को जिलाधिकारी ने स्वयं संबंधित पदाधिकारियों से बात कर शिकायत का निपटारा कराने का निर्देश दिया साथ ही निष्पादन प्रतिवेदन मुख्यालय में भेजने को कहा गया। निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सभी संबंधित विभाग को एक सप्ताह के अन्दर समस्याओं का समाधान कर प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया। पिछले सप्ताह दिनांक 26.04.2024 (शुक्रवार) को जनता दरबार में कुल 27 आवेदन आये थे, जिसमें 12 आवेदनों का निष्पादन हो चुका है एवं शेष 15 आवेदनों को संबंधित अधिकारी को अविलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में चन्द्रशेखर आजा अपर समाहर्त्ता न वादा, दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त नवादा, राजीव कुमार गोपनीय प्रभारी, वरीय उपसमाहर्त्ता डॉ. राजकुमार सिंहा एवं शशांक राज, कार्यपालक अभियंता विद्युत के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 100 लीटर शराब को पुलिस ने किया जब्त एक वांछित शराब धंधेबाज भी गिरफ्तार

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के भूपतपुर गांव से अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने एक बाइक पर लदे कुल 100 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। वहीं बिराज गांव से एक वांछित शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा थाना क्षेत्र को शराब मुक्त करने को लेकर पुलिस पदाधिकारियों एवं बलों के सहयोग से दूर-दराज गांवों एवं जंगली क्षेत्र में लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिराज गांव से भूपतपुर गांव की शराब की खेंप को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार को पुलिस बलों के साथ छापेमारी हेतु भेजा गया। छापेमारी के दौरान भूपतपुर गांव से एक बाइक पर लदे प्लास्टिक के बोरे में रहे एक-एक लीटर के पाउच में बन्द रहे कुल 100 लीटर शराब बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस को नजदीक आता देख शराब धंधेबाज भागने लगे।भागने वाले शराब धंधेबाजों में भूपतपुर गांव निवासी सिकन्दर यादव के पुत्र गोलू कुमार,संजय यादव के पुत्र पप्पू कुमार एवं बृजनंदन प्रसाद के पुत्र मोहित कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं पुराने थाना काण्ड में नामजद बिराज गांव से वांछित एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान बिराज गांव निवासी जगदेव प्रसाद यादव उर्फ जागो के पुत्र लल्लू प्रसाद यादव के रूप में हुई है। जिसे शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## जख्मी महिला ने थानाध्यक्ष से लगाई न्याय की गुहार

**नवादा (नि.सं.)**। जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर हाट निवासी सुनील चौधरी की पत्नी रेणु देवी ने अपने पड़ोसी भोला चौधरी और उसकी पत्नी सोनी देवी,प्रहलाद चौधरी और उसकी पत्नी सोनी देवी और सुनील चौधरी पर मारपीट कर जख्मी करने देने का आरोप लगाया है। रेणु देवी ने अकबरपुर थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर बताया कि अनिल चौधरी और भोला चौधरी द्वारा मुर्गा का मीट खाया गया था पैसा तो कहा गया कि उनके द्वारा जो मुर्गा का मीट खाया गया उसका पैसा तुमको ही देना है जब मेरे द्वारा कहा गया मैं उसका पैसा क्यों दोगी जिसपर उक्त लोगों द्वारा चाकू और गड़ासा द्वारा मुझे पर हमला कर दिया गया।

# पानी की समस्या के लिये टॉल फ्री नम्बर किया गया जारी

निज संवाददाता

**नवादा**। नवादा प्रशांत कुमार सी.एच. के आदेश के आलोक में कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा द्वारा बताया गया कि आपदा/सुखाड़ के मद्देनजर कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल नवादा के कार्यालय में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 06324- 210036 है, जिसपर पेयजल से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके अतिरिक्त प्रखंड स्तर पर कनीय अभियंता/सहायक अभियंता के मोबाइल नंबर पर भी संपर्क किया जा सकता है, जो निम्नवत हैः- सहायक अभियंता ज्योतिस्ना सिंह मोबाइल नंबर 7992280893, कनीय अभियंता प्रखंड नवादा के लिए - प्यारेलाल मंडल मोबाइल नंबर 9199636016, नरहट के लिए - शिव कुमार मोबाइल नंबर 8989163374, हिसुआ के लिए - प्रिंस कुमार मोबाइल नंबर 8544428871 एवम नारदीगंज के लिए - प्रिंस कुमार मोबाइल नंबर 8544428871 है। सहायक अभियंता आशुतोष कुमार मोबाइल नंबर 8544428800, वारिसलीगंज और काशीचक के लिए कनीय अभियंता शिव कुमार, मोबाइल नंबर 8989163374, कौआकोल एवं पकरीबरामा के लिए कनीय अभियंता प्यारेलाल मंडल, मोबाइल नंबर- 9199636016 है। सहायक अभियंता सौरभ कुमार राय, मोबाइल नंबर- 8544428654, गोविंदपुर, रोह एवं अकबरपुर के लिए कनीय अभियंता प्रिंस कुमार जिनका मोबाइल नंबर- 8544428871 है। सहायक अभियंता राजेश कुमार सिंह मोबाइल नंबर-7033879021, मेसकौर, रजौली और सिरदला के लिए कनीय अभियंता चंदन कुमार मोबाइल नंबर- 9955229286 है। दिनांक 01 मई 2024 को चापाकल की मरम्मति का प्रखंडवार प्रतिवेदन निम्नवत हैः- नवादा प्रखंड में कुल 06 चापाकल की मरम्मति की गयी, शिकायत की संख्या-03 है। नरहट-02 चापाकल की मरम्मति, शिकायत की संख्या-शून्रू, हिसुआ-03 चापाकल की मरम्मति, शिकायत की संख्या-शून्य, नारदीगंज-02 चापाकल की मरम्मति, शिकायत की संख्या-02, रजौली में शिकायत की संख्या-04 एवं मरम्मति-08, सिरदला में शिकायत की संख्या-12 एवं मरम्मति की संख्या-06, मेसकौर में शिकायत की संख्या-04 एवं मरम्मति की संख्या-05, अकबरपुर में शिकायत की संख्या-14 एवं मरम्मति की संख्या-07, गोविन्दपुर में शिकायत की संख्या-02 एवं मरम्मति की संख्या-04, रोह में शिकायत की संख्या-16 एवं मरम्मति की संख्या-03, कौआकोल में शिकायत की संख्या-13 एवं मरम्मति की संख्या-03, पकरीबरावां में शिकायत की संख्या-शून्य एवं मरम्मति की संख्या-04, वारिसलीगंज में शिकायत की संख्या-04 एवं मरम्मति की संख्या-04, काशीचक में शिकायत की संख्या-07 एवं मरम्मति की संख्या-02 है।

## पूजा देवी हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त ने किया आत्मसमर्पण

**पकरीबरावां (नवादा) (नि. सं.)**। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बाजपुर गांव में बीते 20 अप्रैल को हुई महिला पूजा देवी हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त मृतका का पति दिलखुश कुमार ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया। पुलिसिया दबिश के कारण उसने शुक्रवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। जल्द ही पकरीबरावां पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इसके लिए पकरीबरावां पुलिस द्वारा न्यायालय को अनुरोध पत्र भेजा गया है। पकरीबरावां थानाध्यक्ष अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पूजा देवी हत्या कांड संख्या- 182/24 के मुख्य अभियुक्त मृतका का पति दिलखुश कुमार एवं अन्य प्राथमिकी अभियुक्त फरार चल रहे थे। पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। इस बीच अनुसंधान के क्रम में साक्ष्य मिलने पर दिलखुश के चाचा राधेश्याम सिंह, चाची उर्मिला देवी एवं चचेरे भाई नीरज कुमार को जेल भेजा जा चुका है। इसी क्रम में मुख्य अभियुक्त ने न्यायालय में आत्म समर्पण किया है। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। बता दें कि 20 अप्रैल को करंट लगाकर पूजा की हत्या कर दी गई थी और घरवालों ने आत्महत्या का अफवाह उड़ाते हुए लाश को गायब कर दिया था।

# भीषण गर्मी की तपीश ने आम लोगों की बढ़ाई परेशानी

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। प्रखण्ड क्षेत्र में तापमान बढ़ने के साथ ही रजौली के सुदूरवर्ती इलाकों में पेयजल संकट गहरा गया है। हालत यह है, इन लोगों को अभी से ही पानी के लिए नदी एवं नाले में चुएं खोदना पड़ रहें है। इन चुएं एवं प्रत्येक गांव में रहे एकमात्र कुएं से ही आदमी और जानवर दोनों की प्यास बुझती है। प्रखंड के हरदिया पंचायत के सुदूरवर्ती गांव चोरडीहा, परतौनिया, जमुनदाहा, डेलवा, नावाडीह व कुंभियातरी गांव में इन दिनों पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। गांव के लोग धनार्जय नदी में गड्ढे कर पानी पीने को मजबूर हैं। गांवों में रहने वाले लोगों ने कई बार पत्र लिखकर अधिकारियों से गांव में चापाकल के लिए पंपिंग पेयजल योजना बनाने की गुहार लगाई है। लेकिन उनके मांगों की लंबे समय से अनदेखी की जा रही है। लोगों का कहना है कि कई बार अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधियों के समक्ष चापाकल लगाने की भी गुहार लगाई। लेकिन उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। उक्त सभी गांव प्रखंड मुख्यालय से लगभग दस किलोमीटर की दूरी पर बसा हुआ है। जहां जाने के लिए बीते वर्ष सड़क तो बनी है। किन्तु पीएचईडी के जेई और अन्य कर्मी उक्त गांव तक नहीं पहुंच पाए हैं। गर्मी बढ़ते ही नदी नाले सूखने के कगार पर है। ग्रामीण कालो देवी ने कहा कि हम लोग नदी नालों में गड्ढे कर चुआं बनाते हैं और उसी का पानी पीते हैं। जिसके कारण कई तरह के रोगों का शिकार होना पड़ता है। हमें पीने के लिए शुद्ध पानी नसीब नहीं होता है। सदी दर सदी बीत गई है। लेकिन इस गांव का कायाकल्प नहीं हुआ है। यहां के लोग आदि काल में ही जी रहे हैं। इन लोगों का जीविकोपार्जन के लिए मुख्य पेसा ढिबरा चुनना है। चोरडीहा गांव के रामवृक्ष भुइयां ने कहा कि चुनाव के दौरा में वादे करते हैं कि जंगली क्षेत्र के गांव में पानी दिया जाएगा। लेकिन 70 साल बीत जाने के बाद भी पानी अब तक नहीं पहुंची। इसलिए नदी के चुआं से पानी लेने पर मजबूर हो रहे हैं। सुदूरवर्ती एवं जंगली क्षेत्र के गांव में पानी का सुविधा के लिये सरकार के द्वारा सोलर से चलने वाली पानी की टंकी आदि तो लगाई है, किन्तु वो भी विगत चार वर्षों से खराब पड़ा हुआ है। इसलिए आसपास के गांवों में भी पेयजल की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इस बाबत पर हरदिया पंचायत के मुखिया पिन्टू साव ने कहा कि चोरडीहा, परतौनिया, जमुनदाहा, डेलवा एवं नावाडीह में पेयजल के लिए ग्रामीण एवं पशु एकमात्र साधन कुआं पर निर्भर है। गर्मी के कारण सरकारी चापाकल का लेयर भाग गया है। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय से पीएचईडी जेई चन्दन कुमार का मोबाइल नम्बर 9955229286 जारी किया गया है। उनसे बात करके उक्त गांवों में कम से कम एक-एक चापाकल बोरिंग करने की बात कही गई है। पीएचइडी के जेई द्वारा उक्त गांवों में कब तक चापाकल लगेगा यह भविष्य के गर्त में है। जबकि ग्रामीणों में जिलाधिकारी समेत बीडीओ एवं मुखिया पर विश्वास है कि वे उनकी समस्याओं को जल्द दूर करेंगे।

## एक देसी बंदूक चार कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**पकरीबरावां(नवादा) (नि. सं.)**। थाना अंतर्गत बिशनपुर गांव से एक देसी बंदूक एवं चार कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिला की पकरीबरामों थाना के विशनपुर गांव में नीतीश कुमार पिता रामवृक्ष यादव बंदूक लेकर गांव में लहरा रहा है सूचना के आधार पर थाना अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम बनाकर गांव में छापेमारी किया गया।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, बाइक चालक एवं अन्य सवार युवक की मौत

निज संवाददाता



**वारिसलीगंज (नवादा)**। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाईकिल सवार दो युवकों को रौंदते निकल गया। फलस्वरूप मोटरसाईकिल सवार दोनों युवकों की मौत घटनास्थल पर हो गयी। घटना के बाद उनके परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। दुर्घटना जिले के काशीचक थाना क्षेत्र के बोझवां गांव के समीप हुई। मृतकों की पहचान बासो चौहान का 25 वर्षीय पुत्र गुड्डू चौहान और जगदीश चौहान के 26 वर्षीय पुत्र ललन चौहान के रूप में किया गया है। बताया जाता है कि दोनों युवक बाजार से दवाई लेकर बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने इनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की खबर सुनकर उनके परिवारजनों के होश उड़ गए।

## अवैध उत्खनन में संलिप्त बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के बहादुरपुर पंचायत के गैरिबा गांव से शुक्रवार की सुबह एसआई गौतम कुमार ने अवैध उत्खनन में संलिप्त बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चल रहा है, किन्तु फिर भी बालू माफिया अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रतिदिन अवैध तरीके से नदियों से बालू का खनन कर रहे हैं। जिससे सरकार के लाखों रुपए के राजस्व का चूना खनन माफियाओं के द्वारा लगाया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध बालू उत्खनन को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के आलोक में पुलिस बलों के सहयोग से गैरिबा गांव के खुरी नदी बालू घाट से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। जब्त ट्रैक्टर को थाना परिसर में लगाया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले को लेकर खनन पदाधिकारी को सूचना दिया गया। जिसके बाद अग्रतर कानूनी कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# गंगारामपुर में श्रीसीताराम महायज्ञ के लिए निकली भव्य कलश शोभायात्रा

निज संवाददाता



**नरहट (नवादा)**। प्रखण्ड के गंगारामपुर गांव में आयोजित श्रीसीताराम महायज्ञ के लिए शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। हजारों की संख्या में श्रद्धालु नाचते गाते जय श्री राम का नारा लगाते करीब तीन किलोमीटर पैदल चलकर इब्राहिमपुर के पास धनार्जय नदी से पवित्र जलभरी की। यज्ञचार्य झुनकी पीठाधीश्वर स्वामी करुनानिधान शरण जी महाराज के देख रेख में दर्जनों विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर विधिवत कलश पूजन की गई। जलभरी के बाद कलश पूजन कर श्रद्धालु वापस यज्ञवेदी पहुचे जहां विधिवत कलश स्थापना की गई। यज्ञ में मुख्य यजमान चंदन सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी बंटी कुमारी और अमरेश प्रसाद शर्मा एवं उनके धर्मपत्नी चुनचुन कुमारी, महेश सिंह एवं उनके धर्मपत्नी मधु देवी, सन्नी कुमार और उनके धर्मपत्नी, अमितेश कुमार और उनकी धर्मपत्नी यजमान बने हुए हैं। कथा व्यास प्रेम मूर्ति पूज्य संत श्री प्रेम भूषण जी महाराज के कृपा पात्र पूज्य राजन जी महाराज के श्रीमुख से संगीतमय श्री राम कथा 4 से 10 मई तक संध्या में आयोजित की जाएगी। ग्यारह मई शनिवार को दिन में विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ की सफलता के लिए श्री सीताराम महायज्ञ समिति के सभी सदस्य एवं समस्त ग्रामीण तनमन से जुटे हुए हैं। यज्ञ के लेकर आसपास के गांवों में भी काफी उत्साह है। यज्ञ की सफलता के लिए आस पास के लोग भी भरपूर सहयोग कर रहे हैं। यज्ञ को लेकर भव्य यज्ञवेदी एवं श्रद्धालुओं को बैठने के लिए भव्य विशाल पंडाल बनाया गया है। दूर दूर तक लाईंटिंग की व्यवस्था की गई है। बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगे हुए हैं। तरह तरह के खिलौने एवं मिठाई आदि की दुकाने सजाई जा रही है। यज्ञ में आये श्रद्धालिओं को कोई असुविधा नही हो इसके लिए यज्ञ समिति के सभी सदस्य तनमन से लगे हुए हैं।

# बीडीओ एवं बीपीआरओ ने की पंचायत के स्वच्छताकर्मियों के साथ की बैठक

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। प्रखण्ड के हरदिया पंचायत स्थित ग्राम पंचायत भवन में शुक्रवार को बीडीओ अनिल मिस्त्री एवं बीपीआरओ राजन कुमार ने मुखिया पिन्टू साव, सभी 13 वार्ड के वार्ड सदस्यों एवं 30 स्वच्छताकर्मियों के साथ बैठक की। बीडीओ ने कहा कि बीते तीन माह से हरदिया पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के फेज 2 तहत ग्राम पंचायतों में स्वच्छताकर्मियों की नियुक्ति की गई थी। किन्तु विगत तीन माह से कचरा उठाव कार्य बाधित था। कचरा उठाव नहीं होने के कारणों को जानने के लिए पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्यों एवं स्वच्छताकर्मियों के साथ बैठक की गई। स्वच्छताकर्मियों ने कहा कि उन्हें कार्य के बदले मिलने वाला मानदेय नहीं दिया गया है। इसलिए स्वच्छताकर्मियों ने कचरा उठाव का कार्य बीते तीन माह से नहीं कर रहे हैं। स्वच्छताकर्मियों ने कहा कि इस मंहगाई के दौर में उन्हें समय से मानदेय नहीं मिलेगा तो वे कैसे अपना एवं अपने परिवार का भरण-पोषण कर पाएंगे। बीडीओ ने सभी स्वच्छताकर्मियों को आश्वासन दिया कि अगले एक सप्ताह में बकाए मानदेय का भुगतान कर दिया जाएगा। जिसके बाद स्वच्छताकर्मियों ने भी बीडीओ एवं बीपीआरओ को आश्वस्त किया कि वे कचरा उठाने वाले ठेलों की मरम्मत कर दो दिनों में पंचायत के सभी वार्डों में कचरा उठाव का कार्य शुरू कर देंगे। इस मौके पर वार्ड सदस्य रंजीत कुमार, सुनीता देवी, बिंदिया देवी, नन्देलाल राजवंशी, सुबोध राजवंशी, अनिता देवी, रामस्वरूप राजवंशी आदि लोग मौजूद रहे।

# खेतों में पराली जलाने वालों के विरूद्ध कृषि विभाग ने शूरू की कार्रवाई

निज संवाददाता



**नवादा**। नवादा जिला कृषि पदाधिकारी, ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा दिये गये निदेश के बावजूद पराली जलाने से किसान बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे किसानों के विरूद्ध कृषि विभाग द्वारा कठोर कदम उठाये गये हैं। ऐसे किसानों को चिन्हित करने कर उनका पंजीयन रद्द करने एवं उन्हें कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित करने का काम तेजी शुरू कर दिया गया है। अब तक जिले में प्रखण्डवार कुल 33 किसानों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई है। सभी चिन्हित किसानों का किसान पंजीयन विभाग द्वारा रद्द करते हुए कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित कर दिया गया है। प्रखण्डवार चिन्हित किसानों के विरूद्ध की गई कार्रवाई निम्नवत हैः- हिसुआ-03, काशीचक-03, नरहट-04, नवादा सदर-11, पकरीबरावां-07 एवं वारिसलीगंज-05 कुल-33 किसान योजनाओं के लाभ से होंगे वंचित। जिला अन्तर्गत पराली जलाने वाले ऐसे 33 किसान कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभ उठाने से अगले 03 वर्षों तक वंचित रहेंगे। यानि अगले तीन वर्षों तक कृषि विभाग द्वार संचालित किसी भी योजना का लाभ नहीं ले पायेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा दिये गये महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशः- जिला पदाधिकारी द्वारा विभाग के सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को निदेश दिया गया कि किसान अपने खेतों में पराली न जलायें। इसके लिए विभाग अपने स्तर से प्रचाार-प्रसार कर पराली जलाने से होने वाले नुकसान/कृषि में आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग से होने वाले लाभ को किसानों के बीच पहुचायें। ताकि पराली जलाने की घटना को कम किया जा सके। जिला कृषि पदाधिकारी, ने बताया कि कृषि विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देश के आलोक में महत्वपूर्ण घटक फसल अवशेष प्रबन्धन के तहत् फसल अवशेष जलाने की घटना को नियंत्रित करने के हेतु जिला के द्वारा विभिन्न तरह के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने विस्तार पूर्वक कहा है किः- फसल अवशेश को खेतों में जलाने से मिट्टी का तापमान बढ़ता है जिसके कारण मिट्टी में उपलब्ध जैविक कार्बन जो पहले से हीं हमारी मिट्टी में कम है और भी जल कर नष्ट हो जाती है। फलस्वरूप मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। फसल अवशेशों को जलाने से मिट्टी में उपलब्ध सूक्ष्म जीवाणु यथा-केचुंआ आदि मर जाते हैं। इनके मिट्टी में रहने से हीं मिट्टी जीवन्त रहती है। अवशेषों को जलाने से हम मिट्टी को मरणासन्न अवस्था की ओर ले जाते हैं। फसल अवशेष को जलाने से मिट्टी में नाईट्रोजन की कमी हो जाती है जिसके कारण उत्पादन घटता है। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा सभी किसान भाईयों से अपील की गई है कि खेतों में फस्ल अवशेष का न जलायें। यदि फसल की कटाई हार्वेस्टर से करते हैं तो खेत में फसल अवशेष को जलाने के बदले स्ट्रॉ रीपर मशीन का उपयोग कर अवशेष को भूसा बना लें। अपने फसल के अवशेषों को खेतों में जलाने के बदले वर्मी कम्पोस्ट बनाने, मिट्टी में मिलाने, पलवार विधि से खेती आदि में व्यवहार कर मिट्टी को बचायें तथा संधारणीय कृषि पद्धति में अपना योगदान दें।

## 24 घंटे के अंदर 25 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवादा (नि.सं.)**। कार्तिकेय के. शर्मा पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 02 मई 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में 02, अनुसूचित जाति/जनजात में 02 एवं अन्य गिरफ्तारी 21 कुल 25 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 110 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 06 है। वाहन जंच के क्रम में कुल 127 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राषि 95 हजार रूपया वसूला गया है। नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।

# मोटरसाइकिल के लिए ससुराल वालों ने विवाहिता की हत्याकर शव को किया गायब

निज संवाददाता



**पकरीबरावां (नवादा)**। थाना क्षेत्र के धरणीबिगहा गांव में मोटरसाइकिल एवं दो लाख नगद की मांग पूरा नही करने पर ससुराल वालों ने विवाहिता की हत्या कर शव को गायब कर दिया गया। इस संबंध में जमुई जिला के चंद्रदीप थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हुडरहिया के गुमनदेब यादव पिता गोवर्धन यादव ने पकरीबरावां थाना में आवेदन देकर बताया कि मैं अपनी बेटी सुगा कुमारी का विवाह वर्ष 2021 में धरणीबिघा निवासी सुनील यादव के पुत्र विक्की के साथ हिंदू रसम रिवाज से किया था तब उसके ससुराल वाले 2लाख नगद और एक मोटरसाइकिल के लिए मारपीट और प्रताड़ित करते रहता था मांग पूरा नहीं होने पर मेरी बेटी सुगा कुमारी को ससुराल पक्ष के ससुर सुनील यादव पति विक्की यादव सास देवर भैसर सभी मिलकर हत्या कर लाश को गायब करने आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष से कानूनी कार्रवाई का मांग किया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार इसकी पुष्टि करते हुए विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की आवेदन के आधार पर पांचों आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कांड संख्या 206/24 प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस अनुसंधान जारी है साथ ही अभियूक्तों की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्नातक पार्ट टू का परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित छात्र छात्राओं ने प्रदर्शन किया

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में स्नातक पार्ट टू , सत्र 2022-25 का परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित छात्र छात्राओं ने प्रदर्शन किया। छात्र छात्राएं परीक्षा फॉर्म भरने के लिए फिर से तिथि निकालने की मांग कर रहे थे। छात्र जदयू नेता कृष्ण तिवारी, प्रियांशु कुशवाहा और अंकुर कुशवाहा ने बताया कि भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले में सैकड़ों छात्र छात्राएं परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित है। विश्वविद्यालय छात्र हित में निर्णय लिए। दूसरी तरफ विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि अब विस्तारित नहीं की जा सकती है। चार मई से स्नातक पार्ट टू , सत्र 2022-25 की परीक्षा शुरू होनी है। परीक्षा को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा के लिए केंद्र का भी निर्धारण कर लिया गया है। ऑनर्स विषय की परीक्षा 4 मई से 9 मई तक होगी। सहायक विषय और जनरल विषय की परीक्षा 10 मई से 21 मई तक होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो पाली में संचालित की जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10:00 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी। स्नातक की परीक्षा को ले आनर्स के विषयों को चार ग्रुप में बांटा गया है।

### गड़हनी में व्यवसायी पर फायरिंग में दोनों अपराधी गिरफ्तार, 2 किलो गांजा जब्त

**गड़हनी**। स्थानीय गड़हनी बाजार पर 26 अप्रैल को मिठाई दुकान गोकुल स्वीट्स पर फायरिंग में शामिल दोनों अपराधियों को गड़हनी पुलिस ने डीआईयू के साथ छापेमारी कर हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी के बाद बुधवार के शाम एसपी नीरज कुमार ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी बताया कि अपराधी एक बड़ौरा निवासी बिनय यादव के पुत्र विकास यादव व दूसरा सेमरांव गांव के दुलउर तोला निवासी भीम यादव है।दोनों किसी घटना के अंजाम देने के फिराक में थे, इसकी गुप्त सूचना मिली। गड़हनी थाना के थानाध्यक्ष रणवीर कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने अगिआंव-बनकट रोड में पहरपुर नहर पर घेर कर गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास से एक पिस्टल जिससे मिठाई दुकान पर फ़ायर किया था, तीन कारतूस, दो किलो 100 ग्राम गांजा व एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। बताया कि पूर्व के 6 कांडों में विकास यादव अभियुक्त है। भीम यादव भी तीन कांड में अभियुक्त है। दोनों अपराधी छवि के है। पूर्व के 2018 में गड़हनी मिठाई दुकानदार की हत्या सहित कई मामलों में जेल भी जा चुका हैं। 26 अप्रैल को मिठाई दुकान गड़हनी में फायरिंग कर जान लेने की कोशिश की थी और फरार हो गया था। जिसको ले काण्ड संख्या 70/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज था। वहीं फरार होने के बाद मिठाई दुकानदार को केस मैनेज करने को ले धमकी दे रहा था। बता दें कि गड़हनी में आये दिन अपराधियों द्वारा बाज़ार पर दुकानदारों को पीटना, धमकाने की घटना से दुकानदार दहशत में जी रहे है। दुकानदारों ने अपनी सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन से गुहार लगाया है।

### स्कूल से शिक्षक की बाइक चोरी, पुलिस ने की बरामद

**बक्सर**। ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय हाई स्कूल में चोरों ने प्रधानाध्यापक की बाइक चोरी कर ली। प्रधानाध्यापक ने बाइक चोरी की एफआईआर ब्रह्मपुर थाना में दर्ज कराई। बाइक चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस बाइक चोरों की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने घटना के कुछ घंटे के बाद ही चोरी की बाइक बरामद कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नावानगर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव के रविकांत कुमार ब्रह्मपुर उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात है। गुरुवार को प्रधानाध्यापक अपनी बाइक स्कूल परिसर में खड़ी कर कार्यालय कार्य को निपटा रहे थे। उसी दौरान स्कूल परिसर से उनकी बाइक चोरी हो गई। बाइक चोरी की एफआईआर स्थानीय थाना में दर्ज कराई गई।

### मृत महिला के शव की नहीं हुई पहचान, आज अंतिम संस्कार

**आरा**। टाउन थाना क्षेत्र के गांगी नदी में दो रोज पहले एक प्लास्टिक के बैग में बंधा महिला की अर्ध जला शव मिला था। शव मिलने की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दिया था। सूचना मिलने के बाद टाउन थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को। पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करा कर शव की पहचान के लिए नियमानुसार 72 घण्टा रखा गया था। पुलिस अपने स्तर से और सोशल मीडिया के माध्यम से शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नही हो सका। टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय ने बताया की महिला के शव की पहचान नही हो सकी है। शुक्रवार को सुबह शव का अंतिम संस्कार करा दिया जाएगा।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, रील बनाने का था शौकीन, बक्सर में परिजन बोले-सुबह घर से निकला था

**बक्सर**। दानापुर-पंडित दीनदयाल रेलखंड पर ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। आशंका जताई जा रही कि ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से युवक का शरीर क्षत विक्षत हो गया था। युवक घटनास्थल के पास के ही गांव का था इसलिए उसकी पहचान तुरंत उसके कपड़ों से हो गई। घटना बक्सर जिले के डुमरांव रेलवे स्टेशन और बरूना स्टेशन के बीच बनहेजी डेरा के पास हुई है। घटना की सूचना पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि सुबह घर से निकला था लेकिन यह नहीं बताया कि कहां जा रहा है। दोपहर में ट्रेन से कटकर मौत की सूचना मिली है।युवक की पहचान बनहेजी डेरा के निवासी विनोद चौधरी के बेटे विक्रम चौधरी (19) के रूप में हुई है। बताया गया कि युवक बिना बताए सुबह से ही घर से गायब था। दोपहर में परिजनों को ट्रेन से कटकर मौत की सूचना मिली है। ऐसे में लोगों द्वारा तरह तरह के कयास लगाए जा रहे, कुछ लोगों द्वारा अनुमान लगाया जा रहा कि ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया होगा। कुछ का कहना है कि युवक मोबाइल पर तरह-तरह की रील बनाता था। कहीं रील बनाने के चक्कर में तो युवक की जान नहीं चली गई? हालांकि रेल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। जीआरपी प्रभारी अरुण पासवान ने बताया कि डुमरांव और बरूना स्टेशन के बीच में एक युवक का शव ट्रैक पर पड़े होने की सूचना पर जीआरपी की एक टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। ट्रेन की चपेट में आने से युवक का शरीर क्षत विक्षत हो गया था। हालांकि युवक पास के ही गांव का था इसलिए उसकी पहचान कपड़े से तुरंत हो गई। शव को ट्रैक से हटाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इसमें आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### डीएवी से आईटीआई मैदान तक बन रही सड़क को शीघ्र पूरा करें



**बक्सर**। डीएम अंशुल अग्रवाल ने बक्सर स्थित डीएवी स्कूल से आईटीआई मैदान तक कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किए जाने का निर्देश पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिए हैं। बता दें कि पथ निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया। इसके साथ हीं पथ निर्माण विभाग द्वारा जिले के महत्वपूर्ण पथों के चौड़ीकरण किए जाने हेतु विभाग को भेजे गए प्रस्ताव की अपडेट स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बता दें कि डीएम के आदेश के बाद सड़क निर्माण कार्य में तेजी आई है। इस सड़क के निर्माण कार्य हो जाने से बक्सर शहर में जाम की समस्या से निजात मिल जाएगी क्योंकि जो वाहन भोजपुर व धनसोई इटाढ़ी से होकर कोचस, सासाराम, कैमूर को जाएंगे वे बक्सर शहर के बाहर से होकर इस रास्ते से निकल जाएंगे। सड़क का लगभग 80 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है।

# वन्य जीवों को नहीं मिल रहा पानी, टंकी सूखी

## बक्सर में वन विभाग ने बनवाई थी, कर्मी बोले- नीलगाय, हिरण सहित कई जानवर पलायन कर रहे

निज संवाददाता। बक्सर

◆ दो हफ्ते से मौसम के तल्ख तेवर और चढ़ते पारा के चलते जंगलों में रहने वाले नीलगाय, हिरण सहित अन्य जंगली जानवर जंगलों से भागकर मैदानी इलाके की ओर आ रहे हैं



बक्सर में भीषण गर्मी के तल्ख तेवर और आग उगलते आसमान के बीच जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त है। वन्य प्राणियों की बेचैनी बढ़ गई है। भीषण धूप से भू-जलस्तर नीचे खिसकने से आहार, नहर,और तालाब सूखने लगे हैं। पानी के अभाव में पशु-पक्षियों को इधर-उधर भटकना लचारी बन गई है। सुनसान बधारो में रहने वाले जानवर पानी की तलाश में मैदानी इलाकों की तरफ पलायन शुरू कर दिए हैं। दो हफ्ते से मौसम के तल्ख तेवर और चढ़ते पारा के चलते जंगलों में रहने वाले नीलगाय, हिरण सहित अन्य जंगली जानवर जंगलों से भागकर मैदानी इलाके की ओर आ रहे हैं। भोजपुर वन प्रमंडल के बक्सर जिले में वन्य जीवों के पानी पीने के लिए 2017-18 में जगह जगह टंकी का निर्माण तो कराया गया लेकिन उसमें पानी भरने वाला कोई नही है। क्षेत्र के चौसा, चुन्नी, पवनी, मंगोलपुर, हकीमपुर, जलीलपुर, एवं शुक्रवलिया इलाके में नीलगाय एवं हिरण सहित अन्य जंगली जानवर विचरण कर रहे हैं। क्षेत्र में करीब पांच हजार हिरण हैं,जिसमें काले हिरण भी शामिल हैं। हिरणो को ठंड के मौसम में तो खेतों में चलने वाले बोरिंग से पानी मिल जाता है, लेकिन गर्मी आते ही यह पानी की तलाश में भटकने लगते हैं। कुछ किसान बोरिंगों से गड्ढों में पानी भी भर देते हैं, लेकिन अगलगी जैसी घटनाओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली का अभाव में बोरिंग नहीं चल रहे है। वन विभाग के कर्मी राम शरण सिंह ने बताया कि इस भीषण गर्मी में वन्य जीवों के लिए जगह जगह पक्के और कच्चे पानी भरने के लिए टंकी जैसा बनाया गया है जिससे पानी भरा जाता है। भीषण धूप के कारण पानी सुख जाता है।कुछ चरवाहा द्वारा अपने पशुओं को पिला दिया जाता है। पूछा गया कि क्या पानी प्रतिदिन भरते हैं तो उन्होंने कहा कि प्रतिदिन तो नहीं एक दो दिन बीच लगाकर भरा जाता है।

# डबल मर्डर केस में प्राथमिकी दर्ज, अवैध बालू घाट पर कब्जा जमाने को लेकर गुटों में हुई थी फायरिंग

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के कोईलवर थाना इलाके के दियारा इलाके में स्थित कमालूचक बालू घाट पर बुधवार को हुई गोलीबारी में सारण (छपरा) निवासी दो लोगो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक विकास महतों के पिता हुंगी महतों के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में गुड्डू राय व सतेंद्र पांडेय गैंग के गुर्गों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। हालांकि अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। वहीं पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि कोईलवर के कमालुचक गांव स्थित अवैध बालू घाट को लेकर दो गुटों के वर्चस्व की लड़ाई को लेकर जमकर गोलीबारी की गई। फायरिंग की घटना में दो मजदूरों की मौत हो गई है।बालू माफिया गुड्डु राय और सतेंद्र पांडेय के गुट बीच फायरिंग हुई है। दोनों गैंग के गुर्गों की पहचान की जा रही है। घटना के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया । जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

**2 लोगों की हुई थी मौत**ः मृतको में सारण (छपरा) जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी हूंगी महतो का 20 वर्षीय पुत्र विकाश महतो एवं तुलसी राय का 40 वर्षीय पुत्र सुदर्शन राय शामिल है। इसमें मृतक सुदर्शन राय के शरीर में चार एवं विकाश महतो को तीन गोली लगी है। इधर,मृतक सुदर्शन राय के पिता तुलसी राय ने बताया कि उनका पुत्र सुदर्शन राय बुधवार की रात करीब आठ बजे घर से कमालूचक बालू घाट पर मजदूरी करने के लिए निकला था। जैसे ही वह कमालूचक बालू घाट पर पहुंचा। तभी गोलीबारी के दौरान उसे गोली लग गई। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद वहां मौजूद लोगों द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। वहीं तुलसी राय ने अपने बेटे सुदर्शन राय को करीब चार से पांच गोली लगने की बात कही है।

# बक्सर में बाइक रोक दुकानदार को मारी गोली

निज संवाददाता। बक्सर




बक्सर के मिश्रवलिया के पास हथियार बंद अपराधियों ने सोने चांदी के दुकानदार पर गोली चला दिया। इसके बाद हल्ला करते हुए पीड़ित भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहा।गोली दुकानदार के हाथ की अंगुलियों में लगी है। जिसका इलाज बक्सर के सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं, इस घटना की सूचना पर मुफस्सिल थाना की पुलिस भी पहुंच गई। जख्मी दुकानदार का बयान लेकर जांच में जुटी है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मिश्रवालिय गांव के पास की है। गोली विजय सेठ(45) पिता आदित्य सेठ को लगी है। घायल विजय सेठ ने बताया कि वह हर दिन की तरह आज भी गुरुवार की शाम अपनी दुकान को बंद करके बक्सर स्थिति बारी टोला अपने घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक से मिश्रवालिया के पास पहुंचा था। तभी पीछे से दो बाइक पर सवार लोग दोनों तरफ से घेर गाड़ी रोकने के लिए कहने लगे। मेरे गाड़ी से चाबी भी निकालने का प्रयास करने लगे। मैं भगाने लगा तो पिस्टल निकाल गोली मारने के लिए बोलने लगे। इसके बाद भी मैं तेजी से हल्ला करते हुए भागने लगा। तभी गोली चला दी। गोली मेरे अंगुली में आकर लग गई। तब तक हल्ला सुनकर मेरी तरफ लोगों को आते देख आरोपी बक्सर की तरफ भाग निकले। वहीं, इस संबंध में जब मुफस्सिल थानाध्यक्ष चंदन झा से बात की गई तो उन्होंने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना पर पुलिस हॉस्पिटल पहुंच पीड़ित दुकानदार से बयान ले रही है। अभी क्लियर नहीं हो पाया है की अपराधी कितने थे। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

# युवक को अगवा कर बेरहमी से मारा, डायल-112 ने छुड़वाया

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के ब्रम्हपुर में कुछ युवकों द्वारा एक युवक को अगवा कर पिटाई का मामला सामने आया है। इसकी सूचना किसी ने डायल 112 को दे दी। सूचना वाली जगह पर पहुंचे तो युवक को मार रहे लोग उसको छोड़ कर भाग निकले। जिसे डायल 112 ने अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराया। फिलहाल युवक की हालत ठीक है। हालंकि युवक द्वारा अभी तक पुलिस को कोई आवेदन एफआइआर के लिए नही दिया गया है। आवेदन देने पर पुलिस एफआइआर कर आगे की कार्रवाई की बात कह रही है। डायल 112 के प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली की दूध लेकर गए निमेज निवासी विकास कुमार गुप्ता पिता स्व. रामाशंकर गुप्ता को राहुल यादव और अन्य लड़कों ने अगवा कर लिया है। उसकी पिटाई कर रहे हैं। सूचना मिलते ही हवलदार विनोद सिंह, सिपाही लालू कुमार और परवेज कुमार के दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पिटाई कर रहे युवक हमे देख विकास कुमार को छोड़कर भाग गए। अनिल कुमार ने



बताया कि युवक को वहां से गाड़ी में बैठा पहले इलाज कराया गया। उसके बाद युवक नजदीक के थान ब्रह्मपुर को सुपुर्द किया गया है। युवक के शरीर पर पड़े जख्म को देखने से लग रहा था कि उसकी बेरहमी से पिटाई की गई है। हालांकि अबतक इस मामले में पीड़ित पक्ष की तरफ से थाने में कोई आवेदन नही दिया गया है। ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष ने बताया की आवेदन मिलने पर एफआइआर दर्ज कर आगे की करवाई किया जायेगा। जानकारी के अनुसार अगवा कर पिटाई करने का मामला आपसी विवाद का बताया जा रहा हैं।

# ट्रैक्टर चालक को गोली मारने के मामले में FIR, पांच सौ की रंगदारी मांगने को लेकर हुआ था विवाद

## बाइक सवार बदमाशों ने मारी थी गोली

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के कोईलवर थाना के नारायणपुर गांव में ट्रैक्टर चालक रविन्द्र को गोली मारे जाने के मामले में प्राथमिकी करा दी गई है। घायल ट्रैक्टर चालक के मालिक दीपक कुमार सिंह के बयान पर हुई प्राथमिकी में कोईलवर के पचरूखिया निवासी गुड्डू राय, महादेवचक सेमरियां निवासी पुटू उर्फरवि, रंजित कुमार, चातर निवासी सियाराम बिंद, श्रीपालपुर निवासी संटू कुमार, महकमपुर बारा निवासी छोटू यादव,छपरा के चकिया निवासी सनोज राय व मदन राय को आरोपित किया गया है। आरोप है कि बालू लदे ट्रैक्टर से पांच सौ रुपये रंगदारी मांग रहे थे। उनका चालक दो सौ रुपये दे रहा था। इसके बाद मारपीट कर ट्राली से बालू पलटा दिए। इसके बाद उन्होंने जब गुड्डू राय के घर पर जाकर पूछताछ की तो गाली-गलौज देकर भगा दिया गया। 29 अप्रैल की रात उनके घर पर गोलीबारी की गई। बाद में उनकी गाड़ी के चालक रविन्द्र कुमार को गोली मार दी गई। जिससे वह घायल हो गया। आरा में इलाज चल रहा है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली**ः जख्मी चालक कोईलवर थाना क्षेत्र के दुर्जन चक गांव निवासी हीरामन राय का 22 वर्षीय पुत्र रविंद्र कुमार है। इधर जख्मी चालक के भाई जितेन्द्र कुमार ने बताया कि सोमवार की रात वह बाइक पर सवार होकर अपने दुर्जन चक से नारायणपुर गांव गया। वहां से दो और चालक अपना-अपना ट्रैक्टर एवं वह अपना ट्रैक्टर लेकर जमालपुर बालू घाट पर गया।

# आरा-बक्सर फोरलेन पर हादसा, एसडीपीओ ने घायल को बचाया

निज संवाददाता। बक्सर



डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने आरा-बक्सर फोरलेन पर नवाडेरा के समीप जख्मी अवस्था में सड़क किनारे पड़े एक वृद्ध को अपने वाहन में बिठाकर अस्पताल पहुंचाया। जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि घटना किस वाहन से और कैसे हुई इसकी जानकारी नही मिल सकी है। मिली जानकारी के अनुसार पुराना भोजपुर के 65 वर्षीय श्यामलाल सिंह घर से बोरिंग पर नहाने की बात कहकर निकले थे। आशंका जताई जा रही है कि सड़क पार करने के दौरान वो किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए होंगे, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी होकर सड़क किनारे छटपटाने लगे। संयोग से डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी क्षेत्र में विधि व्यवस्था का हाल जानने निकले थे तभी नवाडेरा के समीप उन्होंने जख्मी वृद्ध को घायल अवस्था में देखा। उन्होंने वृद्ध को अपने अंगरक्षकों की सहायता से अपनी गाड़ी में बिठाया और प्रतापसागर के मेथोडिस्ट अस्पताल ले गए जहां वृद्ध का प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। अपितु वृद्ध को गंभीर चोटें आई हैं लेकिन प्राथमिक उपचार ससमय मिलने से वृद्ध की जान बच गई। प्राथमिक उपचार के बाद वृद्ध को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इसकी सूचना मिलने के बाद जख्मी के परिजन मौके पर पहुंच गए।

**पहले भी कर चुके हैं मदद**ः बता दें कि लोगों की मदद भावना के कारण एसडीपीओ अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। कुछ माह पहले ही एसडीपीओ ने एक दुर्घटनाग्रस्त बाइक सवार को गोपालडेरा के समीप से अस्पताल पहुंचाया था और उसके पॉकेट में रखे 65000 रुपयों को सही सलामत उसे वापस लौटाया था। इसके साथ ही बगेन में दुर्घटनाग्रस्त एक वाहन के दौरान जख्मियों की एसडीपीओ ने अपने वाहन से रघुनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया था। एसडीपीओ का कहना है कि ओहदा मायने नहीं रखता, कर्म करते रहना चाहिए।


## नई दिल्ली एवं भागलपुर के बीच स्पेशल ट्रेन

ग्रीष्मकाल के दौरान अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **04022/04021 नई दिल्ली-भागलपुर-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, ठहराव, यात्रा के दिन तथा संयोजन के अनुसार चलाई जाएंगी:-

| नई दिल्ली-भागलपुर | | | (04022) (04021) | भागलपुर-नई दिल्ली | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| सोम, शुक्र | - | 13.20 | ↓ नई दिल्ली | 12.15 | - | बुध, रवि |
| मंगल, शनि | 05.56 | 06.06 | पटना | 18.45 | 18.55 | मंगल, शनि |
| | 10.20 | 10.25 | जमालपुर | 14.50 | 14.55 | |
| | 12.00 | - | भागलपुर ↑ | - | 13.30 | |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना साहिब, फतुहा, खुशरुपुर, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, हाथीद, बड़हिया, लक्खीसराय, किऊल, कजरा, अभयपुर, धरहरा, बरियारपुर एवं सुल्तानगंज स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा के दिनः नई दिल्ली से 04022** - दिनांक 06.05.2024 से 31.05.2024 तक प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार = 08 ट्रिप तथा **भागलपुर से 04021** - दिनांक 07.05.2024 से 01.06.2024 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार = 08 ट्रिप। **संयोजनः** वातानुकूलित 3-टीयर - 16, दिव्यांगजनों के अनुकूल वातानुकूलित डिब्बे के साथ पावर कार - 02 = 18 कोच। **श्रेणीः** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# एनडीए के सामने तीसरे चरण में बड़ी चुनौती

निज संवाददाता



**पटना।** अबकी बार 18वीं लोकसभा में पहुंचने के लिए तीसरे चरण में पांच सीटों पर राजग के तीन दल फिर मैदान में हैं। इसमें तीन सीट पर जदयू जबकि एक-एक सीट पर भाजपा एवं लोजपा लड़ रही है। लेकिन तीसरे चरण में भाग्य आजमा रहे राजग प्रत्याशियों के सामने जीत के साथ ही मत प्रतिशत का रिकॉर्ड बचाने की भी चुनौती है। यदि रिकॉर्ड कायम नहीं रहता है तो महागठबंधन 'खेला' कर सकता है। बता दें कि 2019 के चुनाव में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा एवं खगड़िया संसदीय सीट पर राजग के सभी प्रत्याशी कुल हुए मतदान में 50 प्रतिशत से अधिक मतों से विजयी रहे थे। लेकिन इस बार मौसम की मार का असर कहें या फिर मतदाताओं में विभिन्न कारणों से मतदान के प्रति कम हो रहे उत्साह या फिर कोई वजह। दो चरण में संपन्न हुए मतदान में इसका असर दिखा है। गिरते मतदान प्रतिशत के आंकड़े को लेकर अब राजनीतिक पार्टियां अपने हिसाब से मतों का समीकरण बिठाने के साथ मतदाताओं जागरूक करने गुना-भाग में लगी हुई हैं। पिछले दो चुनावों के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो यह बात निकलकर सामने आती है कि 50 प्रतिशत से अधिक मत पाने वाले प्रत्याशियों की संख्या में वृद्धि है। लोकसभा चुनाव 2014 में 50 प्रतिशत से अधिक मत पाने वाले उम्मीदवारों की संख्या कम थी, जबकि 2019 में इसमें जबरदस्त वृद्धि हुई थी। बिहार में 2014 में महज तीन उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे, जबकि 2019 इनकी संख्या बढ़कर 24 हो गई थी, यानी इसमें सात सौ प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। बिहार में, भाजपा और जदयू 2014 में अलग-अलग चुनाव लड़ीं थीं। इसमें भाजपा के 50 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर के साथ दो और लोजपा ने एक सीट जीतीं थी। जबकि, जदयू इतने बड़े अंतर से एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। हालांकि, 2019 में दोनों पार्टियों एक साथ आई तो काफी लाभ हुआ। 2019 के चुनाव में भाजपा के 14 सांसद एवं जदयू के 10 सांसद एक-दूसरे के वोट बैंक के साथ आए तो 24 उम्मीदवारों को 50 प्रतिशत से अधिक मत हासिल करने में सफल रहे थे। इसके अतिरिक्त, उनकी सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी ने ऐसी छह सीटें हासिल की थीं। 2019 में बिहार में सात उम्मीदवारों को 60 प्रतिशत से अधिक मत मिले थे। बिहार में 2019 में जिन लोकसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारों को 50 प्रतिशत से अधिक मत मिले थे, उसमें नालंदा, पटना साहिब, आरा, बाल्मीकि नगर, पश्चिम चंपारण, सासाराम, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, नवादा, झंझारपुर, जमुई, सुपौल, अररिया, कटिहार, मधेपुरा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, वैशाली, गोपालगंज, महाराजगंज, सारण, हाजीपुर, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर एवं मुंगेर संसदीय क्षेत्र सम्मिलित है। पटना साहिब, आरा, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, मधुबनी, अररिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, महाराजगंज, सारण, सासाराम, उजियारपुर एवं बेगूसराय संसदीय सीट है।

# दरभंगा एम्स में बढ़िया इलाज हो रहा, मुआयना करने आ रहे पीएम मोदी, तेजस्वी यादव का तंज

निज संवाददाता



**पटना।** आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कल (शनिवार को) दरभंगा आ रहे हैं। उनके हिसाब से दरभंगा में एम्स बन चुका है, इसलिए वे इसका मुआयना करने आ रहे हैं कि बढ़िया अस्पताल बना है, सबका इलाज हो रहा है या नहीं। तेजस्वी ने कहा कि पीएम मोदी 10 साल से प्रधानमंत्री हैं और अब तक उन्होंने केवल झूठ बोलने और ठगने का ही काम किया। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पीएम मोदी शनिवार को दरभंगा में बीजेपी प्रत्याशी गोपालजी ठाकुर के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, तेजस्वी यादव भी मिथिलांचल में जोर-शोर से महागठबंधन के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने दरभंगा में शुक्रवार को पीएम मोदी को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि 17 महीने की महागठबंधन सरकार के दौरान हम लोगों ने दरभंगा एम्स के लिए जमीन दी। इसके साथ ही डीएमसीएच का विस्तार करने का भी फैसला लिया। इसे पीएमसीएच की तर्ज पर 2500 बेड का सुपरस्पेशियलिटी बनाया जा रहा है। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाए कि पूर्व में जो भी सरकारें रहीं, हमेशा दरभंगा एम्स को लेकर कंफ्यूजन बनाए रखा। पहले डीएमसीएच में ही एम्स को जगह दे दी गई। मगर आरजेडी के सत्ता में आने के बाद डीएमसीएच से हटकर अलग से एम्स के लिए जमीन दी गई। तेजस्वी ने कहा, 'हम लोगों की सोच थी कि डीएमसीएच का अपना खुद का वजूद है।

## सम्राट चौधरी पहले पूर्व घोषित नौकरियों का ब्योरा दें : गगन

**पटना (नि.सं.)।** प्रदेश राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन ने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा दस लाख नौकरी देने की घोषणा पर प्रतिक्रिया दी। शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि नयी घोषणा के पहले उनके नेताओं द्वारा पूर्व में घोषित नौकरी देने के वादे का हिसाब देना चाहिए। श्री गगन ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री ने प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था। विधानसभा चुनाव के समय भी केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पटना आकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बिहार में एनडीए की सरकार बनने पर 19 लाख नौकरियां देने का वादा किया था।

# मीसा बोलीं-कोरोना वैक्सीनेशन की जांच हो

निज संवाददाता

**पटना।** पटना के बांस घाट के झोपड़पट्टी में आग लग गई है। आग इतनी भीषण थी कि करीब 30 घर इसकी चपेट में आग गए। इस घटना में 6 सिलेंडर ब्लास्ट ब्लास्ट भी हुए। मौके पर दमकल की 10-12 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। डिस्ट्रिक फायर ऑफिसर मनोज कुमार नट ने बताया कि झोपड़पट्टी और बांस होने के कारण आग तेजी से फैली। घटनास्थल पर पटना एसएसपी राजीव मिश्रा समेत फायर के सभी पदाधिकारी भी मौजूद रहे। हालांकि, इस घटना में किसी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने नामांकन दाखिल किया। सोनिया और प्रियंका गांधी उनके साथ रहीं। उधर, कांग्रेस ने अमेठी से किशोरी लाल शर्मा को उतारा है। किशोरी लाल सोनिया गांधी के भरोसेमंद माने जाते हैं। भाजपा ने रायबरेली से योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को टिकट दिया है, जबकि अमेठी से स्मृति ईरानी लड़ रही हैं। पीएम मोदी आज पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। मोदी ने बर्धमान-दुर्गापुर में रैली को संबोधित करते हुए कहा- शहजादे को वायनाड से हार का डर है, इसलिए अमेठी से भागकर रायबरेली पहुंचे। वह केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ रहे हैं। पिछली बार उन्होंने अमेठी से चुनाव लड़ा था और स्मृति ईरानी से हार गए थे। मुंगेर में बदमाशों ने रिटायर्ड महिला टीचर की लूटपाट के दौरान हत्या कर दी। शुक्रवार सुबह विक्रमपुर गांव के एक लोग उनके परिचित के कहने पर महिला की घर पहुंचे तो लाश मिली। उसके हाथ पैर बंधे थे और पलंग से नीचे लाश पड़ी हुई थी। मृतक की पहचान 70 वर्षीय शिक्षिका मंजू कुमारी के रूप में हुई है। वह रहमतपुर स्थित अपने घर में अकेले रह रही थी। अकेले अपने घर में रहकर अपनी संपत्ति की देखभाल करती थी।

# तेजस्वी भी मानते हैं कि लालू-राबड़ी के पूर्व डिप्टी सीएम के दावों पर अब इस नेता ने कसा तंज

- वे चर्चा कर रहे हैं तो मात्र 17 महीने की। इसका सीधा अर्थ यह है कि वे स्वीकार कर रहे हैं कि उन्होंने अपने प्रथम उप मुख्यमंत्रित्व के 20 महीनों में कोई काम नहीं किया था।



निज संवाददाता

**पटना।** बिहार भाजपा उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. भीम सिंह ने शुक्रवार को जारी बयान में राजद पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि राजद के थीम सॉन्ग और नारे '17 साल बनाम 17 महीने ' से स्पष्ट हो गया है कि तेजस्वी भी मानते हैं कि उनके माता-पिता यानी लालू-राबड़ी का 15 वर्षीय शासनकाल बिहार का अंधकार काल था। 15 वर्ष के राजद शासन की उपलब्धि शून्य है। डॉ. सिंह ने कहा कि अगर तेजस्वी ऐसा नहीं मानते तो उनका नारा होता '17 साल बनाम 15 साल ' और वे अपने माता-पिता के 15 वर्षों की भी उपलब्धियां गिना रहे होते। डॉ. भीम सिंह ने कहा कि 2005 के बाद राजद तीन बार में कुल 55 महीने नीतीश की सरकारों में शामिल रहा है। पहली बार 18 महीने बाहर से और 2 बार तेजस्वी के नेतृत्व में सरकार में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होकर, लेकिन तेजस्वी सिर्फ 17 महीनों की बात कर रहे हैं। डॉ. सिंह ने कह कि तेजस्वी न 15 वर्षों की बात कर रहे हैं, न 55 महीनों की और अपने उप मुख्यमंत्रित्व के कुल 37 महीनो की। वे चर्चा कर रहे हैं तो मात्र 17 महीने की। इसका सीधा अर्थ यह है कि वे स्वीकार कर रहे हैं कि उन्होंने अपने प्रथम उप मुख्यमंत्रित्व के 20 महीनों में कोई काम नहीं किया था। पूर्व विधान पार्षद रणबीर नंदन ने शुक्रवार को कांग्रेस एवं राजद को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस ने भारत का भविष्य अंधेरे में डुबोया है। जबकि बिहार में राजद और कांग्रेस ने मिलकर बिहारियों को डेढ़ दशक पीछे धकेल दिया। नंदन ने भाजपा के मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस का दावा है कि एम्स की स्थापना पंडित नेहरु ने की। सही बात है। लेकिन आजादी के बाद पंडित नेहरु को एम्स के लिए सोचने में 9 साल का वक्त लगा। इसके बाद कांग्रेस की सरकारें बनती रहीं, लेकिन एम्स की स्थापना पूरे देश में हो सकती है, यह किसी कांग्रेस सरकार की समझ में नहीं आया। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल एवं सुनील सेवक उपस्थित थे।

# गधे पर सवार होकर नामांकन दाखिल करने पहुंचे सत्येन्द्र बैठा

निज संवाददाता



**गोपालगंज।** गोपालगंज में लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को मतदान होना है। इसको लेकर नामांकन का काम 29 अप्रैल से ही चल रहा है। निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी नामांकन दाखिल करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को जब एक निर्दलीय प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करने कलेक्ट्रेट पहुंचे तो अजीब नजारा देखने को मिला। निर्दलीय प्रत्याशी सत्येन्द्र बैठा गधे पर बैठकर अपना नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे थे। इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। दरअसल, निर्दलीय प्रत्याशी और पूर्व जिला परिषद सदस्य सत्येन्द्र बैठा अपना नामांकन दाखिल करने के लिए गधे पर सवार होकर जिला समाहरणालय पहुंचे थे। यह देख सेल्फी लेने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान सत्येन्द्र मुस्कुराते हुए फोटो खिंचवा रहे थे और काफी खुश नजर आ रहे थे। उन्होंने नामांकन पत्र भरकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया। कुचायकोट प्रखंड के शामपुर गांव निवासी पूर्व जिला पार्षद सत्येन्द्र बैठा तीसरी बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन फॉर्म भरने के बाद सत्येन्द्र बैठा ने कहा कि वे लोकसभा चुनाव में भी प्रचार गधे से करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने और सांसद चुने जाने के बाद जन प्रतिनिधि दिल्ली चले जाते हैं। पिछले तीन दशकों से गोपालगंज में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। डीजल और पेट्रोल में भी महंगाई है। सांसद बनकर जन प्रतिनिधि जनता पर कोई ध्यान नहीं देते। इसलिए मैंने गधे पर सवार होकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। गोपालगंज लोकसभा सीट से एनडीए ने डॉ। आलोक कुमार सुमन को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, महागठबंधन के सीट बंटवारे में गोपालगंज मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी के खाते में चली गई है। वीआईपी ने यहां से चंचल कुमार उर्फ चंचल पासवान को अपना उम्मीदवार बनाया है। ये दोनों उम्मीदवार 4 मई (शनिवार) को अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। प्रमुख दलों के साथ-साथ अन्य दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन की तैयारी शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में गोपालगंज लोकसभा सीट पर मतदाता अपने पसंद के उम्मीदवार के पक्ष में वोट डालेंगे। छठे चरण का मतदान 25 मई को होना है। इस दिन बिहार में गोपालगंज के अलावा पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, सीवान, महाराजगंज और वाल्मिकीनगर में भी मतदान होगा।

## सोनिया तो राहुलयान को बार-बार लॉन्च

**पटना (नि.सं.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कर्नाटक के हुक्केरी में शुक्रवार को चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। शाह ने राहुल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सोनिया गांधी ने लगभग 20 बार 'राहुलयान' लॉन्च करने की कोशिश की, मगर वह रायबरेली सीट से चुनाव हार जाएंगे। गृह मंत्री ने कहा, 'हमने तो चंद्रयान-3 लॉन्च किया और सफल भी रहे। दूसरी ओर, सोनिया गांधी ने राहुलयान को लगभग 20 बार लॉन्च करने की कोशिश की और हर बार असफल रहीं। अब वह रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। मैं आपको यहां का नतीजा बताना चाहता हूं कि राहुल बाबा रायबरेली में बीजेपी उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह से भारी अंतर से हार जाएंगे।

# पटना एयरपोर्ट एरिया में तुरंत होगी पानी की निकासी

निज संवाददाता



**पटना।** पटना एयरपोर्ट एवं आसपास के क्षेत्रों का पानी निकालने के लिए नालों का विकास किया जाएगा। साथ ही इको पार्क में स्थाई पंपिंग स्टेशन बनाया जाएगा ताकि एयरपोर्ट एरिया का पानी इको पार्क नाला होते हुए सरपेंटाइन नाला तक जा सके। इस संबंध में बिहार राज्य शहरी आधारभूत संरचना निगम (बुडको) के प्रबंध निदेशक योगेश कुमार सागर ने इको पार्क का दौरा कर जलनिकासी में आ रही समस्याओं को देखा। प्रबंध निदेशक ने बताया कि वर्तमान में इको पार्क में पंपिंग स्टेशन है, परंतु उसकी क्षमता अत्यंत कम है। इसलिए बुडको ने उच्च क्षमता का पंपिंग स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया है। मालूम हो कि वर्तमान में फुलवारी रेलवे गुमटी से इको पार्क तक कच्चा नाला है। उसमें जल प्रवाह क्षमता काफी कम है। जल क्षमता बढ़ाने के मद्देनजर प्रोजेक्ट बनाने के लिए अभियंताओं की टीम बनाई गई है। बुडको के अभियंताओं का कहना है एयरपोर्ट एरिया में जल निकासी की स्थिति दिनोंदिन गंभीर होती जा रही है। ऐसे में जल्द समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो भविष्य में विकट स्थिति पैदा हो सकती है। इस वर्ष जल निकासी के मद्देनजर इको पार्क में डीजल जनरेटर सेट लगाने की भी व्यवस्था की जाएगी ताकि किसी भी स्थिति में पानी निकाला जा सके।

# लालू ने पीएम मोदी को पढ़ाया हिंदी का पाठ

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार में चुनावों की सरगर्मी के बीच लालू प्रसाद भी लगातार सक्रिय हैं और अपनी बेटी रोहिणी आचार्य के लिए प्रचार में जुटे हैं। शुक्रवार को लालू प्रसाद ने अपने एक्स मीडिया के जरिये प्रधानमंत्री को हिंदी का पाठ पढ़ाने के प्रयास किए। लालू यादव ने अपने एक्स हैंडल पर लिखते हुए कहा कि हिंदी भाषा में आज लगभग 1.5 लाख शब्द बताये जाते हैं तथा अध्ययन की सभी शाखाओं में तकनीकी शब्दों को मिलाकर लगभग 6.5 लाख शब्द हैं। लेकिन प्रधानमंत्री जी का पसंदीदा शब्द पाकिस्तान, श्मशान, कब्रिस्तान, हिंदू-मुसलमान, मंदिर-मस्जिद, मछली-मुगल, मंगलसूत्र और गाय-भैंस हैं। उन्होंने कहा कि ऊपर की लिस्ट पहले दो चरणों के चुनाव होने तक की है। सातवें चरण तक इस लिस्ट में कुछ दो चार नाम और बढ़ सकते हैं। ने चुटकी लेते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री नौकरी-रोजगार, गरीबी-किसानी, महंगाई-बेरोजगारी, विकास-निवेश, छात्र-विज्ञान-नौजवान इत्यादि शब्द भूल गए है। यह पहला मौका नहीं है जब लालू प्रसाद ने सीधे-सीधे पीएम नरेंद्र मोदी पर अपने तेवर दिखाए हैं। इसके पहले भी वे अलग-अलग मौकों पर उनके प्रति अपनी नाराजगी उनकी नीतियों की आलोचना करते रहे हैं। कुछ दिन पहले ही लालू प्रसाद ने संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा था कि इसी महान ग्रंथ संविधान को भाजपा और मोदी मिल कर नष्ट करना चाहती हैं। संविधान खत्म कर ये भाजपाई देश के दलितों और वंचितों को गुलाम बनाना चाहते हैं।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले आईटीआई संचालक का मर्डर

**छपरा (नि.सं.)।** छपरा में मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात भगवान बाजार थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई है। हत्या के बाद थाना रोड पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। जानकारी के अनुसार युवक सुबह-सुबह टहल कर अपने लौट रहे थे, घर से थोड़ी ही दूर पर पीछे से आए अपराधी ने गोली मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान भगवान बाजार थाना क्षेत्र के थाना रोड लल्लू मोड़ निवासी ओमप्रकाश श्रीवास्तव उम्र 33 साल पिता बृज किशोर श्रीवास्तव के रूप में किया गया है। इनका आईटीआई के संचालक थे।

# नीतीश कुमार ने छोड़ दी ये आदत, चुनाव प्रचार में जाने पर हेलीकॉप्टर में ही खाते हैं दलपूड़ी और चोखा

निज संवाददाता



**पटना।** नीतीश कुमार की चुनावी सभाओं को लेकर इन दिनों व्यस्तता कुछ इस तरह की है कि वह एक दिन में तीन-तीन चुनावी सभाएं और फिर रोड शो कर रहे हैं। इस व्यस्तता के बीच भी उन्होंने अपनी दिनचर्या को पूर्व की तरह रखा हुआ है। आमतौर पर लंच वह दूसरी से तीसरी सभा के बीच हेलीकॉप्टर में ही ले रहे हैं। उनके साथ लंच के लिए दलपूड़ी और आलू का चोखा जाता है। साथ में हरी मिर्च भी। मुख्यमंत्री नीतीश की दिनचर्या में बरसों से सुबह की सैर शामिल है। पटना में रहने पर वह मुख्यमंत्री आवास स्थित लॉन में टहलते हैं। विगत दो चरणों के मतदान के लिए मुख्यमंत्री ने अपने चुनावी कैंपेन को मधेपुरा में रहकर संचालित किया। मधेपुरा में भी उन्होंने अपनी दिनचर्या को नहीं छोड़ा। जिस आवास में वह रह रहे थे, वहां से पास में स्थित विद्यालय के मैदान में सुबह की सैर के लिए निकलते और लगभग 40-45 मिनट टहलकर वापस लौटते हैं। इसके बाद वह योग करना भी नहीं भूलते। नौ बजे तक तैयार होकर मुख्यमंत्री अखबार की खबरों के साथ-साथ अन्य अपडेट लेते हैं। इसके बाद उन क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ बात-चीत होती है, जहां उन्हें जाना होता है। संबंधित क्षेत्र की विशेष जानकारी भी उन्हें उपलब्ध कराई जाती है। सुबह दस बजे तक वह सुबह का नाश्ता कर चुनावी सभा के लिए निकल जाते हैं। मुख्यमंत्री आमतौर पर एक-एक घंटे की तीन चुनावी सभाएं कर रहे हैं। जिस दिन उनकी दो चुनावी सभाएं होती हैं, उस दिन तीसरी जनसभा के रूप में उनका रोड शो हो जाता है। पूर्व में जब मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से चुनावी सभाओं के लिए निकलते थे तो उनकी यह आदत थी कि संबोधन के बाद मंच पर ही चाय पीते थे, पर इस बार उन्होंने इसे विश्राम दिया हुआ है। गर्मी की वजह से वह मंच पर चाय से परहेज कर रहे हैं। फुलप्रूफ तैयारी के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनावी सभाओं के बाद भी दो-तीन बैठक वहां करते हैं, जहां वह चुनावी अभियान से वापस लौटते हैं। इस बैठक में संबंधित क्षेत्र के प्रत्याशी भी रहते हैं, जहां मुख्यमंत्री को अगले दिन जाना है।

# तेजस्वी ने तीसरे चरण तक कर डाली 90 चुनावी सभा

निज संवाददाता



**पटना।** महागठबंधन के अधिकांश सहयोगी दल अपने-अपने हिसाब से चुनाव मैदान में जुटे हैं। वामदल अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए अपने तरीके से अलग-थलग होकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं तो गठबंधन की अन्य सहयोगी कांग्रेस भी अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए प्रचार में जुटी है। प्रचार में सर्वाधिक ताकत राजद ने झोंक रखी है। लेकिन गौर करने वाली बात है की इक्का-दुक्का मौकों को छोड़ दिया जाए तो संयुक्त रूप से महागठबंधन के सभी सहयोगी दल एकजुट होकर प्रचार करते नहीं दिख रहे है। जिसे देखते हुए यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि ये दल तो हैं लेकिन कहीं न कहीं इनके बीच दूरी भी है। बिहार में अब तक दो चरणों में नौ सीटों पर चुनाव हो चुके हैं। जिन सीटों पर अब तक मतदान हो चुके हैं। वे हैं गया, औरंगाबाद, नवादा, जमुई, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका। तीसरे चरण के लिए पांच सीटों झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगडिय़ा में सात मई को वोट डाले जाएंगे। इसके बाद भी चार चरणों के चुनाव शेष रह जाएंगे। पक्ष-विपक्ष के दोनों गठबंधन अपनी पूरी ताकत से इन सीटों पर जीत का जोर लगा रहे हैं। स्वयं प्रधानमंत्री बिहार में लगभग पांच चुनावी सभाएं कर चुके हैं। पीएम के मंच पर तमाम सहयोगी दल के नेताओं की उपस्थिति रही है। पीएम मोदी के अलावा, गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अपनी चुनावी सभाएं कर रहे हैं। इन नेताओं के मंच पर भी सहयोगी दल के नेताओं की उपस्थिति भी सहज ही देखी जा सकती है। लेकिन दूसरी ओर, महागठबंधन के नेताओं की चुनावी सभा में ऐसी एकजुटता नहीं दिखती। महागठबंधन की सहयोगी कांग्रेस के उम्मीदवार के प्रचार के लिए राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बिहार आ चुके हैं। लेकिन खरगे के मंच पर स्थानीय राजद नेताओं के अलावा राज्य स्तर का कोई नेता नहीं दिखा। भागलपुर में राहुल गांधी की सभा में तेजस्वी और मुकेश सहनी मंच पर जरूर नजर आए थे। दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी सर्वाधिक चुनावी सभाएं करने वाले बिहार के नेता बनते जा रहे हैं। तीसरे चरण का चुनाव आते-आते तेजस्वी की करीब 90 चुनावी सभाएं हो चुकी हैं। लेकिन तेजस्वी के मंच पर बिहार कांग्रेस का कोई नेता मंच साझा करता नहीं दिख रहा। हालांकि राजद-कांग्रेस दोनों दल दावा करते हैं कि स्थानीय स्तर पर दोनों दलों के नेता एक-दूसरे के साथ मंच साझा करते हैं। लेकिन, सच्चाई यह है कि अमूमन तेजस्वी की सभाओं में एकमात्र विकासशील इंसान पार्टी के नेता मुकेश सहनी ही सक्रिय रूप से साथ-साथ दिख रहे हैं। राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन कहते हैं, अभी तो पांच चरणों का चुनाव बाकी है। जैसे-जैसे आगे की सीटों पर मतदान की तिथियां नजदीक आएंगी सहयोगी दल के नेता एक-दूसरे के साथ जरूर नजर आएंगे।

## लॉरेंस विश्नोई का एजेंट विनय गुप्ता अरेस्ट

**पटना (नि.सं.)।** कुख्यात लॉरेंस विश्नोई एवं विक्रम बरार गैंग के शातिर विनय गुप्ता को बिहार की रक्सौल पुलिस ने मोतिहारी पुलिस के सहयोग से गुरुवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। विनय गुप्ता गैंग के शूटर शशांक पांडेय का शागिर्द था और नेपाल के वीरगंज में उसे किराये का घर दिलवाया था। रक्सौल थाने में डीएसपी धीरेंद्र कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि रक्सौल थाने में दर्ज रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट के मामले में विनय को पश्चिम चंपारण के पिपरारी इनरवा से गिरफ्तार किया गया है। रक्सौल पुलिस इंस्पेक्टर राजीव नंदन सिन्हा ने बताया कि विनय को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सड़क खंड के खेखरिया नोनियाडीह के बीच पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था।

# बीजेपी को नहीं भाया राहुल गांधी का रायबरेली जाना

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार भाजपा को कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला कुछ खास नहीं ठीक नहीं लगा है। भाजपा के दो नेताओं ने इसे लेकर कांग्रेस को आईना दिखाया है। उनका कहना है कि यह फैसला डर की वजह से लिया गया है अथवा थोपा गया है। राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने के सवाल पर भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये डर है। यही तो डर है। पहले डर था तो मंदिर तक पहुंच गए। मंदिर में पूजा करनी पड़ रही है। राहुल गांधी सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी अपनी परंपरागत सीट, जिस पर उनकी दादी उनके दादा, परदादा लड़ते रहे, अब उसको भी छोड़कर पूरा खानदान भाग गया। सम्राट ने कहा कि लिखकर रख लीजिए 2025 का जो चुनाव होगा, 10 लाख नौकरी देने का जो वादा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है, उसे पूरा करेंगे। यह गारंटी है। ये लालू यादव का राज नहीं है। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी के रायबरेली से लड़ने के सवाल पर कहा कि वो लड़ना नहीं चाहते होंगे। थोपा गया होगा। प्रसाद ने कहा कि पहले वह अमेठी की हार के बाद वायनाड चले गए। क्योंकि वहां मुस्लिम और क्रिश्चियन अधिक थे। अब लग रहा है वहां से भी हारने की उम्मीद है। प्रसाद ने कहा कि उनकी पार्टी उन्हें कहां से चुनाव लड़ाती है, ये उनका विषय है। हार की हिचक, हार का डर उनके सामने है। इसलिए डर था उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि जो व्यक्ति प्रधानमंत्री को रोज चुनौती दे रहा है, ऐसी भाषा में जो शर्मनाक भाषा है। वो अपने पुराने लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने में डरते हैं। देश क्या चलाएंगे। उन्होंने कहा कि अमेठी जहां से उनके (राहुल गांधी के) पिताजी (स्व. राजीव गांधी) लड़े, उनके चाचा संजय गांधी लड़े। खुद भी चार-पांच बार लड़े तो क्यों छोड़ दिया। रायबरेली भी लगता है दबाव में ही गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्ट्रेट में दीप जलाकर प्रतीकात्मक रूप से मनेगा जिले का स्थापना दिवस

**भागलपुर।** इस बार चार मई को पहली बार भागलपुर जिला का स्थापना दिवस मनाने पर विराम लग गया है। हालांकि चार मई को भागलपुर जिला का पहली बार स्थापना दिवस मनाया जाएगा। लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लागू रहने की वजह से इस बार सिर्फ प्रतीकात्मक रूप से ही स्थापना दिवस मनेगा। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में दीप जलाकर स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसके साथ ही इस बार विभाग की ओर से राशि भी नहीं मिली है। इसलिए सादगीपूर्वक ढंग से स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में डीएम नवल किशोर चौधरी ने बताया कि इस बार भागलपुर जिला का स्थापना दिवस पहली बार मनाया जाना था। लेकिन आचार संहिता के कारण सिर्फ प्रतीकात्मक रूप से स्थापना दिवस मनाया जाएगा। कलेक्ट्रेट समेत सभी कार्यालयों को दीप जलाकर मनाने का निर्देश दिया गया है। चार मई 1773 को भागलपुर के पहले कलेक्टर ने पद ग्रहण किया था बता दें कि पिछले साल ही चार मई को स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस पर विभाग से भी सहमति मिल गई थी। इस तिथि को स्थापना दिवस मनाने के पीछे का तर्क यह है कि चार मई 1773 को जब भागलपुर व राजमहल संयुक्त जिला था, उस वक्त ही मिस्टर जेम्स बर्टन ने पहले कलेक्टर के रूप में पद ग्रहण किया था। इस कारण तत्कालीन एडीएम की अध्यक्षता में बनी समिति ने निर्णय लिया था कि यह तिथि ज्यादा तर्कपूर्ण और तथ्यपूर्ण है। समिति की बैठक में सर्वमान्य रूप से निर्णय लिया गया था कि इसी तिथि को जिला का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। समिति ने अनुशंसा कर डीएम को भेज दिया गया था। डीएम के स्तर पर विभाग को भेजा गया। वहां से स्वीकृति मिली गई और हर साल चार मई को ही स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया।

### लैलख स्टेशन पर ट्रेन से कटकर यात्री की गई जान

**सबौर।** लैलख स्टेशन पर बुधवार दोपहर करीब 12:15 बजे ट्रेन पकड़ने के दौरान दूसरी ट्रेन के चपेट में आने से एक यात्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान सबौर थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर निवासी हरिद्वार तांती (55 वर्ष) के रूप में हुई है। लोगों ने बताया कि वह टिकट लेकर प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेन पकड़ने के लिए पटरी के बगल से ही जा रहा था। तभी पीछे से आ रही इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया और जख्मी होकर पटरी पर गिर पड़ा। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को भागलपुर ले गई। पोस्टमार्टम कराने के बाद गुरुवार को शव परिजनों को सौंप दिया। लोगों का कहना है कि टिकट काउंटर और प्लेटफार्म की दूरी आधा किमी रहने के कारण अक्सर घटनाएं होती रहती हैं।

### दरवाजे पर खड़ी बाइक उड़ा ले गए चोर

**पीरपैंती।** प्रखंड के योगिया तलाब निवासी नीलेश कुमार की बाइक उसके दरवाजे से चोरों ने उड़ा ली। घटना के संबंध में बाइक मलिक ने पीरपैंती थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि 26 अप्रैल की रात अपनी बाइक दरवाजे पर खड़ी कर सोने चले गए। सुबह जगा तो बाइक दरवाजे से बाइक गायब थी। इधर-उधर काफी खोजबीन भीकी, परंतु कहीं पता नहीं चला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बोर्ड में 52 दिव्यांगों का हुआ भौतिक सत्यापन

**मुंगेर।** सिविल सर्जन कार्यालय में गुरुवार को दिव्यांगता जांच के लिए मेडिकल बोर्ड लगा। सीएस डॉ. विनोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित मेडिकल बोर्ड में 52 दिव्यांगों का भौतिक सत्यापन कर दिव्यांगता जांच चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. निरंजन कुमार ने हड्डी रोग से जुड़े 32 दिव्यांगों का भौतिक सत्यापन किया। इसी तरह नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. रईस ने नेत्र रोग से जुड़े 14 दिव्यांगों तथा फिजिशियन चिकित्सक डा. रमण कुमार द्वारा 06 मानसिक रोगियों का दिव्यांगता जांच किया गया। सीएस ने बताया कि जांच प्रक्रिया के पश्चात सभी दिव्यांगों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र 15 दिन के अंदर ऑनलाइन कर दिया जाएगा। प्रत्येक गुरूवार को मेडिकल बोर्ड में चिकित्सकों की टीम द्वारा दिव्यांगता जांच की जाती है। इच्छुक दिव्यांग ऑनलाइन आवेदन कर दिव्यांगता जांच करा सकते हैं।

### दो एएनएम और सीएचओ फिर भी पूरे दिन बंद रहा हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर

**मुंगेर।** इन दिनों हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर कि स्थिति काफी बदतर होती जा रही है। बार-बार अधिकारियों द्वारा सेंटर का निरीक्षण करने और स्पष्टिकरण, वेतन कटौती के बावजूद इन पर किसी प्रकार का असर नहीं हो रहा। अपने कार्य के प्रति पूरी तरह लापरवाह सीएचओ और एएनएम को अब किसी प्रकार कि कार्रवाई तक का भय नहीं है। जिसके कारण वे लगातार अपने कार्यस्थल से गायब मिल रही हैं। ताजा मामला सदर प्रखंड के सुजावलपुर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का है जहां गुरूवार को कोई भी स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी मौजूद नहीं था। दर्जन भर मरीज वहां बारी-बारी से आए और जब बंद पाया तो अपने सुविधानुसार या तो घर चले गए या फिर प्राइवेट क्लिनिक का रूख कर लिए। इससे साफ दिख रहा कि सरकार के भावी योजनाओं का किस प्रकार दुरुपयोग किया जा रहा है।

### सबौर में सरकारी जमीन पर बने 7 घर तोड़े गए

**सबौर।** थाना क्षेत्र के राजपुर पाल टोला स्थित बिहार सरकार की जमीन पर बनाए गए सात लोगों के मकान प्रशासन ने जेसीबी से तोड़वा दिया। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे सबौर के सीओ सौरव कुमार पुलिस बल और जेसीबी के साथ राजपुर गांव पहुंचे और उक्त कार्रवाई की। सीओ ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में कार्रवाई करते हुए सात लोगों के मकान तोड़कर हटाए गए। इसमें दो लोग पर्चाधारी थे, जबकि अन्य पांच लोग सरकारी रास्ते पर मकान बना कर रह रहे थे। हालांकि, इस दौरान लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन पुलिस बल की तैनाती के बाद मामला शांत हुआ।

### मुंगेर में मंत्री सुमित सिंह को ग्रामीणों ने सुनाई खरी-खोंटी, ललन सिंह के लिए राजपूत गांव गए थे मंत्री

**मुंगेर।** चौथे चरण के लोकसभा चुनाव का प्रचार प्रसार चरम पर है। सभी दल अपने-अपने प्रत्याशियों के क्षेत्र में घूमकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं। क्षेत्र में जातियों की संख्या देखकर उक्त जगह उसी जाति से ताल्लुक रखने वाले मंत्री और बड़े नेताओं से वोटरों को अपने पक्ष में करने की कवायत की जा रही है। इसी दौरान बिहार सरकार में मंत्री सुमित सिंह मुंगेर लोकसभा से NDA प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के चुनाव प्रचार के लिए शुक्रवार को जमालपुर विधानसभा क्षेत्र के कई राजपूत जाति की संख्या वाले गांव का दौरा किया। ललन सिंह को वोट करने की अपील की। वहीं, बुधवार को चुनावी कैंपेनिंग करते हुए मंत्री सुमित सिंह परसंडो गांव पहुंचे। जहां राजपूत टोले में उनका भव्य स्वागत भी किया गया। इसी दौरान मंच पे गेरुआ वस्त्र धारण किए सिपाही सिंह उर्फ धनंजय सिंह ने मंत्री सुमित सिंह के सामने ललन सिंह और नीतीश कुमार को लेकर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने आरोप लगाया कि ललन सिंह ही वो व्यक्ति थे जिन्होंने सुमित सिंह का टिकट काटकर राजपूतों का अपमान किया है। वहीं, सुमित सिंह जब निर्दलीय चुनाव जीत कर गए तो आज उन्हें राजपूत समाज में भेजकर वोट मांगने का काम कर रहे हैं। आखिर ललन सिंह को जमालपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्यारह पंचायतों में राजपूतों वाली वस्ति में आने में क्यों डर लग रहा है। ललन सिंह सिर्फ कुछ लोगों को ठेकेदारी देकर पूरे गांव पर हावी होना चाहते हैं। वहीं, वायरल वीडियो में आप भी साफ साफ देख सकते हैं कि किस तरह मंत्री सुमित सिंह के सामने ग्रामीण ललन सिंह और नीतीश कुमार को लेकर गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। सुमित सिंह चुपचाप उनकी बातों को सुन रहे हैं। वहीं, ग्रामीण ये भी कह रहे सुने और देखे जा सकते हैं कि आप आए हैं तो आपकी प्रतिष्ठा को बचाने के लिए हमलोग एक एक वोट न ललन सिंह को देख कर और न ही नीतीश कुमार देखकर देंगे। हमलोग पीएम मोदी के नाम पर उनको वोट दे देंगे। वहीं, लगभग 5 मिनट के इस वायरल वीडियो ने राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बना दिया है। ये वीडियो एक मई का है।

# रिटायर्ड महिला टीचर की घर में मिली लाश, हाथ-पैर बंधे थे

## 1980 में पति की हुई थी हत्या, मुंगेर में पड़ोसी बोले-लाश से दुर्गंध आ रही थी

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में बदमाशों ने रिटायर्ड महिला टीचर की लूटपाट के दौरान हत्या कर दी। घटना असरगंज थाना क्षेत्र के रहमतपुर बासा की है। शुक्रवार की सुबह विक्रमपुर गांव के एक लोग उनके परिचित के कहने पर महिला की घर पहुंचे तो लाश मिली। उसके हाथ पैर बंधे थे और पलंग से नीचे लाश पड़ी हुई थी मृतक की पहचान 70 वर्षीय शिक्षिका मंजू कुमारी के रूप में हुई है। वह रहमतपुर स्थित अपने घर में अकेले रह रही थी। उसके दो बेटे हैं जिसमें एक भागलपुर और दूसरा देवघर में रहता है। बताया गया कि घर में गोदरेज सहित अन्य सामान बिखरा पड़ा था। महिला के पति मुरलीधर उपाध्याय की 1980 में गोली मारकर हत्या की गई थी। मंजू कुमारी मध्य विद्यालय गोपी



स्कूल में प्रधानाध्यापिका के पद से सेवानिवृत्त हुई थी। अकेले अपने घर में रहकर अपनी संपत्ति की देखभाल करती थी। घटना की सूचना पर पुलिस और निरीक्षक चंदन कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी रागिनी कुमारी, थाना अध्यक्ष शिव अमित प्रकाश कौशिक पहुंचे। इधर, भागलपुर से पहुंची एफएसएल की टीम ने भी जांच शुरू की और ब्लड सैंपल सहित अन्य तरह के साक्ष्य अपने साथ ले गई। डॉग स्क्वायड की टीम भी जांच कर रही है। पड़ोसी विनोद सिंह ने कहा कि 70 साल की महिला थी। हमारे बच्चों को भी पढ़ाई है। बॉडी से दुर्गंध आ रही थी। करीब दो से तीन दिन पहले हत्या हुई हो सकती है। दोनों बेटे बाहर रहते हैं। वो घर में अकेले रहती थी। असरगंज थानाध्यक्ष शिव अमित प्रकाश कौशिक ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली कि घर में एक महिला का शव पड़ा है। प्रथम दृष्टि से यह लग रहा कि महिला की हत्या की गई है। घटना को लेकर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। इसके अलावा हम लोग भी विभिन्न बिंदु पर जांच में जुटे हैं। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## भागलपुर में जूनियर डॉक्टर और भाजपा नेत्री के बीच झड़प

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में पूर्वी बिहार के सबसे बड़े अस्पताल जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर डॉक्टर ने इलाज कराने पहुंची भाजपा नेत्री रीता गुप्ता के साथ हाथापाई की। इसके बाद अस्पताल में करीब 30 मिनट तक हंगामा होते रहा। भाजपा नेत्री ने डॉक्टर के कॉलर पकड़ लिया तो दूसरी तरफ जूनियर डॉक्टर ने महिला के साथ हाथापाई की। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि भाजपा नेत्री रीता गुप्ता डायबिटीज का इलाज कराने के लिए मायागंज अस्पताल पहुंची थी, जहां पर डॉक्टर से किसी बात को लेकर उनके बेटे रितेश कुमार से विवाद हुआ। इसी में जूनियर डॉक्टर ने हाथापाई करना शुरू कर दिया। बीच बचाव करने आई भाजपा नेत्री से भी हाथापाई की। घटना के बाद पीड़ित रीता गुप्ता अस्पताल अधीक्षक राकेश कुमार के दफ्तर पहुंचे, जहां उन्होंने अस्पताल प्रशासन को आपबीती सुनाई।

**आरोपी डॉक्टर को दी गई हिदायतः** अस्पताल प्रशासन ने आरोपी डॉक्टर को बुलाकर सख्त हिदायत दी। इस दौरान पीड़िता रीता गुप्ता से जूनियर डॉक्टर ने माफी मांग जिसके बाद मामला शांत हुआ मामले को लेकर ऑफ कमरे में पीड़ित रीता ने बताया कि वह डायबिटीज बीमारी के इलाज करने के लिए मायागंज अस्पताल पहुंची थी। डॉक्टर ने उससे दवाई मांगा। इसी दौरान पीड़ित के पुत्र रितेश से जूनियर डॉक्टर के बीच कहासुनी हुई। उसके बाद दोनों के बीच हाथापाई होना शुरू हुआ बीच बचाव करने जब पीड़ित रीता पहुंची तो उनके साथ भी जूनियर डॉक्टर से झड़प हुई। इस दौरान पीड़ित रीता के मुंह पर चोट आ गई। मोबाइल भी टूट गया। हालांकि आपसी समझौता के बीच जूनियर डॉक्टर ने मोबाइल ठीक कराने की भी बात कही। इसके बाद मामला शांत हुआ।

# प्रेमी संग मिलकर कराई पति की हत्या, शूटर अरेस्ट

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में पत्नी ने अवैध संबंध के लिए पति की आशिक के साथ मिलकर हत्या करवा दी। दोनों ने मिलकर शूटर हायर किया और गोली मारकर मर्डर करवा दिया। पुलिस ने इस मामले में 50 हजार के इनामी शूटर के साथ अब तक 6 लोगों को पुलिस ने अरेस्ट किया है।

**अवैध संबंध को लेकर हुई हत्याः** 3 मार्च को मिथिलेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मिथिलेश बतौर पोस्टमैन काम करता था। मर्डर के बाद लोगों ने खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस की जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि मृतक की पत्नी अंजली का अफेयर उसके दोस्त सौरभ के साथ चल रहा है। जांच का दायरा बढ़ा।

पुलिस ने अंजली को अरेस्ट किया तो उसने सारी कहानी बता दी। इस मामले में अबतक कुल 6 लोगों को अरेस्ट किया गया है।

**शूटर पहले भी जा चुके है जेलः** भागलपुर पांच लोगों की



हत्या के आरोपी और 50 हजार के इनामी सुल्तानगंज के शाहाबाद के शूटर ब्रजेश यादव को एक मई को सजौर पुलिस व डीआईयू की टीम ने बांका जिला के धनकुंड के एक घर से गिरफ्तार कर लिया। उस पर तीन मार्च को सजौर के शाहकुंड सतपरैया के पोस्टमैन मिथिलेश कुमार उर्फ मिथुन की हत्या करने का आरोप है।

इसी मामले में उसे पकड़ा गया है। शूटर की निशानदेही पर घर से एक कट्टा व तीन कारतूस भी बरामद हुए। ब्रजेश तीन हत्याकांड में पहले भी जेल जा चुका था।

**50 हजार का ईनामी है ब्रजेशः** सिटी एसपी ने बताया कि ब्रजेश हत्याकांड के तीन मामलों में जेल जा चुका है। अभी जमानत पर बाहर था। उस पर सुल्तानगंज, अकबरनगर व शाहकुंड के थानों में हत्या व आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। उसपर सुल्तानगंज में सुमन नाम के युवक की हत्या का आरोप है। उसने अकबरनगर में दो ट्रक ड्राइवरों को गोली मारी थी।

### तेज रफ्तार हाईवा ने रिटायर दारोगा को रौंदा

**भागलपुर ।** भागलपुर में सड़क हादसा हमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला जिले के अकबरनगर थाना क्षेत्र के रसीदपुर गांव के समीप का है। जहां पर एनएच- 80 मुख्य सड़क मार्ग पर गुरुवार को शिमला कंपनी के हाईवे वाहन ने रिटायर दरोगा मोहम्मद मुर्शीद आलम को धक्का मार दिया. जिससे कि उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को जमकर घंटो प्रदर्शन किया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची तीन थाने की पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा बूझकर शांत कराया। करीब 4 घंटे के बाद सड़क जाम को हटाया गया। मुआवजा राशि देने का मिला आश्वासनः आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवे के चालक पवन सिंह का जमकर पिटाई कर दिया जिससे कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर स्थिति में उसे मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। आक्रोशित लोग व परिजनों का कहना है कि मुआवजा राशि जब तक नहीं दिया जाएगा तब तक सड़क जाम नहीं हटाया जाएगा इसके बाद मौके पर पहुंचे अंचलाधिकारी रवि कुमार सुल्तानगंज शाहकुण्ड, अकबरनगर थाना पुलिस एवं शिमला कंपनी के कई कर्मी मौके पर पहुंचकर मुआवजा राशि देने का आश्वासन दिया।

# चूल्हे की चिंगारी से लगी आग, 3 मवेशी जले

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत महुली पंचायत क्षेत्र टिकरामपुर गांव के धौताल महतो टोला के एक घर में दोपहर को खाना बनाने के बाद चूल्हे की चिंगारी से आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि 15 मिनट में ही एक फूस के घर को जलाकर खाक कर दिया। आग से घर में रखा सारा सामान और तीन मवेशी जलकर स्वाहा हो गए। मन्नी कुमार ने बताया कि मेरे दादा राजनीति महतो के घर में आग लगी है। मेरे दादा खेती किसानी करते हैं और इधर खेत से सारा अनाज लाकर उसके घर में रखे थे जो जलकर खाक हो गया। उन्होंने बताया कि दोपहर का खाना बनाने के बाद सभी लोग पक्के के मकान में आगे चले आए, लेकिन पीछे का मकान जो फुस का था उसके किचन के चूल्हे में चिंगारी रह गई थी। उसी चिंगारी के कारण शायद किचन में आग लग गई। किचन धु धु कर जलने लगा। हम लोगों को जैसे ही गर्मी का एहसास हुआ तब तज पीछे का मकान जलने लगा था।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सं. एसडीएसटीई–6क्यूसी-केएएन-आरपीएच-19एसटीएन, दिनांक 01.05.2024।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के निकट डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. एसडीएसटीई–6क्यूसी-केएएन-आरपीएच-19एसटीएन, जिसके **बंद होने की तारीख 27.05.2024 को अपराह्न 03.00 बजे** है, के प्रति एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोली लगानेवाले सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/ संशोधित बोलियां जमा करने में सक्षम होंगे। इस निविदा के प्रति मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे किसी भी प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज किया जाएगा। **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल में केएएन-आरपीएच खंड में पुराने एवं अधिक पुराने 4 क्वाड केबल को बदलना। अनुसूची-ए - बीएचपी-एसएनटी खंड, अनुसूची-बी - जेटीएल-जीकेएच, पीसीक्यू-बीएचपी, एनएचटी-सीटीआर, एएमपी-एलबीपी खंड, अनुसूची-सी - हावड़ा मंडल के विभिन्न स्टेशनों (19) में पुराने पीए सिस्टम का प्रतिस्थापन। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 5,93,07,199.45। **बयाना राशिः** रु. 4,46,500/-। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0/-। **निविदा अपलोड करने की तारीख/समयः** 01.05.2024 को अपराह्न 05.44 बजे। **प्रस्ताव की वैधताः** 120 दिन। **समापन अवधिः** 12 माह। **बोली प्रारम्भ होने की तारीखः** 13.05.2024। **बोली की शैलीः** प्रत्येक अनुसूचित मद के लिए एकल दर। **ठेका का प्रकारः** वर्क्स। **ठेका की श्रेणीः** व्यय। **बोलियों का रैंकिंग अनुक्रमः** न्यूनतम से अधिकतम। **व्यय का प्रकारः** पूंजी (वर्क्स)। **आईपीएएस एकाउंटिंग यूनिटः** 0202-पूर्व-रेलवे-एचडब्ल्यूएच पूर्व रेलवे।

**(HWH-46/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EastemRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-8-2024-25, दिनांक 30.04.2024।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, सियालदह, कंट्रोल बिल्डिंग, प्रथम तल, डीआरएम कार्यालय, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700 014 द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.:** ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-8-2024-25। **कार्य का नामः** सियालदह मंडल में झुके हुए ओएचई मास्ट के प्रतिस्थापन के संबंध में 25 केवी ओएचई एवं संबद्ध विद्युत कार्य - चरण-III। **निविदा मूल्य :** रु. 8,37,14,133/-। **बयाना राशिः** रु. 5,68,600/-। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 18 महीने। **बंद होने की तारीखः** 31.05.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा सूचना का विस्तृत विवरण तथा समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**(SDAH-36/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. 27-31-एमएलडीटी-24-25, दिनांक 30.04.2024।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं. 27-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नामः** मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के अंतर्गत सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के क्षेत्राधिकार में भागलपुर-जमालपुर खंड में खंड की गति को 130 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के लिए प्रावधान एवं सुरक्षा बाड़ लगाने के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 19,55,98,294.45। **क्रम सं. 2, निविदा सं. 28-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नामः** मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के अंतर्गत सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के क्षेत्राधिकार में जमालपुर-किऊल खंड में खंड की गति को 130 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के लिए प्रावधान एवं सुरक्षा बाड़ लगाने के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 16,47,17,059.50। **क्रम सं. 3, निविदा सं. 29-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नामः** सहायक अभियंता/बीआरएल/पूर्व रेलवे/मालदा के अंतर्गत मालदा मंडल के खल्तीपुर-चामाग्राम के बीच पुल सं. 38 डाउन (1x30.5 मीटर), 41 (4x45.76 मीटर) तथा कहलगांव-एकचारी स्टेशनों के बीच पुल सं. 130 (2x24.4 + 1x76.2) के इंस्पेक्शन लैडर के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 2,10,71,103.93। **क्रम सं. 4, निविदा सं. 30-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नामः** सहायक अभियंता/बीआरएल/पूर्व रेलवे/मालदा के क्षेत्राधिकार में बाराहाट-मंदारहिल स्टेशनों के बीच पुल सं. 131 (5x30.5 मीटर), हंसडीहा-बारापलासी स्टेशनों के बीच 185 (1x30.56 मीटर), जंगीपुर रोड-सुजनीपारा स्टेशनों के बीच 340ए (2x18.3 + 3x76.2 मीटर) तथा न्यू फरक्का-तिलडांगा स्टेशनों के बीच पुल 383/डाउन (2x18.3 + 3x76.2 मीटर) के शेष भाग के इंस्पेक्शन लैडर के प्रावधान के कार्य हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 2,10,71,103.93। **क्रम सं. 5, निविदा सं. 31-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नामः** मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के अंतर्गत सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के क्षेत्राधिकार में जमालपुर स्टेशन पर अतिरिक्त प्लेटफॉर्म पर एन-रूट कोच वॉटरिंग सुविधाओं के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 83,61,418.28। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 22.05.2024 को अपराह्न 03.30 बजे। **वेबसाइट विवरण एवं सूचना पट्टः** www.ireps. gov.in/डीआरएम कार्यालय/ एमएलडीटी।

**(MLD-23/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. ओ/एसी/टी/19 से 21/ 24-25 (ओपन), दिनांक 01.05.2024।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन - 713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, केस सं.: ओ-एसी-टी-19-24-25। कार्य का नामः** एईएन/बीआरएल/ एएसएन के अंतर्गत पूरे आसनसोल मंडल में विभिन्न पुलों पर टीई लिमिट ऑपरेशन के लिए रेट्रो रिफ्लेक्टिव कॉशन इंडिकेटर के प्रावधान सहित जीसी खंड में गैंग पाथवे को बदलने, पुल सं. 18 के अन्य सहायक कार्यों को करने के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,59,92,091.05। **बयाना राशिः** रु. 2,30,000/-। **क्रम सं. 2, केस सं.: ओ-एसी-टी-20-24-25। कार्य का नामः** दिनांक 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए पूरे आसनसोल मंडल में एसएसई/ बीआर/सीतारामपुर द्वारा बनाए रखे गए पुलों के लिए सहायक कार्यों सहित पुलों की सुपर संरचना के रखरखाव के लिए जोनल कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 37,50,000/-। **बयाना राशिः** रु. 75,000/-। **क्रम सं. 3, केस सं.: ओ-एसी-टी-21-24-25। कार्य का नामः** दिनांक 30.06.2024 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एईएन/2/आसनसोल मंडल के तहत जोनल ब्रिज कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 30,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 60,000/-। **कार्यों की समापन अवधिः** 9 महीने (क्रम सं. 1 के लिए), 12 महीने (क्रम सं. 2 के लिए) एवं 1 महीने (क्रम सं. 3 के लिए)। **बंद होने की तारीख एवं समयः** 24.05.2024 को दोपहर 12.00 बजे प्रत्येक के लिए। विस्तृत विवरण को रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

**(ASN-36/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**नैहाटी (एनएच) आरई साइडिंग पर (पूरी तरह से रेलवे ज़मीन पर) गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास हेतु खुली निविदा का आमंत्रण**

**संख्या : सीजी-8-जीसीटी-एनएच-आरई-पीटी-I** **दिनांकः 02.05.2024**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा नंबर 44, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-14 एतदद्वारा **नैहाटी (एनएच) आरई साइडिंग पर (पूरी तरह से रेलवे ज़मीन पर) गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास के लिए** इच्छुक व्यक्तियों/कंपनियों/फर्मों/एजेंसियों से दो लिफाफों में **www.ireps.gov.in** के जरिये खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का दायराः** कार्य का अस्थायी दायरा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज़ के खंड IV में विस्तृत है। **अनुबंध की अवधिः** रेलवे ज़मीन को जीसीटीओ के लिए लाइसेंस दिया जाएगा और जीसीटी समझौते पर (35) वर्षों के लिए हस्ताक्षर किए जाएंगे, बशर्ते समझौते और/या नीति के किसी भी प्रावधान का जीसीटीओ द्वारा उल्लंघन नहीं किया गया हो। समझौते की समाप्ति/समापन/रद्दीकरण के समय, रेलवे की ज़मीन रेलवे को वापस कर दी जाएगी। **निविदा दस्तावेज़ की उपलब्धता तथा विस्तृत नियम और शर्तेंः** निविदा दस्तावेज़ तथा विस्तृत नियम और शर्तें आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती हैं। निविदा दस्तावेज़ तथा विस्तृति नयम और शर्तें दिनांक 03.05.2024 को सुबह 11.00 बजे से 31.05.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा नंबर 44, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता -14 के कार्यालय से भी उपलब्ध होंगी। **निविदा जमा करनाः** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से 31.05.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **निविदा का खुलनाः** 31.05.2024 को अपराह्न 4.00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा नंबर 44, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-14 के कार्यालय में। खुलने की तारीख को छुट्टी या किसी अप्रत्याशित कारण से अगर कार्यालय बंद रहता है, तो आवेदन अगले कार्य दिवस को उसी समय और स्थान पर खोला जाएगा। **निविदा का पूरा विवरण तथा विस्तृत नियम और शर्तें जहां देखी जा सकती हैं:** आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा नंबर 44, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-14 के कार्यालय के सूचना पट्ट पर और गुड्स शेड अधीक्षक, पूर्व रेलवे, नैहाटी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर।

(SDAH-38/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## रेवन्ना के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत

सार्वजनिक जीवन में व्यक्ति का आचरण बहुत मायने रखता है। मगर विचित्र है कि बहुत सारे राजनेता इस तकाजे का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझते। कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्युलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। उन पर करीब तीन हजार महिलाओं का यौन शोषण करने, उन्हें धमकाने और प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप हैं। उनके दुराचार के वीडियो सार्वजनिक हुए और मामला तूल पकड़ने लगा तो उसकी जांच के लिए राज्य सरकार ने विशेष जांच दल गठित कर दिया। जांच दल का गठन होते ही रेवन्ना देश छोड़ कर भाग गए। बताया जा रहा है कि वे यहां से सीधे जर्मनी गए और वहां से यूरोप के किसी देश में छिप गए हैं। इस बार रेवन्ना भाजपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़े थे। इसलिए विपक्षी दलों ने न केवल जद (सेकु), बल्कि भाजपा और प्रधानमंत्री पर भी निशाना साधना शुरू कर दिया है। इस राजनीतिक विवाद के बीच जद (सेकु) की कोर समिति ने रेवन्ना को पार्टी से निलंबित कर दिया है। मगर लगता नहीं कि इतने भर से जद (सेकु) और भाजपा को कोई राहत मिलने वाली है, क्योंकि रेवन्ना पर लगे आरोप बहुत गंभीर और महिलाओं के सम्मान से जुड़े हैं। हालांकि रेवन्ना ने सार्वजनिक हुए सारे वीडियो को फर्जी और साजिश के तहत तैयार किया बताया है। बताया जा रहा है कि चुनाव से कुछ दिनों पहले ये वीडियो पेन ड्राइव में भर कर बड़ी तेजी से लोगों के बीच फैलाए जाने लगे। मगर मामले पर कानूनी कार्रवाई के लिए कदम तब उठाया गया जब रेवन्ना के घर में काम करने वाली एक अधेड़ सहायिका ने उसके और उसके पिता के खिलाफ आरोप लगाया। प्रज्वल रेवन्ना के पिता भी जद (सेकु) से विधायक हैं। हालांकि इन मामलों के बारे में जानकारी लोगों को बहुत पहले से थी। भाजपा के एक नेता ने तो कहा है कि उन्हें एक वर्ष पहले ही ये वीडियो उपलब्ध हो गए थे और उन्होंने रेवन्ना को चुनावी टिकट देने से केंद्रीय समिति को रोका था, मगर उस पर ध्यान नहीं दिया गया। यह भी जानकारी आई है कि रेवन्ना खुद करीब एक वर्ष पहले इसी मामले में अदालत से स्थगन आदेश ले आए थे। यानी मामला बिल्कुल ताजा नहीं है। हैरानी की बात है कि न केवल इस प्रकरण को दबा-छिपा कर रखा गया, बल्कि रेवन्ना को फिर से लोकसभा चुनाव के मैदान में उतार दिया गया। यह बेहद भयावह है कि रेवन्ना ने किसी भी आयु और वर्ग की महिला को नहीं बख्शा। घरेलू सहायिकाओं, सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं से लेकर हर तरह की महिलाओं का यौन शोषण किया। वे खुद इसलिए अपनी घिनौनी हरकत का वीडियो बनाते थे, ताकि उनके आधार पर वे उन महिलाओं को डरा-धमका कर चुप रहने को बाध्य कर सकें। हालांकि यह किसी राजनेता या रसूखदार व्यक्ति का पहला और अकेला मामला नहीं है, मगर चिंताजनक बात यह है कि एक व्यक्ति खुद सांसद रहते हुए ऐसा वीभत्स कृत्य कर रहा था। राजनेता सार्वजनिक मंचों से महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की बातें करते नहीं थकते, मगर जब उन्हीं के बीच ऐसा कोई व्यक्ति नजर आने लगता है, तो उसे बचाने या ढंक-छिपा कर रखने का प्रयास करने लगते हैं। अब देखना है कि केंद्र और राज्य सरकार किस तरह मामले की निष्पक्ष जांच कराती तथा रेवन्ना को वापस लाकर उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करती हैं।

## अमन की फिजा में कश्मीर घाटी की अवाम भी करेगी मतदान



**आर.के. सिन्हा**
पूर्व सांसद, राज्य सभा

कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के जिस लाल चौक पर कुछ साल पहले तक सिर्फ सुरक्षा बलों के जवान ही झुण्ड के झुण्ड दिखाई दिया करते थे, वहां आजकल लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय लोग खुलकर राजनीतिक चर्चाएं कर रहे हैं। कश्मीर घाटी में धारा 370 को हटाये जाने के बाद पहली बार कोई चुनाव हो रहे हैं। तब से घाटी की स्थिति में भी अभूतपूर्व बदलाव आया है। घाटी में आतंकवाद जब चरम पर चल रहा था, तब बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों और अन्य लोग वहां से भागकर दिल्ली और दूसरे राज्यों में शरण ली थी। तब इनके सामने विस्थापन का संकट झेलने से लेकर अनिश्चित भविष्य की मुश्किलों का सामना करने के अलावा कोई दिशा या रास्ता भी तो नहीं था। 2019 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने जब धारा 370 को हटाया जिस एतिहासिक संसद के सत्र में भी भागीदार था, तब उनमें एक उम्मीद जगी है। तब से उन्हें यही महसूस हो रहा है कि अब वे किस तरह अपने कश्मीर जाकर फिर से अपनी जड़ों की ओर लौट सकेंगे। कश्मीर घाटी में आतंकवाद के दौर के बाद लाखों पंडितों ने अपमान और अत्याचार के दौर में घाटी को छोड़ा था। वे आगामी 13 मई को अपना वोट राजधानी के पृथ्वीराज रोड पर स्थित जम्मू-कश्मीर हाउस में जाकर डालेंगे। उस दिन श्रीनगर सीट के लिए वोटिंग होनी है। यहां कश्मीरी पंडितों को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की सुविधा दी गई है।

इसके बाद 20 मई (बारामूला) और 25 मई को (अनंतनाग- राजौरी) में मतदान होगा। तब भी राजधानी और इसके आसपास रहने वाले कश्मीरी पंडित यहां आकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे I सरकार का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव भी कराकर वहां की जनता की चुनी हुई सरकार को लाने और विकास कार्य में तेजी लाकर देश की मुख्य धारा से राज्य को जोड़ने के लिए प्रयास शुरू हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राज्य के अपने दौरे में इस बात को साफ तौर पर कहा भी था। साल 2019 में धारा 370 हटाए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राज्य का यह पहला दौरा था। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए करीब दो लाख लोग वहां पहुंचे थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने विस्तार से बताया था कि कैसे उनकी सरकार जम्मू-कश्मीर के हालात को बदलने और वहां के युवाओं के लिए भविष्य को संवारने के लिए काम कर रही है।

राजधानी और एनसीआर में आज भी हजारों कश्मीरी पंडित रहते हैं। ये अधिकतर दक्षिण दिल्ली में ही रहते हैं। दिल्ली में रहने वाले कश्मीरी प्रवासियों को सरकार की ओर से हर महीने मासिक राहत पैकेज दिया जाता है। पहले यह 10,000 रुपये था, लेकिन पिछले साल 2023 में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसको 10,000 रुपये से बढ़ाकर 27,000 रुपये प्रति माह कर दिया था। उप राज्यपाल ने दिल्ली सरकार के कश्मीरी प्रवासी कार्डों में नाम जोड़ने को भी मंजूरी दे दी थी। इससे प्रवासियों के बड़े और विवाहित बच्चों को अपने स्वयं के कश्मीरी प्रवासी कार्ड प्राप्त करने और एएमआर के लिए पात्र बनने की अनुमति मिल गई। उग्रवाद के दौरान विस्थापित हुए कश्मीरी परिवारों के राहत और पुनर्वास के लिए सरकार 1989-90 में एडहॉक मंथली रीलिफ (एएमआर) शुरू की थी। 16 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में रह रहे कश्मीर लोगों के लिए इसको बढ़ाकर कश्मीरियों के लिए एक बड़ी राहत दी है। इससे पहले 2007 में सरकार ने एएमआर को 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया था। राहत पाने वालों की संख्या भी इस बीच काफी बढ़ी है। शुरू में जितने कश्मीरी परिवार दिल्ली में थे, अब तो उसमें काफी इजाफा हो गया है। राजधानी के जामिया मिल्लिया इस्लामिया समेत राजधानी के तमाम विश्वविद्यालयों और कालेजों में बड़ी संख्या में कश्मीरी छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। काफी लोग विभिन्न सरकारी सेवाओं की प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटे हैं। सिविल सर्विस से लेकर सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में काफी कश्मीरी युवक-युवतियां नौकरी भी कर रहे हैं। बड़ी संख्या में घाटी के युवक और युवतियां यहां अपना खुद का व्यवसाय कर रहे है। दिल्ली के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और दिल्ली से सटे दूसरे शहरों में भी कश्मीर से विस्थापित बड़ी संख्या में लोग रह रहे हैं। राजधानी में रह रहे कश्मीरी समुदाय का मानना है कि वर्षों बाद उनमें एक उम्मीद की किरण जगी है। घाटी से विस्थापन के बाद कश्मीरी दंपतियों के दिल्ली में जन्म लेने वाले बच्चे भी अब बड़े हो गये हैं। वे भी अब अपने पूर्वजों की जगह कश्मीर को जाकर देखना चाहते हैं। इस बीच, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार जम्मू-कश्मीर से सशस्त्र बल विशिष्ट शक्ति (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम कानून (एएफएसपीए) को भी रद्द करने पर विचार कर रही है। सरकार केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से सैनिकों को वापस बुलाने की योजना बना रही है और कश्मीर की कानून व्यवस्था को अब पूरी तरह जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले किया जाएगा। सरकार भी मान रही है कि जम्मू कश्मीर में आतंकियों का मूवमेंट कम हुआ है।

आंकड़े बताते हैं कि आतंकवाद में 80 फीसदी कमी आई है। पत्थरबाजी की घटनाएं तो पूरी तरह खत्म ही हो गई हैं । बंद, प्रदर्शन और हड़तालें भी नहीं हो रही हैं। गृह मंत्री ने कहा, 2010 में पथराव की 2564 घटनाएं हुई थीं, जो अब शून्य हैं। 2004 से 2014 तक मौतों की कुल संख्या 2829 थी और 2014-23 के दौरान यह घटकर 915 हो गई है। यह 68 प्रतिशत की कमी है। नागरिकों की मृत्यु 1770 थी और घटकर 341 हो गई है, जो 81 प्रतिशत की गिरावट है। सुरक्षा बलों की मौतें 1060 से घटकर 574 हो गईं, जो 46 प्रतिशत की कमी है। मोदी सरकार ने आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए 12 संगठनों पर प्रतिबंध लगाया है। 36 लोगों को आतंकवादी घोषित किया है। टेरर फंडिंग को रोकने के लिए 22 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं और 150 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की है। 90 संपत्तियां भी कुर्क की गईं और 134 बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। एक बात बहुत साफ है कि सरकार देश विद्रोही ताकतों को कुचलने के लिए तैयार है और जो वार्ता करना चाहता है उसका सदैव स्वागत भी है। हां, उसे वार्ता संविधान के दायरे में आकर करनी होगी। बातचीत की प्रक्रिया में हुर्रियत कॉन्फ्रेंस जैसे अलगाववादी संगठनों का कोई स्थान नहीं है। कहना न होगा कि अब देश बदला-बदला सा जम्मू-कश्मीर देख रहा है।

## करीबी रिश्तेदारों' का दायरा बढ़ाए सरकार !देश में मुश्किल हुआ ऑर्गन डोनेशन

**(राजेश चौधरी)**

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में हाल ही में कहा कि अपने भाई को किडनी डोनेट करना हो तो महिला के लिए पति की इजाजत लेना जरूरी नहीं है। दरअसल, अस्पताल प्रशासन ने इस मामले में कहा था कि किडनी डोनेट करने से पहले महिला को पति से एनओसी लेना होगा। अस्पतालों का रुख - किडनी या अन्य अंग डोनेट करने को लेकर कानूनी प्रावधान बने हुए हैं। लेकिन जब कोई महिला अपने भाई या बहन को अंग डोनेट करना चाहती है तो अस्पताल प्रशासन उसे अपने लाइफ पार्टनर से अनुमति लेने को कहता है। दिलचस्प है कि जब महिला अपने पति को ऑर्गन डोनेट करती है, तब कोई सवाल नहीं उठता। सवाल तभी उठता है जब महिला अपने ब्लड रिलेशन वाली फैमिली में ऑर्गन डोनेट करना चाहती है। इस लिहाज से मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का फैसला काफी अहम माना जा रहा है। नियम क्या है - ट्रांसप्लांटेशन ऑफ ह्यूमन ऑर्गन एंड टिसू एक्ट 1994 के तहत ऑर्गन डोनेशन के लिए नियम तय किए गए हैं। इस कानून की धारा-9 नजदीकी रिश्तेदार द्वारा लिवर डोनेशन की इजाजत देती है। नजदीकी रिश्तेदारों में पति, पत्नी के अलावा बेटा, बेटी, पिता, माता, भाई, बहन, दादा, दादी, पोता और पोती को रखा गया है। यानी ये सब एक-दूसरे को लिवर डोनेट कर सकते हैं। इस कैटिगरी में कजन को नहीं रखा गया है। बदलते सामाजिक हालात - मौजूदा दौर में सिंगल पैरेंटिंग के काफी मामले दिखते हैं। बहुत से कपल सिर्फ एक बच्चा पैदा कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में पैदा होने और पलने-बढ़ने वाले बच्चे को अगर किसी विशेष परिस्थिति में किसी ऑर्गन की जरूरत पड़ जाए तो उसके लिए संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। क्योंकि ऐसे बच्चों को न भाई होते हैं और न बहन। जो नियम है उसमें कजन को ऑर्गन देने या लेने की इजाजत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला - पिछले साल ऐसा एक मामला आने पर सुप्रीम कोर्ट ने तीन साल के कजन के लिए लिवर डोनेट करने की इजाजत दी थी। तीन साल के बच्चे की जिंदगी बचाने और कानून के शब्दों पर सख्ती से अमल करने के बीच कोई एक विकल्प चुनना था और कोर्ट ने जिंदगी बचाने का विकल्प चुना। उस मामले में 31 साल के डोनर और उसके 3 साल के कजन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर लिवर ट्रांसप्लांटेशन की इजाजत मांगी गई थी। स्नेह का आधार - इसी तरह 12 साल पहले दिल्ली हाई कोर्ट में एक ऐसा मामला सामने आया था, जब किडनी लेने और देने वालों के बीच कोई रिश्ता नहीं था। 2012 के उस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने एक महिला की अर्जी का निपटारा करते हुए कहा था कि प्यार और स्नेह के आधार पर किडनी डोनेशन किया जा सकता है। स्नेह और प्यार सिर्फ नजदीकी रिश्तेदारों से हो, यह जरूरी नहीं। कई बार यह दूर के रिश्तेदार से भी मिल सकता है। जो रिश्तेदार नहीं हैं उनसे भी स्नेह मिल सकता है। ऑर्गन बैंक भी नहीं - ऑर्गन ट्रांसप्लांट इन इंडिया विषय पर रिसर्च कर चुकी अंजू वली टिक्कू का मानना है कि देश भर में हर साल एक लाख लोगों को किडनी की जरूरत पड़ती है। इनमें सिर्फ पांच फीसदी को वैध तरीके से किडनी मिल पाती है। यानी किडनी की डिमांड काफी ज्यादा है, लेकिन उपलब्धता कम। भारत में विदेश की तर्ज पर ऑर्गन बैंक भी नहीं है। टेस्ट अप्रूव नहीं होते - इंडियन मेडिकल असोसिएशन एक्शन कमिटी के चेयरमैन विनय अग्रवाल बताते हैं कि कानून का उद्देश्य अवैध कारोबार को रोकना है, लेकिन जरूरी यह भी है कि जरूरतमंदों को ऑर्गन मिले और अमूल्य जीवन बचाया जा सके। पति, पत्नी और नजदीकी रिश्तेदार कानूनन एक-दूसरे को किडनी दे सकते हैं, लेकिन कई बार मेडिकल टेस्ट अप्रूव नहीं होता है। ऑर्गन बचाने की कोशिश-विदेश में सात-सात दिन तक बॉडी को सुरक्षित रखा जाता है ताकि परिवार की सहमति लेकर ऑर्गन बचाए जा सकें और जरूरतमंदों की मदद के वास्ते उन्हें आर्गन बैंक में रखा जा सके। हजारों लोग हमारे यहां सड़क हादसे में अपनी जान गंवा देते हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5359

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 6 | | | 7 |
| | 6 | | | | | | 9 | 8 |
| 1 | | | 4 | | 2 | | 3 | |
| | 4 | 9 | | 6 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | 3 | | 8 | 9 | | 4 | 7 | |
| | 2 | | 5 | | 1 | | | 4 |
| 5 | 8 | | | | | | 2 | |
| 6 | | | 3 | | | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5358

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 6 |

## वर्ग पहेली 5359

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. यह विश्व का सबसे ऊंचा पठार है जिसे विश्व की छत भी कहा जाता है (3)
4. पश्चिमी भारत में स्थित एक राज्य है जहां का प्रसिद्ध व्यंजन खमण है (4)
7. फूल जैसा बदन या कोमल अंगों वाला या वाली (5)
8. शरीर पर काले रंग का गहरा दाग (2)
9. यह ब्रिटेन देश का राष्ट्रीय पुष्प है जिसे अंग्रेजी में रोज कहा जाता है (3)
12. अख्यात, अप्रसिद्ध, गुमनाम (3)
13. मैथिलीशरण गुप्त की एक प्रसिद्ध कृति, अयोध्या नगरी को यह भी कहते है (3)
15. किसी शरहर या कस्बे का प्रवेश स्थल (2)
17. खुदपरस्त, खुदगर्ज, स्वार्थी (4)
19. दरवेश, भिक्षुक, भिखमंगा (3)
21. लोहार का बड़ा हथौडा (2)
22. किसी फूल का अर्धविकसित रूप (2)
23. शिगाफ, दरज (3)
24. जलधि, उदधि, समुद्र (3)

**ऊपर से नीचे**

1. जुगाली, चर्वण, रोमंथ (3)
2. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई (2)
3. एक वृक्ष के रस को पकाकर बनाया जाने वाला अत्यंत लचीला पदार्थ (3)
4. अस्पष्ट व धीर-धीरे बोलना या गाने की क्रिया यह कहलाती है (5)
5. पशुओं का दैनिक आहार, एक दिन की खुराक (3)
6. सात पातालों में से पहला, पेंदा (2)
10. खरी-खोटी, अपशब्द, बेहूदा बातें (4)
11. इशारा, इंगित, प्रतीक (3)
13. इस वेद से भारतीय संगीत शास्त्र का आरंभ होता है और गांधर्व वेद इसका उपवेद है (4)
14. तहखाना, जमीन के नीचे का बना कमरा (4)
16. बंसी या बांसुरी को यह भी कहा जाता है (3)
18. सपेरों का प्रसिद्ध वाद्य (2)
20. बबूल के पेड़ को यह भी कहते है (3)

### वर्ग पहेली 5358 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | न | ■ | वा | ल्मी | कि | ■ | सी |
| फ | ल | दा | न | ■ | शो | ध | क |
| मि | क | दा | र | ■ | र | न | र |
| नि | ■ | ■ | ■ | शं | कु | ■ | ■ |
| स्ट | डी | ■ | ■ | का | मा | य | नी |
| र | न | वे | ■ | क | र | दा | ता |
| ■ | ■ | त | ■ | र्ता | ■ | क | ■ |
| सा | ध | न | ■ | ■ | मै | दा | न |

## आज का राशिफल

### मेष
किसी बड़े समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। समय रहते आप अपना काम पूर्ण करने का प्रयास करें। पिता के मार्गदर्शन से व्यवसाय में बढ़ोतरी होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

### वृष
व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपने ग्राहकों के प्रति अच्छा भाव रखना चाहिये। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी। हर कार्य में जल्दबाज़ी और लापरवाही से बचना चाहिये। फोन और इन्टरनेट पर कुछ समस्या हो सकती है। बुरी संगत से आपको बचना चाहिये।

### कर्क
अपने सिद्धान्त को लेकर जड़ व्यवहार रखने से हानि हो सकती है। आज आप इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान खरीदने में धन खर्च कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कुछ कड़वाहट हो सकती है। नया कारोबार आज शुरू न करें। छात्र नये अनुभव और ज्ञान को सीखने में रुचि लेंगे।

### सिंह
आक्रामक भाषा शैली के कारण आपके सम्बन्ध बिगड़ सकते हैं। किसी पर भी बहुत भरोसा न करें। रिश्तेदारों के बीच आपकी छवि मजबूत होगी। पूर्व में उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलेगा। भावुकता के बजाय बुद्धि से काम लें। धार्मिक कार्यक्रम में आप भाग ले सकते हैं।

### मिथुन
महत्वपूर्ण कार्यों में रोक लगने की आशंका है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को बॉस की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। घर में अशान्ति का माहौल हो सकता है। बच्चों पर गुस्सा निकालने से बचें। आज आपको तनाव से बचने के लिये योगाभ्यास अवश्य करना चाहिये।

### कन्या
व्यापार में आप बड़ा धन निवेश कर सकते हैं। सहकर्मियों के साथ आपको काम करने में आसानी में होगी। ससुराल पक्ष से धन लाभ प्राप्त होगा। आज आप घर की मरम्मत से जुड़े कार्य कर सकते हैं।

### तुला
कारोबार में सावधानी पूर्वक निवेश करें। कड़वे वचन बोलने से बचें। स्वभाव में लचीलापन बनाये रखें। एसिडिटी और गैस की समस्या हो सकती है। आज आपको सन्तान के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिये। श्वास के रोग परेशान कर सकते हैं।

### वृश्चिक
नये प्रोजेक्ट्स को शुरू करने के लिये अच्छा दिन है। प्रेम सम्बन्धों को लेकर विवाह में परिणित कर सकते हैं। बच्चों के जिद्दी व्यवहार से थोड़े परेशान रहेंगे। मित्रों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा। अटके हुये काम समय पर पूर्ण होंगे। अचानक खर्चों में बढ़ोतरी होगी।

### मकर
आपकी कार्यशैली में सुधार आयेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनायेंगे। अपनों से बड़ों का सम्मान करें। आप आज नया ज्ञान सीखने का प्रयास करेंगे। बाहरी विवादों का असर आपके पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है।

### कुंभ
परिवार के लोगों को आज आप उपहार दे सकते हैं। राजनीति से जुड़े जातकों को बड़ा राजनीतिक पद मिल सकता है। बच्चों के साथ आज बहुत अच्छा समय बितायेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। साझेदारी में चल रहे व्यवसाय में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

### धनु
कार्यक्षेत्र में आपको उत्तम सफलता मिलेगी। वैवाहिक जीवन बहुत ही सुखमय रहेगा। महत्वपूर्ण काम आसानी से बनते जायेंगे। अधिकारियों की नजर में आपकी छवि मजबूत होगी। प्रेम सम्बन्धों में नजदीकी बढ़ेगी। अपने करियर को लेकर नयी योजना बनायेंगे।

### मीन
नया रोजगार शुरू करने के लिये दिन सही नहीं है। स्वजनों की अनदेखी के कारण आपको बुरा लगेगा। आपके मान-सम्मान में कमी आ सकती है। भाग्य आज आपका साथ नहीं दे रहा है। इसीलिये आज आपको जोखिम भरे कार्यों से दूर रहना चाहिये।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

हिन्दी दैनिक
सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, शनिवार, 04 मई 2024

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने प्रिंस खान के दो गुर्गों को हिरासत में लिया, पूछताछ जारी

**धनबाद , एजेंसी।** एसएसपी की एसओजी टीम ने प्रिंस खान के दो गुर्गों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पकड़े गए संदिग्धों में फैजान व बारूद नामक युवक शामिल हैं। दोनों को बैंकमोड़ और सरायढेला थाने में रखकर पूछताछ की जा रही है ।पुलिस को जानकारी मिली थी कि प्रिंस के गुर्गे फिर से सक्रिय हो रहे हैं। इसको लेकर पुलिस इनपर नजर रखे हुए थे। बताया जा रहा है कि स्टीलगेट एक चाय दुकान पर उन्हें हिरासत में लिया है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिल सकती है।

### कर्मियों के बिना स्कूल की कल्पना नहीं, वे मजबूत स्तंभ : एमपी सिंह

**धनबाद , एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर बुधवार को माउंट लिटरा जी स्कूल, भूली धनबाद एक कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य एमपी सिंह एवं निदेशक राहुल सिंह ने सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया। प्राचार्य एमपी सिंह व निदेशक राहुल सिंह ने कहा कि स्कूल के कर्मचारी इस स्कूल के एक मजबूत स्तंभ है। इनके बिना एक मजबूत विद्यालय की कल्पना नहीं की जा सकती। मैनेजर विनय झा एवं शिक्षकगण मौजूद थे।

### सभी शिक्षक 5-5 मॉडल पेपर से कराएं परीक्षा की तैयारी : डीईओ

**धनबाद , एजेंसी।** एसएसएलएनटी सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस गर्ल्स धनबाद में गुरुवार को डीईओ निशु कुमारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जैक के मैट्रिक 2024 के परिणामों पर चर्चा की गई। बैठक में गणित और विज्ञान विषय के शिक्षक शामिल हुए। डीईओ ने कहा कि परीक्षा में कुल 17540 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें 15375 पास हुए और 2165 फेल हो गए। गणित और विज्ञान विषय में सर्वाधिक छात्र-छात्राएं फेल हुए हैं। ऐसे में सभी शिक्षक बच्चों को अधिगम स्तर के अनुसार पाठ्यक्रम की तैयारी कराएं। सभी शिक्षक कम से कम 5-5 मॉडल पेपर से परीक्षा की तैयारी कराएं, ताकि बच्चे पूरे सिलेबस में अपनी समझ बना सकें। शत-प्रतिशत परिणाम लक्ष्य होना चाहिए।

### लोको कॉलोनी में रेलवे कर्मी पर जानलेवा हमला

**जमशेदपुर , एजेंसी।** परसुडीह थाना क्षेत्र के लोको कॉलोनी में रहने वाले रेलवे कर्मचारी सुदीप डेनियल चौधरी पर जानलेवा हमला किया गया। घायल को इलाज के लिए खासमहल रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुदीप ने हमला करने का आरोप पास के ही रहने वाले लोकेश राव, वी केशव रेड्डी उर्फ सीनू और रजत राव पर लगाया है। जानकारी के अनुसार पहाड़ी पूजा विसर्जन को लेकर केशव रेड्डी और सीनू नें रवि महतो के साथ मारपीट हुई थी। दूसरे दिन रेलवे कर्मचारी सुदीप डेनियल पूछताछ करने पहुंचे, जहां केशव रेड्डी और उसके दो सहयोगियों ने उनपर जानलेवा हमला कर दिया। उनको सिर पर गंभीर चोटें आई है। परसुडीह थाने में सुदीप ने लिखित शिकायत की है।

### बागबेड़ा में अंधाधुंध फायरिंग, महिला सहित तीन घायल

**जमशेदपुर, एजेंसी।** बागबेड़ा में गुरुवार सुबह गैंगवार में हुई फायरिंग में एक महिला समिति तीन लोग घायल हो गए। गोल जमीन कारोबारी मोनू सिंह को लगी है। तीनों को इलाज के लिए टाटा मुख्य अस्पताल में भर्ती किया गया है। हमले में कन्हैया सिंह गिरोह का हाथ बताया जा रहा है। घायलों का नाम बिजय सिंह उर्फ मोनू सिंह, ललिता देवी और अनिल साहू है। तीनों बागबेड़ा निवासी है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी मुकेश लुणायत सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके और टाटा मुख्य अस्पताल पहुंचे।

### स्टेशन पर अवैध हॉकरी के खिलाफ जांच

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर स्टेशन और ट्रेनों में अवैध तरीके से खाद्य सामग्री बेचने वालों के खिलाफ गुरुवार को रेलवे ने अभियान चलाया। खानपान व वाणिज्य विभाग के सुपरवाइजर ने आरपीएफ जवानों के साथ विभिन्न प्लेटफार्म पर जांच की। जांच में स्टेशन निदेशक एएल राव, वाणिज्य निरीक्षक शशि कुमार, खानपान निरीक्षक राकेश और आरपीएफ के एएसआई बब्लू सिंह टीम के साथ शामिल हुए। हालांकि जांच में एक भी अवैध हॉकर नहीं मिला, लेकिन इस कार्रवाई से अनधिकृत विक्रेताओं में हड़कंप मचा है। दरअसल, चक्रधरपुर मंडल से स्टेशन और ट्रेनों में अवैध हॉकरी रोकने का आदेश आया है। इससे पहले स्टेशन निदेशक खुद भी प्लेटफार्मो व ट्रेनों में औचक जांच अभियान चलाया था।

### उपायुक्त के फर्जी एफबी एकाउंट से प्रधान लिपिक के 1.41 लाख उड़ाए

**जमशेदपुर, एजेंसी।** साइबर ठगों ने उपायुक्त का फर्जी फेसबुक एकाउंट बनाकर उनके ही कार्यालय के प्रधान लिपिक से 1 लाख 41 हजार रुपये की ठगी कर ली। एक महीने पहले यह फेसबुक अकाउंट खोला गया लेकिन उनके ही कार्यालय के प्रधान लिपिक को इसका पता तक नहीं चल पाया। 28 अप्रैल को उन्हें फेसबुक मैसेंजर पर उपयुक्त में मैसेज किया कि उनके एक दोस्त जो अर्धसैनिक बल में हैं, उनकी पदस्थापना दूसरे स्थान पर हो गई है। वह अपना सामान बेचना चाहते हैं। लिहाजा इसकी व्यवस्था कर दें। साइबर ठग ने कथित उपायुक्त के दोस्त का नंबर भी दिया।

# अंतर जिला गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, कटकमसांडी पुलिस ने की कार्रवाई,

**कटकमसांडी , एजेंसी।** सरकारी स्कूलों,पंचायत भवन,अस्पताल तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अंतर जिला चोर गिरोह के चार सदस्यों को पकड़ने में कटकमसांडी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कटकमसांडी तथा पदमा ओपी पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान छपेमारी कर गिरोह में शामिल चार अपराधियों को अलग अलग गांव से गिरफ्तार किया गया है।



गिरफ्तार अभियुक्तों में बरही थाना के पदमा ओपी थाना क्षेत्र के सरैया डीह निवासी तुषार ठाकुर,लक्ष्मण मेहता, दोनई खुर्द निवासी विकास मेहता तथा पदमा गांव के रतन कुमार शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी के सामान भी पुलिस ने बरामद किया है।कटकमसांडी थाना प्रभारी देवदत कुमार सिंह ने बताया कि गत 12 अप्रैल 2024 को कटकमसांडी थाना क्षेत्र के कुरहागडा एवं आराभूसाई स्कूल में अज्ञात चोर के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था।चोरों ने स्कूल से गैस सिलेन्डर, मीड डे मिल का चावल सहित अन्य सामान की चोरी किया था।घटना को लेकर कटकमसांडी थाना में 13 अप्रैल को कटकमसांडी थाना कांड संख्या 72/024 के तहत आईपीसी की विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया था।

आये दिन कटकमसांडी थाना एवं पदमा ओ0पी0 के सीमावर्ती इलाकों में चोरी की घटना में वृद्धि को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा चोरी के कांडों का उद्देदन हेतु पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय नीरज पाठक के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। गठित टीम के तकनीकि अनुसंधान एवं प्राप्त सूचना के आधार पर छापामारी किया गया और अंतर अंतर जिला चोर गिरोह का उद्भेदन किया गया।इस घटना में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार किया कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है जबकिं कुछ अन्य सदस्य फरार है जिनकी गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। चोरी गई सामान को बरामद किया गया है।उन्होंने यह भी बताया कि गिरोह के लोगों ने मयूर हंड़ थानां क्षेत्र के शोकी के आगनवाड़ी व स्कूल तथा पदमा थानां क्षेत्र के बरदेवा, कुटीपीसी, सरैया चट्टी,जिहू अडार के सरकारी स्कूलों में चोरी की बात कबूल किया है।

अंतर जिला चोर गिरोह में शामिल चोरों के गिरफ्तार के उसके निशान देही पर चोरी के सामानों की बरामदगी की गई है।इन सामानों में 10 गैस सिलिन्डर,गैस चुल्हा- 06 पीस,बडा डेग-पांच पीस,तीन पीस छोटा डेग,सात कडाही,दो झंझरा,पांच ढक्कन,दो छोलनी,एक पीस गमला,दो पीस बाल्टी,दो बैटरी,दो इन्वर्टर तथा चोरी के सामानों को ढोने में प्रयुक्त मारुति ओमनी वैन छ्व॥02स्न-5167 शामिल है।

छापेमारी अभियान में कटकमसांडी थानां प्रभारी देवदत्त कुमार सिंह ,पदमा ओपी थाना प्रभारी. राणा भानु प्रताप सिंह,कटकमसांडी थाना के सब इंपेक्टर बिरजा कुजूर,पदमा ओपी के सब इंपेक्टर आलोक कुमार सोरेन,एएसआई अनिल राम तथा कटकमसांडी थाना एवं पदमा ओपी0 के सशस्त्र बल के जवान एवं चालक शामिल थे।

## रांची के दो होटलों में चल रहा था देह व्यापार, फिल्मी स्टाइल में पुलिस ने किया भंडाफोड़, चार गिरफ्तार



**रांची, एजेंसी।** चुटिया थाना की पुलिस ने रांची स्टेशन रोड स्थित होटल ओम और होटल रमण में छापामारी कर दोनों के मैनेजर दीपक सिंह, विकास कुमार, कर्मचारी प्रभु और गुड्डू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके अलावा पुलिस ने आठ से अधिक युवती और महिलाओं को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ चल रही है। पुलिस का कहना है कि उन्हें सूचना मिली थी कि दोनों होटल में देह व्यापार चल रहा है।

पुलिस की टीम पहले रमण होटल में पहुंची तो वहां मैनेजर और चार महिलाओं को पकड़ा गया। इसके बाद ओम होटल में छापामारी की गई तो मैनेजर विकास, प्रभु, गुड्डू और चार महिलाओं को पकड़ा गया।

पुलिस का कहना है कि दोनों होटलों में पिछले कई दिनों से देह व्यपार चल रहा था। कोलकाता से आई युवती और महिलाओं ने पुलिस को बयान दिया है कि उन्हें ज्यादा पैसा कमाने की बात बोलकर देह व्यापार में लगा दिया गया था।हालांकि, पैसा कम मिल रहा था। पुलिस के गिरफ्त में आए लोगों ने बयान दिया है कि मामले में और भी लोग शामिल हैं। पुलिस सभी का सत्यापन कर ही है। दोनों होटल के मालिकों की भी गिरफ्तारी होगी।

पुलिस का कहना है कि होटल में छापामारी के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में अवैध आधार कार्ड मिला है। इसी आधार कार्ड से लोगों को होटल के कमरे में भेजा जाता था ताकि उनकी पहचान नहीं हो सके।

## कोडरमा के रास्ते चल पड़ीं छह समर स्पेशल ट्रेनें, प्रदेश के बड़े स्टेशनों पर होगा ठहराव

**झुमरीतिलैया, एजेंसी।** गर्मी की छुट्टियों में ट्रेनों में रेल यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए कोडरमा के रास्ते 1 मई से छह ट्रेनें चलाई जा रही हैं। कुछ ट्रेनें इस सप्ताह भी शुरू होंगी। इन विशेष गाड़ियों की सीटें अब भी खाली हैं। यदि आप गर्मी छुट्टी में घूमने का प्लान बना रहे हैं तो नियमित गाड़ियों के अलावा समर स्पेशल के लिए जून के अंतिम सप्ताह तक टिकट बुक करा सकते हैं।



झारखंड के रांची, बोकारो, धनबाद, मूरी, जमशेदपुर, गोमो जंक्शन, पारसनाथ और कोडरमा में अलग-अलग ट्रेनों का ठहराव दिया गया है। इन ट्रेनों में बुकिंग भी शुरू हो गई है।2 मई से रांची से आरा के लिए खुलने वाली गाड़ी में स्लीपर क्लास के कोच भी बढ़ाए गए हैं। मई और जून में अत्यधिक शादियां होती थीं, लेकिन इस बार लगन नहीं होने की वजह से घूमने-फिरने वाले लोगों को राहत मिलेगी।

डीडीयू, गया, कोडरमा, धनबाद के रास्ते गाड़ी संख्या 09619 उदयपुर सिटी कोलकाता समर स्पेशल 5 मई से 30 जुलाई तक सप्ताह में प्रत्येक रविवार को उदयपुर सिटी से दोपहर 2.50 बजे खुलेगी और सोमवार को संध्या छह बजे कोलकाता पहुंचेगी।ट्रेन संख्या 09620 कोलकाता-उदयपुर सिटी 7 मई से 2 जुलाई तक सप्ताह में प्रत्येक मंगलवार को 3:30 बजे खुलेगी और कोडरमा दोपहर 12:30 बजे, उदयपुर सिटी दूसरे दिन बुधवार को रात 11:15 बजे पर पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित का एक कोच, तृतीय वातानुकूलित इकानमी के पांच, शयनयान श्रेणी के आठ एवं साधारण श्रेणी के चार कोच होंगे।पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के सीपीआरओ वीरेंद्र कुमार के अनुसार, 04311 हावड़ा देहरादून एक्सप्रेस 3 मई से 28 जून तक चलेगी। यह हावड़ा से शाम को छह बजे खुलकर कोडरमा रात में 12:45 बजे पहुंचेगी। वहीं देहरादून दूसरे दिन 1:30 बजे पहुंचेगी।ट्रेन संख्या 04312 देहरादून- हावड़ा प्रत्येक गुरुवार को 2 मई से 27 जून तक चलेगी। देहरादून से दोपहर 11 बजे खुलकर कोडरमा अगले दिन सुबह 9:35 बजे पहुंचेगी। वहीं हावड़ा दोपहर 3:13 बजे पहुंचेगी।

# 5 मई को होगी नीट की परीक्षा

**बोकारो, एजेंसी।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से पांच मई को नीट यूजी की परीक्षा का संचालन किया जाएगा। यह परीक्षा दोपहर 2:00 से संध्या 5:20 बजे तक संचालित की जाएगी। बोकारो में पांच विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यह जानकारी एनटीए के सिटी को-ऑर्डिनेटर व डीपीएस बोकारो के प्रधानाध्यापक डाक्टर एएस गंगवार ने दी।



उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में 2884 अभ्यर्थी शामिल होंगे। एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर चार एफ में 840, होली क्रास स्कूल बालीडीह में 720, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर पांच में 720, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल सेक्टर छह में 480 एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल सेक्टर चार में 124 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त हो, इसके लिए पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।सभी केंद्राधीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों से समन्वय बनाकर परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर पूरी तैयारी की गई है। देश के 557 शहरों में होगी परीक्षा इस बार नीट-यूजी की परीक्षा 13 भाषाओं में पेन-पेपर, आफलाइन मोड में होगी। देशभर में 557 एवं भारत के बाहर 14 शहरों में परीक्षा होगी। रजिस्ट्रेशन कराने वाले अभ्यर्थी एनटीए की आफिशियल वेबसाइट पर जाकर अपनी सिटी इंटीमेशन स्लिप अपनी जन्मतिथि और एप्लीकेशन नंबर का उपयोग कर डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड दो मई से पहले जारी कर दिए जाने की संभावना है।

नीट यूजी के टेस्ट पैटर्न में चार विषय शामिल हैं। प्रत्येक विषय में दो खंड होंगे। सेक्शन-ए में 35 प्रश्न होंगे। सेक्शन-बी में 15 प्रश्न होंगे। इन 15 प्रश्नों में से उम्मीदवार कोई भी 10 प्रश्न चुन सकते हैं। प्रश्नों की कुल संख्या व समय का उपयोग वही रहेगा। नीट यूजी परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर मेटल डिटेक्टर व अनिवार्य गहन सुरक्षा जांच से गुजरना होगा।

अभ्यर्थी केवल अपनी निजी पारदर्शी वाटर बोतल, परीक्षा संबंधी दस्तावेज, फोटो चिपका हुआ एडमिट कार्ड, मूल वैध सरकारी पहचान पत्र, अटेंडेंस शीट पर चिपकाने के लिए पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, पीडब्ल्यूडी सर्टिफिकेट (यदि उपयुक्त हो) सहित इनके एडमिट कार्ड में वर्णित अनुमति वाली चीज ही ले जा सकेंगे।

परीक्षा हॉल में कोई भी मुद्रित या लिखित पाठ्य सामग्री, कागज का टुकड़ा, ज्योमेट्री या पेंसिल बाक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, पेन, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, इरेजर, लाग टेबल, ई पेन, स्कैनर, मोबाइल फोन, ब्ल्यूटूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड, वालेट, गोगल्स, हैंडबैग, बेल्ट, टोपी, एटीएम,क्रेडिट,डेबिट कार्ड, प्लास्टिक आईडी कार्ड, कोई भी रिमोट वाली चाबी, कोई भी घड़ी,स्मार्ट वाच या एनालाग, कैमरा, वाइटनर, धातु की कोई भी वस्तु या खाद्य पदार्थ अपने साथ परीक्षार्थी नहीं ले जा सकेंगे।

केवल डायबिटीज पीड़ित अभ्यर्थी फल, शुगर टैबलेट या कैंडी ही ले जा सकेंगे।

## अब एक ही दिन में रांची से दिल्ली आना-जाना कर सकेंगे यात्री, इन बड़े शहरों का सफर भी होगा आसान

**रांची, एजेंसी।** इंडिगो एयरलाइंस की सेवा में विस्तार से संबंधित बिंदुओं पर गुरुवार को चैंबर भवन में झारखंड चैंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों व एयरलाइंस के वरीय पदाधिकारियों के बीच बैठक हुई।इस दौरान चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने रांची से जयपुर, रांची से बागडोगरा टू गुवाहाटी, रांची से रायपुर, गुवाहाटी, सूरत, बनारस, अमृतसर के अलावा देवघर से बंगलुरू व मुंबई के लिए इंडिगो के अधिकारियों से सीधा विमान सेवा शुरू करने की बात कही।साथ ही यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रांची से दिल्ली के लिए अर्ली मार्निंग डिपार्चर व देर रात दिल्ली से रांची के लिए विमान सेवा उपलब्ध कराने की बात कही। कहा, इससे यात्री एक दिन में ही रांची से दिल्ली आना-जाना कर सकेंगे। इस क्रम में उन्होंने इंडिगो की सर्वोत्तम सेवा की प्रशंसा की।सिविल एविएशन उप समिति के चेयरमैन डा. अभिषेक रामाधीन व श्रवण राजगढ़िया ने हवाई किराया को संतुलित रखने की बात कही। कहा, किराये को लेकर यात्रियों में असमंजस की स्थिति बनी रहती है।इसके अलावा कारपोरेट पैसेंजर्स, जो बिना लगेज के सफर करते हैं, उन्हें किराये में छूट देना चाहिए। साथ ही गंभीर बीमारियों से ग्रसित पैसेंजर व दिव्यांगों को भी किराये में रियायत देने की पहल होनी चाहिए। सह सचिव शैलेश अग्रवाल ने इंडिगो के अधिकारियों को अपनी मांगों से अवगत कराया। उन्होंने इंडिगो एयरलाइंस के विमानों में हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने व रांची से दुबई, सिंगापुर, बैंकॉक के लिए इंटरनेशनल विमान शुरू करने की बात कही।

## रांची में भयावह सड़क दुर्घटना, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत; तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को मारी

**खलारी, एजेंसी।** रांची जिले के खलारी थानान्तर्गत भेलवाटांड़ में बोलेरो व मोटरसाइकिल के बीच सीधी टक्कर में पति, पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई। घटना बुधवार शाम 6.30 बजे की है।




होमगार्ड जवान पंकज कुमार (33 वर्ष) अपनी पत्नी गुड़िया देवी (31 वर्ष), पुत्र दीपराज कुमार (11 वर्ष), राजदीप कुमार (9 वर्ष) तथा पुत्री शालिनी कुमारी (7 वर्ष) के साथ अपनी मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में भेलवाटांड़ के निकट विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही अनियंत्रित बोलेरो ने मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी।


बोलेरो की गति इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल को घसीटता हुआ कुछ दूर तक ले गया। घटना स्थल पर ही पत्नी गुड़िया देवी व बेटी शालिनी कुमारी की मृत्यु हो गई।

गंभीर रूप से घायल पंकज और दो बेटों को तुरंत सीसीएल के बचरा अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचने पर घायल पंकज कुमार और एक बेटे राजदीप कुमार की मृत्यु हो गई। बड़ा बेटा दीपराज कुमार गंभीर रूप से घायल है। उसे तुरंत रिम्स रेफर कर दिया गया।

पंकज कुमार प्रतापपुर थानाक्षेत्र (चतरा) के जोगियारा गांव का रहने वाला था। वह पिपरवार में ही पदस्थापित था। बुधवार को डिउटी के बाद बाजार से पत्नी व अपने बच्चों के साथ घर जा रहा था। इसी दौरान दुर्घटना हो गई।

ग्रामीणों के आक्रोश के कारण देर रात करीब दो बजे दुर्घटना स्थल पर पड़े शवों को उठाया जा सका। गुरूवार को चारो शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। मृतक के बड़े भाई शशिकुमार गुप्ता ने घटना को लेकर खलारी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है।

## दिल्ली पुलिस के सामने पेश नहीं हुए झारखंड कांग्रेस चीफ राजेश ठाकुर, भेजा जवाब



**रांची, एजेंसी।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा को अपना जवाब भेज दिया है। उन्होंने दिल्ली पुलिस की आइएफएसओ शाखा के इंस्पेक्टर नरेश मल्लिक को भेजे जवाब में गृह मंत्री के खिलाफ ट्वीट को लेकर अनभिज्ञता जाहिर की है। लिखा है कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। चुनाव परिणाम आने तक दिल्ली आ पाना संभव नहीं लग रहा है। चार जून तक व्यस्त होने के कारण कहीं आना-जाना संभव नहीं है।

राजेश ठाकुर ने कहा है कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस का ट्वीटर हैंडल वह खुद ऑपरेट नहीं करते हैं। इस कारण से उन्हें भेजा गया नोटिस तथ्यहीन और गैरकानूनी है। जो वीडियो शेयर किया गया है, उसके सोर्स की कोई जानकारी नहीं है। वीडियो की जानकारी उन्हें भी तब हुई जब वायरल हो गया। उन्होंने यह वीडियो तैयार नहीं किया है और ना ही उन्हें इसे लेकर कोई अतिरिक्त जानकारी है।

झारखंड कांग्रेस का ट्वीटर हैंडल खुद नहीं चलाते हैं इसलिए यह बात भी बेतुकी है कि उन्होंने खुद यह ट्वीट डाला है। उन्होंने कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस इस्तेमाल करने की जानकारी से साफ इंकार किया है। गृह मंत्री अमित शाह के एक फेक वीडियो को प्रदेश कांग्रेस के ट्वीटर हैंडल से ट्वीट किए जाने के कारण राजेश ठाकुर को दिल्ली पुलिस ने दो मई तक पहुंचने का नोटिस भेजा था।

झारखंड कांग्रेस के सोशल मीडिया 'एक्स' पर चलने वाले ऑफिशियल अकाउंट पर रोक लगा दी गई है। होल्ड करने के बाद कांग्रेस के ऑफिशियली सोशल मीडिया को फिलहाल ना तो कोई देख सकता है ना ही पार्टी इस इस पर कोई मैसेज भेज सकती है। यह कार्रवाई केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कथित तौर पर फेक वीडियो वायरल करने के बाद प्रदेश कांग्रेस से मांगे गए जवाब नहीं मिलने पर 'एक्स' इंडिया की तरफ से की गई है।

# कोविड के बाद दमा रोगियों की संख्या 35 प्रतिशत तक बढ़ी

**रांची , एजेंसी।** अस्थमा के मामले में पहले हर साल 1-2% की वृद्धि होती थी। पिछले 3 सालों में पल्मोनरी से संबंधित रिकॉर्ड मामले राज्य के अस्पतालों में पहुंचे हैं। एक्सपर्ट डॉक्टरों के अनुसार, 2020 के आंकड़ों के बाद सांस संबंधी बीमारी के मरीजों में लगभग 35% की बढ़ोतरी हुई है। यानी पहले अस्पताल पहुंचने वाले 2000 रोगियों में पल्मोनरी विभाग के ओपीडी में 70 के करीब मरीज पहुंचते थे।

कोविड के बाद से संख्या बढ़नी शुरू हुई और हर दिन लगभग 95 से 100 रोगी पहुंच रहे हैं। यही नहीं, अस्पताल के क्रिटिकल केयर विभाग में भी पिछले एक साल में 1200 से ज्यादा रोगी भर्ती हुए, जो वेंटिलेटर सपोर्ट पर रहते हुए अपना इलाज करा चुके हैं। रिम्स के टीबी एंड चेस्ट विभाग के हेड डॉ. ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि इन मरीजों में करीब 60% रोगी अस्थमा की समस्या लेकर पहुंच रहे हैं। पहले 70 में 15 दमा पेशेंट मिलते थे, अब यह संख्या बढ़कर 36 से 40 हो चुकी है।

दैनिक भास्कर ने रिम्स के इर्द-गिर्द 32 दवा दुकानों की पड़ताल की। इन दुकानों से पिछले एक साल में इन्हेलर की बिक्री का रिकॉर्ड निकलवाया। दवा दुकानदारों ने बताया कि एक इन्हेलर की कीमत 130 से 650 रुपए होती है। ज्यादातर लोग 225 रुपए तक के इन्हेलर इस्तेमाल में लाते हैं। दवा दुकानों के अनुसार, करीब 7200 रोगियों ने एक साल में इन्हेलर खरीदी है। यदि औसत 225 के हिसाब से 32 दुकानों से 16.20 लाख के इन्हेलर की खरीदारी की है।

कोकर के रहने वाले राजेश वर्मा का इलाज पिछले चार साल से रिम्स के टीबी एंड चेस्ट रोग विशेषज्ञ की देखरेख में चल रहा है। राजेश ने बताया कि चार साल पहले अचानक सांस लेने में परेशानी होने लगी। शुरुआत में 3 महीने तक डॉक्टर को नहीं दिखाया। जून 2020 में परेशानी ज्यादा बढ़ने लगी, तब रिम्स में दिखाया। जांच के बाद पता चला कि दमा है। इसके बाद से इन्हेलर शुरू हुआ। अब चार साल से इन्हेलर के सहारे ही चल रहा हूं।

सांस की समस्या और दमा के बढ़ने का प्रमुख कारण प्रदूषण तो है ही, इसके अलावा कोविड की भी बड़ी भूमिका है। रिम्स के डॉ. ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि कोविड संक्रमण के कारण लोगों की इम्यूनिटी काफी कम हुई है। इसका असर भी बरकरार है। चूंकि संक्रमण ने फेफड़े पर हमला किया है, जिसके कारण कोविड के दौरान भी सबसे ज्यादा परेशानी सांस लेने में हो रही थी। कोविड से ठीक होने के बाद भी लोग दमा की दवाएं ले रहे हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :

## संक्षिप्त समाचार

### नंद घर आंदोलन से जुड़े मनोज बाजपेयी

**मुंबई, एजेंसी।** देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ियों में आमूल बदलाव लाने से उद्देश्य से नंद घर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ एक राष्ट्रीय आंदोलन ङ्क अगर बचपन से पूछा खाना खाया, तो देश का कल बनाया- का अनावरण किया। नंद घर के इस आंदोलन का उद्देश्य है, समग्र स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण पोषण और बच्चों के लिए सर्वोत्तम प्री-स्कूल शिक्षा सुनिश्चित कर भारत की भावी पीढ़ी का पोषण करना। मनोज बाजपेयी का इस आंदोलन में शामिल होने के लिए स्वागत करते हुए, वेदांता के अध्यक्ष, श्री अनिल अग्रवाल ने कहा, प्रोजेक्ट नंद घर एक राष्ट्रीय आंदोलन है, जो स्वास्थ्य और पोषण पर ध्यान देने के साथ बच्चों और महिलाओं के समग्र कल्याण का समर्थन करता है। हमें खुशी है कि मनोज बाजपेयी जी ने इस विस्तृत होते आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। उनकी निजी जीवन की कहानी हमारी भावी पीढ़ियों के जीवन को पोषित करने और बदलने के नंद घर के उद्देश्य से गहराई से मेल खाती है। आज इस दिल छू लेने वाले अभियान के लॉन्च में, मनोज बाजपेयी को एक युवा थिएटर अभिनेता के रूप में अपनी व्यक्तिगत यात्रा के बारे में बताते हुए देखा गया और उन्होंने अभिनय के सपने को पूरा करने के दौरान अपने लिए नियमित पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने में दोस्तों के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया। बाजपेयी ने एक कलाकार के संघर्ष का मार्मिक वर्णन किया है, यह स्वीकार करते हुए कि किसी के सपनों को आगे बढ़ाने की ताकत भरे पेट और पौष्टिक भोजन से आती है। नंद घर के साथ अपने जुड़ाव से उत्साहित, श्री मनोज बाजपेयी ने कहा, एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो भूख की पीड़ा से गुजरा है, मैं समझता हूं कि इसका शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। इसीलिए प्रोजेक्ट नंद घर जैसी पहल बहुत महत्वपूर्ण हैं। यह न केवल यह सुनिश्चित करती है कि बच्चों को उचित पोषण मिले बल्कि एक उज्जवल भविष्य के लिए आशा, अवसर और अवसर भी मिले। आइए हम सभी नंद घर आंदोलन के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हम बच्चों की क्षमता का पोषण करें और साथ मिलकर एक उज्जवल भारत की तैयारी करें।

### दिल्ली में कांग्रेस को एक और झटका, ओम प्रकाश बिधूड़ी ने छोड़ी पार्टी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली कांग्रेस को गुरुवार को उस वक्त एक और झटका लगा जब पार्टी के नेता ओमप्रकाश बिधूड़ी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अपने इस्तीफे की वजह उन्होंने आम आदमी पार्टी के साथ हुए पार्टी के गठबंधन को बताया। बिधूड़ी ने दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन करने के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, मैंने कई कारणों से इस्तीफा दिया है, लेकिन मुख्य कारण दिल्ली में आप के साथ कांग्रेस का गठबंधन है। मैंने अपना इस्तीफा देकर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। हजारों कार्यकर्ता गठबंधन से खुश नहीं हैं। बिधूड़ी ने कहा, आप कांग्रेस को कोसकर सत्ता में आई। जब अरविंदर सिंह लवली अध्यक्ष थे तो हम सभी ने अपनी भावनाएं व्यक्त की थीं, लेकिन किसी ने हमारी बात नहीं सुनी। गठबंधन कार्यकर्ताओं की भावनाओं के खिलाफ है, इसलिए मैंने इस्तीफा दे दिया है। ओम बिधूड़ी ने बताया कि फिलहाल उनकी योजना किसी भी राजनीतिक दल में शामिल होने की कोई योजना नहीं है। कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व विधायक देवेंद्र यादव को अपनी दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया था। बिधूड़ी ने इस्तीफा ऐसे समय दिया है जब अरविंदर सिंह लवली ने कुछ दिन पहले (29 अप्रैल) ही कांग्रेस की दिल्ली इकाई का प्रमुख पद छोड़ दिया था।

# श्मशान घाट लाशों से भरे पड़े थे और भाजपा भ्रष्टाचार के खेल में डूबी थी, आप का आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी।**



आम आदमी पार्टी नेता और सांसद संजय सिंह ने कोरोना महामारी के दौरान लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन लगाने को लेकर गुरुवार को भाजपा और केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने सरकार पर जानबूझकर लोगों की जान से खिलवाड़ करने और वैक्सीन खरीदी में बड़ा भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से इलेक्टोरल बॉण्ड के जरिए 52 करोड़ रुपए की रिश्वत ली। सांसद ने कहा कि भाजपा को मौत के बदले भी भ्रष्टाचार मंजूर है।

संजय सिंह ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, भाजपा और उसकी केंद्र सरकार को देश की जनता से कोई लेनादेना नहीं है। कोरोना महामारी के वक्त जब पूरा देश पीड़ित था। लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाई। श्मशान में अंतिम संस्कार के लिए जगह नहीं थी, लोग अपने घरवालों के शवों को जलाए बगैर उनको छोड़कर जा रहे थे। भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार के खेल में डुबी हुई थी।

**दूसरे देशों में बैन हुई, हमारे यहां करोड़ों का ऑर्डर दिया:** आप नेता ने आगे कहा, केंद्र सरकार ने कोविशील्ड नामक एक कंपनी को वैक्सीन का ठेका दिया। जनवरी 2021 में यह ठेका दिया गया और कंपनी से 1 करोड़ 10 लाख डोज मांगी गई। इसका दाम 150 रुपए रखा गया। इसके बाद जब यह वैक्सीन बाजार में आई, तो दुनिया के कई हिस्सों में हाहाकार मच गया। क्योंकि इस वैक्सीन को लगाने से वहां दुष्प्रभाव सामने आए, लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ गईं। जिसके बाद मार्च 2021 में दुनिया के कई देशों ने इस पर वैक्सीन पर बैन लगा दिया। इस दौरान जर्मनी, इटली, फ्रांस, स्पेन, नीदरलैंड्स, आयरलैंड्स, डेनमार्क, नॉर्वे, आइसलैंड और ऑस्ट्रिया जैसे देशों ने कोविशील्ड वैक्सीन को बैन कर दिया। मार्च 2021 में जब दुनिया के तमाम देश इस वैक्सीन पर बैन लगा रहे थे तब हमारे देश के प्रधानमंत्री और भारत सरकार ने फिर से इसी कंपनी को 10 करोड़ डोज का ठेका दे दिया। संजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि वैक्सीन का दाम पहले 150 रुपए था, फिर दाम बढ़ाया गया और रिश्वत ली गई। वैक्सीन का दाम 600 रुपए कर दिया गया और बदले में 52 करोड़ रुपए का चुनावी चंदा लिया गया। जब ब्रिटेन में कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी पर केस हुआ, तो 1,000 करोड़ हर्जाने का मुक़दमा किया गया, तब पता चला कि इसके दुष्प्रभाव के कारण लोगों की जानें जा रही हैं। इस वैक्सीन पर बैन लगाने वाले देशों को इस वैक्सीन के दुष्प्रभाव के बारे में मार्च 2021 में ही पता चल गया था। लेकिन नरेंद्र मोदी ने मार्च 2021 में ही इस वैक्सीन की 10 करोड़ डोज का ऑर्डर दिया। इन्होंने धन्यवाद मोदी जी के पोस्टर लगाने पर 6,000 करोड़ रुपए खर्च किए। कम्पनी पर जिम्मेदारी तय होना चाहिए

आप सांसद ने वैक्सीन से हो रही मौतों की जिम्मेदारी तय करने की बात कहते हुए कहा, जिन लोगों की जान गई है, उनके परिवार की मदद के लिए क्यों इस वैक्सीन को बनाने वाली कम्पनी की जिम्मेदारी तय की गई। क्योंकि गंदा है पर धंधा है ये, बीजेपी का चंदा है ये। भाजपा ने इस कम्पनी से रिश्वत खाई है। आगे संजय सिंह ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से मांग करता हूं कि वे इस जानलेवा वैक्सीन को लगवाने के लिए देश की जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगे। 150 रुपए की वैक्सीन का दाम 600 रुपए करने के लिए जनता से माफी मांगे।

# देश की बेटियां हार गई, बृजभूषण के बेटे को टिकट मिला तो भड़के रेसलर

**कैसरगंज, एजेंसी।** भाजपा ने उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से इस बार पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की जगह उनके बेटे करण सिंह को टिकट दे दिया है। बीते साल बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए महिला रेसलर्स ने दिल्ली में महीने भर प्रदर्शन किया था। इसके बाद उन्हें भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई)के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। अब उनके बेटे को जब भाजपा ने चुनावी मैदान में उतार दिया है तो खिलाड़ियों ने एक बार फिर गुस्सा जाहिर किया है।

बता दें कि फरवरी महीने में ही बृजभूषण के छोटे बेटे करण सिंह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष भी चुने गए थे। रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली साक्षी मलिक ने एक्स पर लिखा, बृजभूषण जीत गए और भारत की बेटियां हार गईं। उन्होंने कहा, हम सभी ने अपने करियर को दांव पर लगाया और कई दिनों तक सड़क पर बैठी रही। इसके बावजूद बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं हुई। हमने न्याय की मांग की। अब गिरफ्तारी तो छोड़िए उनके बेटे को भाजपा ने टिकट दे दिया है। देश की करोड़ों बेटियों का दिल टूट गया। अब भी टिकट उनके परिवार में ही है।

उन्होंने आगे कहा, आखिर सरकार एक व्यक्ति के आगे क्यों कमजोर है? आप सभी राम के नाम पर वोट चाहते हैं, लेकिन उनके आदर्शों का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं। बता दें कि बीते साल बृजभूषण के करीबी संजय सिंह को WFI का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद साक्षी मलिक ने खेलना बंद कर दिया था। मलिक की मां ने कहा, हम बहुत ही निराश और दुखी हैं। करण सिंह को टिकट मिलना दिखाता है कि हमारी परवाह किसी को नहीं है। विरोध प्रदर्शन में ही हमारी बेटी ने खेलना बंद कर दिया। बजरंग और विनेश ने अपने पुरस्कार लौटा दिए। ऐसा लगता है यह सब बेकार हो गया।

बता दें कि जून 2023 में दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 1000 पेज की चार्जशीट फाइल की थी। उनपर आईपीसी की धारा 354, 354डी, 345ए के तहत केस दर्ज किया गया था। दिल्ली की राउज अवेन्यू कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही है। 7 मई को मामले की अगली सुनवाई होनी है। रेसलर जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह हमारी पीठ पर छुरा भोंका गया है। क्या इसी के लिए हम सड़कों पर सोते थे? बृजभूषण के लोग डब्ल्यूएफआई में भी बैठे है और उनका बेटा अब चुनाव भी लड़ रहा है। बड़े शर्म की बात है। तोक्यो ओलंपिक में पदक विजेता बजरंग पुनिया ने इसे देश का दुर्भाग्य बताया है। उन्होंने कहा, भाजपा खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बताती है लेकिन लाखों कार्यकर्ताओं में उसे सिर्फ टिकट देने के लिए एक ही व्यक्ति मिला। पार्टी प्रज्वल रेवन्ना को लेकर भी घिरी हुई है। यह देश का दुर्भाग्य है कि देश की बेटियों को सड़क पर घसीटा गया और एक यौन उत्पीड़न के आरोपी के बेटे को चुनाव का टिकट दिया जा रहा है।

# दिल्ली में होगा कूल-कूल मौसम; दो दिन चलेंगी हवाएं, फिर बारिश के आसार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के कई हिस्सों में एक ओर लू जैसे हालात हैं, वहीं हिमालय से आ रही ठंडी हवाओं के चलते दिल्ली को झुलसाने वाली गर्मी से फिलहाल राहत है। गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य से चार और न्यूनतम पांच डिग्री कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शुक्रवार को हवाएं चलने और शनिवार को हल्की बारिश के आसार जताए हैं।

दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में गुरुवार सुबह तेज धूप निकली। हालांकि, इस दौरान 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के कारण लोगों को गर्मी से राहत रही। यह हवा उच्च हिमालयी क्षेत्रों की ओर से आ रही है, जहां अच्छी बर्फबारी और बारिश होने से हवा में ठंडक बनी हुई है। इससे दिल्ली के तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है। सफदरजंग मौसम केंद्र में दिन का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम पारा 19.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि तेज हवा का यह क्रम शुक्रवार को भी बना रहेगा। दिन के समय 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवा चल सकती हैं। अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री तक रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। धूल भरी आंधी के साथ दिल्ली में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। इस दौरान हवा की गति 45 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रहने का अंदेशा है।

# मुसलमानों के खिलाफ नहीं है भाजपा, इस्लामिक देशों ने भी दिया मोदी को सम्मान; राजनाथ सिंह की अपील

**सुपौल, एजेंसी।**
रक्षा मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने विपक्ष के भाजपा पर हिंदू-मुस्लिम के बीच विभाजन पैदा करने के आरोप को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कई इस्लामी देशों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्मानित किया है। बिहार के सुपौल और सारण लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने अल्पसंख्यक समुदाय को कांग्रेस और उसके सहयोगी राजद से सावधान रहने का आग्रह करने के साथ विपक्षी दलों पर उन्हें धोखा देकर वोट मांगने का आरोप लगाया। सिंह ने कहा, ''जहां तक भाजपा और राजग का प्रश्न है, तो हम लोग जात-पात, पंथ और मजहब के आधार पर राजनीति नहीं करते हैं। हम इंसाफ और इंसानियत के आधार पर राजनीति करते हैं।'' उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार धार्मिक आधार पर मुसलमानों के लिए आरक्षण संभव नहीं है।

उन्होंने कहा, ''पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की सुविधा है तथा मुस्लिम समाज में जो बहुत पिछड़े और गरीब हैं, वे इसमें शामिल हैं। आप कहते हैं कि हम धर्म के आधार पर आरक्षण देंगे। क्यों उनकी आंखों में धूल झुक रहे हैं। भारत का संविधान इस बात की इजाजत देता ही नहीं है कि धर्म के आधार पर आरक्षण दिया जाए। मैं मुसलमान भाइयों से कहना चाहता हूं कि आप लोग इनके बहकावे नहीं आए।''



कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा, ''ये हमपर हिंदू-मुसलमान करने का आरोप लगाते हैं जबकि अरब जगत के पांच देशों ने अपने सबसे बड़े सम्मान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को नवाजा है।''

उन्होंने कहा, ''मैं मुसलमान भाइयों से भी कहना चाहता हूं... हां हमने एक काम किया है, तीन तलाक की प्रथा को समाप्त किया है। हम किसी को धोखा नहीं देना चाहते हैं और डंके की चोट पर कहते हैं कि हां हमने किया है क्योंकि हम समाज को बांट कर राजनीति नहीं करना चाहते।'' सिंह ने कहा, ''चाहे मुसलमान हो, हिंदू हो, ईसाई हो या यहूदी हो, सबकी मां-बहन, बेटी हम लोग की मां-बहन, बेटी हैं । हम लोग ऐसा नजरिया रखते हैं। हम किसी भी धर्म के लोगों को इस बात की इजाजत नहीं दे सकते कि आप किसी की बेटी से शादी कीजिए और 10 दिन के बाद तलाक-तलाक-तलाक बोल कर उनकी छुट्टी कर दीजिए। हम अपने मुसलमान भाइयों से भी कहना चाहते हैं कि आप इस पर विचार कीजिए। बहुत सारे मुसलमान भाई इसका समर्थन कर रहे हैं।'' उन्होंने यह भी दावा किया कि राजग लोकसभा में 400 से अधिक सीट के अपने लक्ष्य को हासिल करने की ओर अग्रसर है ।

सिंह ने कहा, ''सूरत ने भाजपा के विजय का श्री गणेश हो चुका है।'' उनका इशारा भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचित होने की ओर था, क्योंकि अधिकतर उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गए थे और बाकी के नामांकन पत्र जांच के दौरान खारिज कर दिए गए थे। सिंह ने कहा, ''इंदौर में, कांग्रेस उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस लेकर भाजपा का समर्थन किया है।'' उन्होंने कहा, ''सारे देश का जो माहौल दिख रहा है, उससे हमें लगता है कि हमलोगों ने जो 400 पार का लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे प्राप्त करने में हम पूरी तरह से कामयाब होंगे। मेरा पक्का विश्वास है।''

सिंह ने कहा, ''अब विपक्ष चिल्ला रहा है कि इससे लोकतंत्र ख़तरे में पड़ जाएगा। आपको बता दें कि आजादी के बाद से अब तक कम से कम 28 लोग निर्विरोध चुने गए हैं। उनमें से 20 कांग्रेस के थे और दो उसकी सहयोगी समाजवादी पार्टी के थे।'' उन्होंने यह भी कहा कि अगले दस वर्षों में कांग्रेस ''डायनासोर की तरह'' विलुप्त हो जाएगी।

# मंडी में किसानों ने कंगना रनौत के खिलाफ खोला मोर्चा, पुराने बयानों की दिलाई याद

**मंडी, एजेंसी।**
किसानों ने हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कैंडिडेट और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत से उनकी कथित अपमानजनक टिपण्णी के लिए माफी की मांग की है। संयुक्त किसान मंच ने गुरुवार को कंगना को कृषि विरोधी कानूनों के खिलाफ चले आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ उनके द्वारा दिए गए कथित बयानों की याद दिलाई है। साथ ही माफी की मांग की है।

एसकेएम संयोजक हरीश चौहान ने कहा, कंगना किसानों के वोट कैसे मांग सकती हैं और हमारे समर्थन की उम्मीद कैसे कर सकती हैं? उन्होंने किसान समुदाय का अपमान किया है। उन्हें पहले माफी मांगनी चाहिए। आपको बता दें कि तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-2021 में हुए किसान आंदोलन के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना ने कथित तौर पर पंजाब की एक महिला किसान की गलत पहचान की थी और उसे बिलकिस बानो कहा



था। हालांकि वह एक 80 साल की महिला थी। उस महिला ने पहले दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में सीएए विरोधी विरोध प्रदर्शन के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरी थीं।

कंगना ने अपने एक ट्वीट में आरोप लगाया गया था कि शाहीन बाग दादी भी कृषि कानूनों को लेकर चल रहे किसानों के आंदोलन में शामिल हुई थीं। उन्होंने बिलकिस बानो सहित दो बुजुर्ग महिलाओं की तस्वीरों के साथ पोस्ट को रीट्वीट किया और लिखा कि वही दादी जो टाइम मैगज़ीन में छपी थीं और 100 रुपये में उपलब्ध थीं। हालांकि, ट्वीटर पर लोंगों ने बताया कि दोनों महिलाएं अलग-अलग हैं तो कंगना ने अपना ट्वीट हटा लिया।

चौहान ने कहा कि राज्य में 70 प्रतिशत मतदाता किसान हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान राज्य के सांसदों द्वारा उनके मुद्दों को कभी नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि एसकेएम मौजूदा चुनावों में उन उम्मीदवारों का समर्थन करेगा जो किसानों के हित की वकालत करेंगे। चौहान ने कहा, हम मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को समर्थन देंगे क्योंकि वह एसकेएम का हिस्सा रहे हैं और उन्होंने विधानसभा में हमारे मुद्दे उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि एसकेएम ने पांच सूत्री मांग पत्र तैयार किया है और उन दलों का समर्थन करेगा जो इन मांगों को अपने एजेंडे में शामिल करेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल में किसानों का कर्ज माफ नहीं किया गया है। सेब उद्योग ईरान से सस्ते सेब के आयात के कारण गंभीर संकट में है।

# रविंद्र सिंह भाटी को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार, बाड़मेर पुलिस की पकड़ में ऐसे आया

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के बाड़मेर जिले से शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को सोशल मीडिया पर धमकी देने के मामले में पुलिस ने मैसेज भेजने वाले व्यक्ति मगाराम निवासी सारणों का तला, आडेल थाना रागेश्वरी को नामजद कर गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या गलत एवं आपसी सौहार्द बिगाड़ने जैसी टिप्पणी करने से बचे, अन्यथा कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को फेसबुक पर गैंगस्टर रोहित गोदारा कपूरीसर के नाम से धमकी भरी पोस्ट की गई थी। वायरल होने पर सूचना मिलते ही सोशल मीडिया सेल द्वारा इस संबंध में जानकारी करते हुए आरोपी मगाराम को नामजद किया गया। इस पर बालोतरा पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को दस्तयाब किया। जिसे पूछताछ के बाद थाना रागेश्वरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

एसपी मीना ने बताया कि आरोपी मगाराम से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसने अपने अपने मोबाइल में फेसबुक व इंस्टाग्राम की तीन आईडी मगाराम 04, रोहित गोदारा कपूरीसर व मुकेश उर्फ मगाराम 123 के नाम से बना रखी है।

# छत्तीसगढ़ के मतदाताओं के लिए व्यापारी संगठनों का बंपर ऑफर

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापारी संगठनों ने सराहनीय पहल की है। व्यापारी संगठनों ने मतदाताओं को बूथ तक लाने के लिए मतदान करो और छूट पाओ मुहिम शुरू की है। 7 तारीख को तीसरे चरण के दौरान मतदान करने के बाद मतदाता 8 से 12 मई के बीच अंगुली में मतदान की सियाही दिखाकर विभिन्न वस्तुओं पर 5 से 15 प्रतिशत की छूट पा सकते हैं। छत्तीसगढ़ में आखिरी चरण के चुनावों के लिए 7 मई को सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चंपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर में वोटिंग होने वाली है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जहां चुनाव आयोग अपनी तरफ से भरपूर कोशिश कर रही है वहीं, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने मतदान करो और छूट पाओ की घोषणा की है।

चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी ने बताया कि 100 से ज्यादा एसोसिएशन हमसे जुड़े हैं। हमने एक बैठक बुलाई थी जिसमें कलेक्टर समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। व्यापारी संघ ने शपथ ली कि वे वोट करेंगे और साथ ही मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापारियों ने छूट देने की बात कही। कोई 8 से 12 तक तो कोई 8 से दस प्रतिशत तक छूट देगा। वहीं, सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली ने कहा कि मतदान करने के बाद जो भी अपनी अंगुली पर स्याही दिखाएगा।

# आईबी अफसर अंकित शर्मा मर्डर केस के 3 आरोपियों को जमानत, दिल्ली दंगों में हुई थी हत्या, हाईकोर्ट ने कही महत्वपूर्ण बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट ने फरवरी 2020 में पूर्वोत्तर दिल्ली में हुए दंगों के दौरान मारे गए इंटेलिजेंस ब्यूरो अफसर अंकित शर्मा की हत्या से जुड़े मामले में गुरुवार को तीन आरोपियों को जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि ट्रायल के दौरान जमानत देने का नियम है, जबकि जेल एक अपवाद है। इस दौरान हाई कोर्ट ने शोएब आलम, गुलफाम और जावेद को राहत देते हुए कहा कि वे चार साल से हिरासत में हैं और मामले की सुनवाई जल्द खत्म होने की उम्मीद बिल्कुल भी नहीं है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा, हालांकि किसी ऐसे मामले में, जिसमें मौत या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान हो, किसी आरोपी को जमानत देने के लिए लंबी अवधि की कैद अकेले पर्याप्त कारण नहीं हो सकती है, हालांकि इसके बाद भी अभियोजन या समाज के हित और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत अभियुक्तों को प्राप्त अधिकारों के बीच संतुलन बनाने पर विचार करते समय अदालत को इस पर विचार करना पड़ा।

न्यायमूर्ति नवीन चावला ने कहा, यह याद रखना चाहिए कि लंबित मुकदमे में जमानत नियम है जबकि जेल सिर्फ अपवाद है। साथ ही, मुकदमे के दौरान किसी आरोपी को जेल में रखने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वह मुकदमे का सामना करे, फरार न हो और दोषी पाए जाने पर अपनी सजा काटने के लिए उपलब्ध रहे। इसका उद्देश्य आरोपी को दंडित करना नहीं है। अदालत ने चौथे आरोपी नाजिम को जमानत देने से इनकार कर दिया और कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा अभी भी महत्वपूर्ण




गवाहों की जांच की जानी बाकी है और ऐसी आशंका है कि अगर नाजिम को जमानत पर रिहा किया गया, तो वह उन्हें प्रभावित कर सकता है या उन्हें धमका सकता है।

आगे कोर्ट ने कहा, वैसे यह भी हो सकता है कि इस केस के मुकदमे को समाप्त होने में लंबा समय लग जाए, लेकिन फिर भी आवेदक को जमानत पर रिहा करने के लिए केवल यही आधार नहीं हो सकता है, वो भी तब जब उस पर जघन्य और गंभीर अपराध करने का आरोप लगा हो। अदालत ने बताया कि नाजिम इस स्तर पर जमानत पर रिहा होने के योग्य नहीं है। इसमें कहा गया है कि वह इस तथ्य से अवगत है कि कुछ अन्य सह-आरोपियों को जमानत दी जा रही है, हालांकि, प्रत्येक मामले का निर्धारण उसके अपने तथ्यों और प्रत्येक आरोपी व्यक्ति के खिलाफ सामने लाए गए सबूतों के आधार पर किया जाना चाहिए। अभियोजन पक्ष ने नाजिम को जमानत देने का विरोध करते हुए दलील दी कि वह दयालपुर पुलिस स्टेशन का घोषित बुरे चरित्र वाला व्यक्ति है और उसके खिलाफ 12 स्न्ढ्क्र दर्ज हैं।

संक्षिप्त समाचार

बैडमिंटन

## न थॉमस बैडमिंटन और न ही उबेर कप में भारत को मिला कोई पदक





**चेंगदू (चीन), एजेंसी।** दो साल पहले थॉमस कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीम के एच एस प्रणय को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी यू की के खिलाफ 66 मिनट के मुकाबले में 21-15, 11-21, 14-21 से हार मिली। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप बैडमिंटन टीम अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाई और क्वार्टर फाइनल में चीन से 1-3 से हार के साथ बाहर हो गई। महिला टीम का अभियान उबेर कप में जापान के हाथों 0-3 से हार के साथ समाप्त हो गया। दो साल पहले थॉमस कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीम के एच एस प्रणय को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी यू की के खिलाफ 66 मिनट के मुकाबले में 21-15, 11-21, 14-21 से हार मिली। सात्विक-चिराग की जोड़ी को दुनिया की नंबर जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग के हाथों 15-21, 21-11, 12-21 से हार मिली।

युगल में जीत से चीन को 2-0 से बढ़त मिल गई। उसके बाद निगाह लक्ष्य पर थी, जिन्होंने निराश नहीं किया। अल्मोढ़ा के 22 साल के सेन ने दुनिया के छठे नंबर के ली शी फेंग को 13-21, 21-8, 21-14 से हराकर स्कोर 1-2 कर दिया लेकिन युगल में ध्रुव और साई की दुनिया की 11वें नंबर की रेन जियांग यू और ही जी टिंग से 10-21, 10-21 की हार के साथ भारत की उम्मीदें खत्म हो गईं।

उबेर कप में जापान ने 3-0 से हराया

इससे पहले उबेर कप में अश्मिता चालिहा और ईशारानी बरुआ के संघर्षपूर्ण खेल के बावजूद भारत की युवा महिला टीम को जापान के हाथों 0-3 से हार मिली। इस टूर्नामेंट में भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने हिस्सा नहीं लिया था। बावजूद इसके भारत ने ग्रुप मैचों में कनाडा और सिंगापुर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

## क्रिकेटर डेवोन थॉमस पर लगा 5 साल का बैन

### फिक्सिंग के चलते आईसीसी ने सजा दी, वेस्टइंडीज के लिए तीनों फॉर्मेट खेल चुके



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वेस्टइंडीज के डेवोन थॉमस को 5 साल के लिए क्रिकेट से बैन कर दिया है। उन पर श्रीलंका, यूएई और वेस्टइंडीज की क्रिकेट लीग में फिक्सिंग के आरोप लगे थे। जिसे उन्होंने कबूल कर लिया, जिस कारण आईसीसी ने उन्हें सजा दी। आईसीसी ने बताया कि 34 साल के थॉमस पर श्रीलंका क्रिकेट एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड और कैरेबियन प्रीमियर लीग ने करप्शन के 7 आरोप लगाए थे। थॉमस ने अपने ऊपर लगे आरोपों को कबूल किया, जिस कारण उनकी सजा को 18 महीने कम किया गया। उनकी सजा 23 मई 2023 को शुरू हुई, यहां से 22 मई 2028 तक वह इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट नहीं खेल सकेंगे।

### वेस्टइंडीज के लिए तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके हैं थॉमस

विकेटकीपर डेवोन थॉमस वेस्टइंडीज के लिए तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके हैं। उन्होंने एक टेस्ट, 21 वनडे और 12 टी-20 खेले हैं। उनके नाम 300 से ज्यादा रन हैं। वह पार्ट टाइम बॉलिंग भी कर लेते हैं, उनके नाम 4 विकेट हैं।



टीम प्रबंधन द्वारा दिया गया

# मौका बर्बाद नहीं करना चाहता था : नितीश रेड्डी

**हैदराबाद, एजेंसी।** नीतीश कुमार रेड्डी, जिन्होंने आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) पर एक रन से रोमांचक जीत हासिल करने में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए 42 गेंदों में नाबाद 76 रन की शानदार पारी खेली, ने कहा कि टीम प्रबंधन ने उन्हें अंतिम एकादश में शामिल होने का मौका दिया, एक ऐसा मौका जिसे वह कभी गंवाना नहीं चाहते थे। गुरुवार शाम को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में, रेड्डी ने तीन चौके और आठ छक्के लगाकर सबको चकित कर दिया, जो कि उनकी सर्वोच्च टी20 पारी भी है, जिसमें उनके कुछ छक्के मैदान पर सीधे और कवर के ऊपर से लगे, जिससे घरेलू प्रशंसक रोमांचित हो गए।

उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं कहूंगा कि मैं एक वास्तविक ऑलराउंडर हूं जो गेंदबाजी कर सकता है, जो बल्लेबाजी कर सकता है, जो क्षेत्ररक्षण भी कर सकता है। इसलिए, मैं हरफनमौला प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा था। मैं वास्तव में पिछले कुछ समय से इस बल्लेबाजी अवसर का इंतजार कर रहा था। इस साल टीम प्रबंधन ने मुझे मौका दिया और मैं इसे गंवाना नहीं चाहता था।

हैदराबाद के मध्यक्रम में अपनी भूमिका पर विचार करते हुए, रेड्डी ने कहा, पिछले दो मैचों से, यह ऐसा ही रहा है। मेरी भूमिका हेनरिक क्लासेन को धमाका करने का लाइसेंस देने के लिए 14वें या 13वें ओवर तक खेलने की थी।अगर क्लासेन और समद को शुरुआती ओवरों में बल्लेबाजी करने का मौका मिले तो कोई फायदा नहीं, वे स्वतंत्र रूप से रन नहीं बना सकते। मैं सिर्फ यह सुनिश्चित करना चाहता था कि मुझे दबाव महसूस नहीं हो। मैं बस उसी तरह पारी खेलना चाहता था जैसी मैंने पंजाब के खिलाफ खेली थी और एक ओवर में आक्रमण करने और गति बदलने की योजना बना रहा था। जब मैंने (युजवेंद्र) को देखा तो बिल्कुल यही हुआ। मैं खुद का समर्थन कर रहा था कि मुझे उसके पीछे जाना है (14वें ओवर में) और यह काफी अच्छा रहा (उससे 21 रन लेकर)। तालिका में शीर्ष पर मौजूद रॉयल्स को हराने से वास्तव में टीम का मनोबल बढ़ेगा । रेड्डी ने यह भी खुलासा किया कि थिंक-टैंक को अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पर भरोसा था, जो अंतिम ओवर में 12 रनों का बचाव करके उन्हें जीत दिलाएंगे।

देखिए, टी20 पूरी तरह से गति को बदलने के बारे में है। इसलिए, हमें वास्तव में विश्वास था कि हम किसी तरह एक या दो विकेट ले लेंगे जो हमें अच्छी तरह से सेट यशस्वी जयसवाल और रियान पराग के रूप में मिले। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, जब वह (भुवनेश्वर) प्राइम टाइम में थे, तो वह इन मैचों को खींचने जैसी चीजें करते थे। अगर हम हार भी जाते, तो भी हमें खुशी होती, भले ही हम मैच हार जाते, क्योंकि हमने एक अच्छी टीम के खिलाफ अच्छा खेला और मैच को आखिरी गेंद तक ले गए, इसलिए हम जीत की ओर अग्रसर होकर खुश हैं।

## जसप्रीत बुमराह को पछाड़कर टी नटराजन ने आईपीएल में कब्जाई पर्पल कैप

**हैदराबाद, एजेंसी।** मैदान में बेहद शांत दिखने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज टी नटराजन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है. दरअसल, नटराजन ने पर्पल कैप होल्डर की रेस में दिग्गज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पछाड़ा है. मौजूदा आईपीएल का 50वां मैच हैदराबाद में 2 मई को खेला गया.



इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने आखिरी गेंद पर राजस्थान रॉयल्स को 1 रन से मात दी. हैदराबाद की जीत के हीरो भुवनेश्नर कुमार रहे, जिन्होंने आखिरी गेंद पर रोवमैन पॉवेल को आउट कर राजसथान को जीत दिलाई. सनराइजर्स हैदराबाद के लिए टी नटराजन ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवरों में 35 रन देते हुए 2 विकेट हासिल किए. इसके साथ ही नटराजन इस आईपीएल में फिलहाल सबसे ज्यादा 15 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं. नटराजन ने 8 मैचों में 19.13 के एवरेज और 8.96 की इकोनॉमी रेट से ये विकेट लिए हैं. नटराजन के बाद जसप्रीत बुमराह (14 विकेट), मुस्ताफिजुर रहमान (14 विकेट) हैं. वहीं, हर्षल पटेल, मथीशा , युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, गेराल्ड कोएत्जे, मुकेश कुमार हैं, जिनके संयुक्त रूप से 13 विकेट हैं.

# हममें से किसी ने अपना विकेट जानबूझकर नहीं गंवाया: रियान पराग



**हैदराबाद, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से एक रन से हार का सामना करने के बाद, इन-फॉर्म बल्लेबाज रियान पराग ने इस बात से इनकार किया कि कुछ बल्लेबाजों ने, जिनमें वह भी शामिल हैं, निर्णायक मोड़ पर अपने विकेट जानबूझकर गंवाए। शुरुआती ओवर में जोस बटलर और संजू सैमसन को खोने के बाद, पराग और यशस्वी जायसवाल ने जवाबी हमले में तीसरे विकेट के लिए 134 रन जोड़े और एक प्रभावशाली जीत की ओर अग्रसर थे। लेकिन जायसवाल 40 गेंदों में 67 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पराग 49 गेंदों में 77 रन बनाकर आउट हुए और वहां से आरआर को इस सीजन की दूसरी हार झेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

पराग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे नहीं लगता कि हममें से किसी ने भी अपना विकेट फेंका है। जायसवाल ने उस स्कूप की कोशिश की क्योंकि नटराजन अच्छी धीमी बाउंसर फेंक रहे थे इसलिए उन्होंने अगली गेंद यॉर्कर समझकर यह शॉट खेला। मैंने भी सिक्स लगाने की कोशिश की और गेंद मिस हुई लेकिन मुझे नहीं लगता कि हमने अपने विकेट फेंके, अंत तक टिके रहना अच्छा होता। हम दोनों की भी योजना यह थी। पराग ने यह भी कहा कि भुवनेश्वर कुमार, पैट कमिंस और नटराजन ने आखिरी पांच ओवरों में अच्छी गेंदबाजी करके आरआर को जीत से वंचित कर दिया। पराग ने कहा, मैं काफी आश्वस्त था लेकिन आपको उन्हें इसका श्रेय देना होगा कि उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। यह उनका घरेलू मैदान है, उन्होंने ऐसी गेंदबाजी की जैसे उन्हें पता हो कि विकेट कैसे रिएक्ट करेगी। आपको इसका श्रेय भुवनेश्वर कुमार, नटराजन और कमिंस को देना होगा। आईपीएल 2024 की दस पारियों में, पराग ने 159.14 की स्ट्राइक-रेट के साथ 58.43 के औसत से 409 रन बनाए और प्रतियोगिता में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। कुछ लोगों ने उनका नाम पुरुष टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में दावेदार के रूप में भी लिया था, लेकिन पराग को लगता है कि उनका सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है। पराग ने आगे कहा, मुझे सुधार करने के लिए बहुत से क्षेत्र मिले हैं। मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हूं, अन्यथा मैं मैच समाप्त कर देता। मुझे बहुत सारे क्षेत्रों में सुधार करना है। मैं अपनी गलतियों से सीखने की कोशिश करता हूं और उन्हें दोहराता नहीं हूं। पिछले साल मैं आईपीएल खेलने की दौड़ में भी नहीं था। अब मैंने कुछ अफवाहें सुनी हैं, मैं अब सोशल मीडिया पर नहीं हूं, मैंने यहां-वहां कुछ शोर सुना है। मुझे खुशी है कि वे अब सही कारणों से मेरा नाम ले रहे हैं। मैं वास्तव में किसी भी चीज़ के बारे में नहीं सोच रहा था। मैं अपनी टीम के लड़कों, खासकर संजू भैया (संजू सैमसन) को विश्व कप टीम में शामिल किए जाने से खुश हूं। यह हमारे देश के लिए बहुत अच्छा होने वाला है और हमें उम्मीद है कि हम इस बार विश्व कप घर ला सकते हैं।

## आरआर पर एक रन से जीत के बाद कमिंस ने कहा, मैं सुपर ओवर के बारे में सोच रहा था



**हैदराबाद, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने गुरुवार को आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को सांस रोक देने वाले मुकाबले में 1 रन से मात दी। मैच के बाद एसआरएच के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उनकी टीम सुपर ओवर के लिए मानसिक रूप से तैयार हो गई थी।

एसआरएच को अंतिम ओवर में 12 रनों का बचाव करना था, राजस्थान को आखिरी गेंद पर दो रन चाहिए थे। इसके अलावा, वो धीमी ओवर गति के दंड के कारण केवल चार फील्डर को 30-यार्ड सर्कल के बाहर रख सकते थे। हालांकि, भुवनेश्वर कुमार एसआरएच की जीत के हीरो रहे जिन्होंने आखिरी ओवर में राजस्थान रॉयल्स को 13 रन बनाने से रोक दिया। भुवनेश्वर कुमार ने रोवमैन पॉवेल को मिडल और लेग पर लो फुल टॉस के साथ एलबीडब्ल्यू आउट करके (3-41) के साथ अपना स्पैल पूरा किया। इसके साथ ही एसआरएच के लिए टेबल-टॉपर्स पर शानदार जीत हासिल की, जो अब उनकी टीम को अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचाती है। कमिंस ने कहा, शानदार मैच। हमने आखिरी गेंद तक नहीं सोचा था कि मैच हमारे पक्ष में आएगा। यह टी20 क्रिकेट है। आपको आदत डालनी पड़ती है कि बल्लेबाज आप पर हावी रहेंगे।

बॉक्सिंग चैंपियनशिप

# युवा मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी, चार भारतीय सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाजों मांदेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने गुरुवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई।

जादुमणि ने 51 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। निखिल (57 किग्रा) ने भी इसी तरह का दबदबा बनाया और उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन को 4-0 से शिकस्त दी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी के मुकाबले रोकने (आरएससी) पर अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय ने मंगोलिया के दमदिंडोरज पी के खिलाफ पहले दौर में ही मुकाबला जीता, जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे दौरे में जीत दर्ज की।

आशीष हालांकि पुरुषों के 54 किग्रा क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डेन ई के खिलाफ 2-3 से हार गए। बुधवार देर रात आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) ने युवा वर्ग में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज की थी।

## जन्मदिन से पहले इंग्लैंड के घातक स्पिनर ने तोड़ा दम, 20 की उम्र में हुई मौत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के घातक स्पिनर जोश बेकर का निधन हो गया। उन्होंने 20 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। बेकर की मौत की पुष्टि वॉर्सेस्टरशायर की तरफ से की गई।

इंग्लैंड के घातक स्पिनर जोश बेकर का निधन हो गया। उन्होंने 20 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। बेकर की मौत की पुष्टि वॉर्सेस्टरशायर की तरफ से की गई। हालांकि, अब तक उनकी मौत का कारण सामने नहीं आया है। इस घटना से क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। हैरानी की बात यह है कि बेकर का निधन उनके जन्मदिन से ठीक 14 दिन पहले हुआ है। 16 मई को वह अपना 21वां जन्मदिन मनाने वाले थे।

### मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जताया दुख

वॉर्सेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब की तरफ से कहा गया कि जोश बेकर के असामयिक निधन ने सभी को हैरान कर दिया है। क्लब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एशले जाइल्स ने दुख व्यक्त करते हुए कहा, ÷जोश के निधन की खबर ने हम सभी को दुखी कर दिया है। जोश एक टीम के साथी से कहीं अधिक थे, वह हमारे क्रिकेट परिवार के अभिन्न अंग थे। हम सभी उसे बहुत याद करेंगे।

# भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

- 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-0 की बढ़त
- भारत-बांग्लादेश के बीच 6 मई को सीरीज का चौथा टी-20 मैच सिलहट में ही खेला जाएगा।

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विमेंस टीम ने शेफाली वर्मा तथा स्मृति मंधाना की 91 रन की साझेदारी की बदौलत सिलहट में तीसरे टी-20 मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। इसके साथ ही भारत ने 3-0 की बढ़त बना ली है और सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है। शेफाली ने 51 और स्मृति ने 47 रन की पारी खेली। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 118 रन का लक्ष्य दिया था। भारत ने 121 रन बनाकर मैच जीता।



### टॉस जीत कर भारत ने फीलिंड्ग चुनी

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया।

भारतीय गेंदबाजों ने कप्तान के फैसले को सही साबित करते हुए 6.3 ओवर में बांग्लादेश को 46 रन के स्कोर पर पहला झटका दिया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने 55 रन पर दूसरा और 85 के स्कोर पर तीसरा और चौथा विकेट लेकर बांग्लादेश के को बड़ा स्कोर करने से रोक दिया। बांग्लादेश की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 117 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के लिए सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर ने 27 गेंदों पर 39 रन और कप्तान निगार सुल्ताना ने 28 रनों की पारी खेली। भारत के लिए राधा यादव ने 22 रन देकर दो विकेट चटकाए, जबकि रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयांका पाटिल ने एक-एक विकेट लिए।

### शेफाली-स्मृति ने भारत को दिलाई अच्छी शुरुआत

शेफाली और स्मृति ने पावरप्ले में बिना कोई विकेट गंवाए 59 रन जोड़े। 118 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शेफाली और स्मृति मंधाना ने शानदार शुरुआत दिलाई।

दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले में बिना कोई विकेट गंवाए 59 रन जोड़े। दोनों ने पहले विकेट के लिए 12.1 ओवर में 91 रन की साझेदारी की। शेफाली ने 38 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 51 रन बना, जबकि स्मृति मंधाना ने 42 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्का की मदद से 47 रनों की पारी खेली। शेफाली को उनके प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दोनों टीमों के बीच 6 मई को सीरीज का चौथा टी-20 मैच सिलहट में ही खेला जाएगा।

## एक नजर

### दो हजार लीटर जावा महुआ जब्त

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नबीनगर पुलिस ने अवैध शराब की चुलाई की रोकथाम को लेकर शुक्रवार को सोन दियारा क्षेत्र में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 2000 लीटर जावा महुआ जब्त किया गया। साथ ही शराब बनाने का उपकरण विनष्ट किया गया तथा 90 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। मामले में पुलिस नबीनगर थाना कांड संख्या-129/24 दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### सरकारी अस्पतालों के पुर्जे पर मतदान की अपील

**पटना (नि.सं.)।** पटना जिला में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन के साथ-साथ अब स्वास्थ्य विभाग ने भी प्रयास तेज कर दिया है। शुक्रवार को पटना जिला के सिविल सर्जन मिथिलेश्वर कुमार ने बताया कि अस्पतालों में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को मतदान के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए सरकारी और प्राइवेट दोनों अस्पतालों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य सरकारी अस्पतालों के पुर्जे के नीचे मतदान की अपील छापने का निर्देश दिया गया है। सिविल सर्जन ने यह आदेश बुधवार को दिया था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जिला के लगभग सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों के पुर्जों के नीचे मतदान की अपील छापी जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मतदान करने संबंधी बैनर आदि लगाने को भी कहा गया है। सिविल सर्जन ने बताया कि शहर के पांच-छह बड़े अस्पतालों के संचालकों के साथ उनकी बैठक हुई है। इस बैठक में उन्होंने प्राइवेट अस्पतालों को मतदान जागरूकता के लिए प्रयास करने को कहा है। इसके लिए प्राइवेट अस्पताल के मुख्य द्वार पर होर्डिंग लगाया जाएगा। जिसमें मरीजों व उनके परिजनों के साथ-साथ शहरवासियों से 1 जून को मतदान जरूर करने की अपील की जाएगी।

### वैध खनन में लगे 18 वाहन जब्त, दो गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)।** मनेर थाना क्षेत्र के शेरपुर में बुधवार देर रात छापेमारी कर अवैध गंगा बालू में लगे 18 वाहनों को जब्त किया गया है। पुलिस ने इस मामले दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। गिरफ्तार ब्रह्मचारी गांव के इंद्रजीत कुमार व विकास कुमार हैं। डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि शेरपुर में कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि अवैध बालू का खनन किया जा रहा है। इसके बाद मनेर, नेउरा व अन्य पुलिस पदाधिकारी के सहयोग से छापेमारी की गई। जिसमें 11 हाइवा, पांच ट्रैक्टर, एक लोडर व एक पोकलेन मशीन जब्त किया गया है। मनेर थानाध्यक्ष सुनील कुमार भगत के अनुसार, बरामद वाहनों के कागजात का सत्यापन किया जा रहा है। इसके बाद वाहन मालिकों पर प्राथमिक की दर्ज की जाएगी।

### एनसीसी कैडेट्स ने किया मतदाताओं को जागरूक

**पटना (नि.सं.)।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मिलर स्कूल वन बिहार आर्टिरेजीमेंट एनसीसी के ट्रूप नम्बर 282 के एनसीसी कैडेट्स एवं स्कूल के शिक्षकों एंव शिक्षिकाएं के द्वारा स्कूल प्रांगण से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली स्कूल प्रांगण से शुरू हुई जो वीरचंद पटेल पथ होते हुए विद्यालय के पोषक क्षेत्र तक गयी। रैली में मतदाताओं को पंपलेट बांटकर मतदान हेतु प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को नारों के माध्यम से जागरूक किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य मदन बिंद, एनसीसी पदाधिकारी डॉक्टर अरुण दयाल शामिल थे। इसके अलावा रैली में वरुण कुमार, राजीव कुमार, ज्योति माला, अर्चना सिंह, अर्चना भारती, सीमा कुमारी, वसुंधरा, मधु, फरहानाज, रमेंद्र कुमार, मिथिलेश कुमार रंजन आदि शामिल थे।

# केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की हुई बैठक विभिन्न आवश्यकताओं के विषय पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय औरंगाबाद में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीसी श्वेता प्रियदर्शी ने बतौर विद्यालय प्रबंधन समिति नामित अध्यक्ष एवं जमील मिराज एसडीसी औरंगाबाद ने बतौर अल्पसंख्यक सदस्य के रूप में भाग लिया। प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों में केंद्रीय विद्यालय औरंगाबाद के प्राचार्य अशोक वास्तव जी, रविंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार, श्रवण कुमार सांस्कृतिक सदस्य के रूप में, अभिभावक सदस्य के रूप में मनोज पासवान उपस्थित रहे। बैठक के अंदर विद्यालय के विभिन्न उपलब्धियां का विवरण प्राचार्य महोदय द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात नामित अध्यक्ष के समक्ष विद्यालय की विभिन्न आवश्यकताओं के विषय में यथा विद्यालय को अमृत जलधारसे जोड़ना, शौचालय की समस्या, विद्यालय के बुनियादी ढांचे के विकास की आवश्यकताओं को प्रस्तुत किया गया। इनमें से सभी समस्याओं को सुनते हुए अध्यक्ष द्वारा सभी के समाधानों के विषय में विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य सदस्यों को विश्वास दिलवाया। तथा समस्याओं से संबंधित एक रिपोर्ट को बनाकर उचित माध्यम से शीघ्र ही समाधान करने का मार्ग प्रदर्शित किया गया। अध्यक्ष द्वारा यह दोहराया गया कि विद्यालय की सभी जरूरतों के पूरा होने पर ही विद्यार्थियों का पूर्ण विकास संभव है। अतः इन सभी समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। विद्यालय के छात्रों के स्वास्थ्य जांच के लिए शीघ्र ही एक स्वास्थ्य जांच शिविर विद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

# डीएम के समक्ष ग्रामीणों ने की डीलर की शिकायत कहा-12 की जगह 10 माह ही मिलता है अनाज

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** जिले के नबीनगर प्रखंड के चंद्रगढ़ पंचायत के महसु गांव में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने ग्रामीणों की शिकायत सुनी। ग्रामीणों से जानकारी लिया कि आपकी समस्या क्या है हमें बताएं। ग्रामीण मुराद, हैदर, सबीना खातून, रूबी देवी, काजल देवी, रशीदा खातून एवं कौसर ने डीएम को बताया कि जन वितरण प्रणाली के डीलर के द्वारा 12 की जगह 10 माह अनाज दिया जाता है। पांच की जगह चार किलो अनाज दिया जाता है। राशन के लिए बोलते हैं तो डांट दिया जाता है। शिकायत करने पर कोई सुनता नहीं है। कई महिलाओं ने डीएम को बताया कि गरीब होने के बावजूद राशन कार्ड नहीं बना है। ग्रामीणों ने



महसु गांव में जर्जर पुल का निरीक्षण करते डीएम को गांव में व्याप्त नाली की समस्या के बारे में बताया। डीएम ने चंद्रगढ़ पंचायत के मुखिया आमोद चंद्रवंशी को नाली बनाने का निर्देश दिया। डीएम ग्रामीणों से कहा कि जो भी मूलभूत समस्या है उसका निदान होगा। डीएम ने ग्रामीणों को बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद पंचायत में कैंप लगाकर राशन कार्ड बनाया जाएगा। ग्रामीण गांव में प्रवेश करने के लिए नदी पर बने जर्जर पुल को बनाने का मांग किया गया। डीएम ने पुल का निरीक्षण कर ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि शीघ्र पुल का निर्माण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बीडीओ देवानंद सिंह को जन वितरण प्रणाली दुकानदार के खिलाफ मिली शिकायत पर जांच करने का आदेश दिया।

# गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर घर से बरामद किया अवैध हथियार

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिले की बंदेया थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान वैध तरीके से घर में रखे गये राईफल को जब्त किया है। यह कार्रवाई चुनाव के मदेनजर एसपी के निर्देश पर किया गया। बताया जा रहा है कि गुरूवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बंदेया थाना क्षेत्र के झिकटिया गांव निवासी राज बल्लभ बिंद के घर में अवैध रूप से राइफल रखा हुआ है। पुलिस ने सूचना के आधार पर गांव पुहंचकर घर को चारो तरफ से घेराबंदी करते हुए जब घर की तलाशी ली तो एक हथियार बरामद करते हुए जब्त किया गया। इससे आस पास के लोगों में काफी डर बना रहा। पुलिस की यह अभियान घंटो चली। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही घर मालिक राज बल्लभ बिंद भागने में सफल रहा। इधर एसपी स्वपना जी मेश्राम ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए लगतार अवैध करोबार से जुड़े लोगों पर नजर रखी जा रही है, साथ ही लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। सभी थाना की पुलिस लगतार गश्त पर हैं और पूरे इलाके को अपने अलर्ट पर रखे हैं। जहां भी किसी तरह की कोई सूचना मिल रही है, पुलिस कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था में किसी तरह की कोई बाधा उत्पन्न न हो इस पर पुलिस लगातार फोकस कर रही है। इस छापेमारी अभियान के दौरान एक देशी राइफल बरामद किया गया है।

# डीएम ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

- डीएम ने रोगियों एवं उनके परिजनों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं यथा-पीने का पानी, बैठने, पंखा कूलर आदि की व्यवस्था सहित भर्ती मरीजों के हालचाल का जायजा लिया।

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शुक्रवार को सदर अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने रजिस्ट्रेशन विंडो, विभिन्न ओपीडी क्लिनिक, पीएसए प्लांट, लेबोरेट्री, फिजियोथेरेपी क्लिनिक, आंख जांच क्लिनिक, प्रसव वार्ड, पुरुष एवं महिला सामान्य चिकित्सा वार्ड आदि का सघन निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने रोगियों एवं उनके परिजनों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं यथा-पीने का पानी, बैठने, पंखा कूलर आदि की व्यवस्था सहित भर्ती मरीजों के हालचाल का जायजा लिया। गंभीर गर्मी एवं लू के मद्देनजर वातानुकूलन की व्यवस्था को संतोषजनक स्थिति में पाया। इस क्रम में रजिस्ट्रेशन विंडो के पास बने शेड को विस्तार देते हुए एक तरफ अल्ट्रासाउंड क्लीनिक के दरवाजे तक तथा दूसरी ओर पीएसए प्लांट तक बनवाने हेतु आदेशित किया। महिला ओपीडी में एकमात्र चिकित्सक डॉ. रश्मि सिंह कार्यरत देखी गयीं। इस क्रम में उपाधीक्षक को निर्देश दिया कि अस्पताल में उपलब्ध चारों महिला चिकित्सकों को रोस्टर के अनुसार ओपीडी में कार्य निर्धारित किया जाए। साथ ही सदर अस्पताल में साफ-सफाई, पीने के पानी, बिजली, पंखा, कूलर, एसी आदि सतत कार्यशील रखा जाए। जिलाधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार द्वारा प्रदत सेवाओं का लाभ बिना परेशानी के लोगों मिले। इस आशय की जानकारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो.अनवर आलम ने दी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में वातानुकूलित वार्ड की व्यवस्था की गई है। लू से बचाव हेतु प्रोटोकॉल के अनुसार दवाइयां एवं अन्य साधनों की व्यवस्था की गई है। आकस्मिक स्थिति के लिए सभी एंबुलेंस को तैनात रखा गया है। जिलाधिकारी एवं सिविल सर्जन के निर्देशानुसार सभी अस्पतालों को तत्पर रखा गया है। निरीक्षण के क्रम में स्वयं डीपीएम, उपाधीक्षक डॉ. आशुतोष कुमार, अस्पताल प्रबंधक हेमंत राजन सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# गोह में एनडीए कार्यकर्ताओं की बूथ स्तरीय बैठक संपन्न



निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** शुक्रवार को एनडीए के कार्यकर्ताओं ने दरधा गाव में गोह प्रखंड के तीन पंचायत के बूथ स्तरीय बैठक किया जिसमें अपने अपने बूथ से एनडीए का प्रत्याशी को जीत दिलाने का संकल्प लिया गया बैठक की अध्यक्षता रा लो मोर्चा गो ह के अध्यक्ष वशिष्ठ शर्मा ने किया ,संचालन भाजपा के उपहरा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार विद्यार्थी ने किया , जिसमें अमारी, बेरका, बाजार वर्मा पंचायत के बूथ अध्यक्ष तथा कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया । उक्त बैठक में सासाराम में एनडीए उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा के 10 मई को होने वाली नामांकन में भाग लेने की बात कही गई।मौके पर लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष कुमार आर्य ,जदयू के अध्यक्ष गुंजन कुमार सिंह , गोह भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान , भाजपा विधानसभा प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष सिद्धनाथ मिश्रा जदयू विधानसभा प्रभारी सह उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# प्रेमिका से मिलने गांव पहुंचा प्रेमी, गांव वालों ने पकड़ कर करा दी शादी

निज संवादाता

**मदनपुर( औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के दक्षिण उमगा पंचायत के मुंशी बीघा गांव में प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इसके बाद प्रेमी युगल की शादी कर दी। ग्रामीणों ने प्रेमी युगल को पड़कने के बाद दोनों के परिवार वालों को बुलाया। दोनों परिवारों और प्रेमी युगल की रजामंदी से दोनों को गांव में पंचायत बिठाकर शादी करा दी गई। प्रेमी दिलीप कुमार गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के करताही गांव का निवासी है। वही प्रेमिका चांदनी कुमारी



मदनपुर थाना क्षेत्र के मुंशी बीघा गांव के निवासी रामचंद्र दास की पुत्री है। दोनों के बीच लगभग दो सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जाता है कि बुधवार की रात को दिलीप अपनी प्रेमिका से मिलने उसके गांव पहुंचा था। इसकी भनक पड़ोस के लोगों को लग गई। ग्रामीणों ने प्रेमी को पकड़ लिया और उससे पूछताछ शुरू की। इसके बाद पंचायत बिठाकर दोनों प्रेमी युगल की शादी करा दी।

# डीएम-एसपी ने किया वज्रगृह का निरीक्षण



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से स्ट्राँग रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारीद्वय ने सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# जेवर व्यवसाई से लूट मामले में वांटेड अपराधी के मास्टरमाइंड होने का शक

निज संवाददाता | पटना

जेवर व्यवसाई भारतीष कुमार पर फायरिंग और 10 लाख रुपये लूट मामले में कदमकुआं थाने की पुलिस ने पंडारक और बेगूसराय जिले सहित अन्य जगहों पर छापेमारी की। पकड़े गये अपराधी धीरज कुमार की निशानदेही पर पुलिस उसके चार अन्य साथियों की तलाश कर रही है। सूत्रों की मानें तो इस कांड में पंडारक के एक कुख्यात अपराधी के मास्टरमाइंड होने का शक है।

वारदात के दिन गिरफ्तार हुये अपराधी ने भी इस बात का खुलासा किया है कि उसे किसी और ने व्यवसाई पर गोलीबारी और लूट करने के लिये भेजा था। पंडारक स्थित व्यवसाई की जमीन को लेकर हुये विवाद में इस घटना को अंजाम देने की आशंका है। व्यवसाई का एक पूर्व परिचित भी घटना में शामिल है। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है अपराधियों ने इस वारदात को लूट की शक्ल देने की कोशिश की। पुलिस टीम भारतीष के ही पूर्व परिचित की तलाश कर रही है। गोलीबारी और लूट के बाद से ही वह फरार है। उसके घर पर भी पुलिस ने छापेमारी की थी। लेकिन वह नहीं मिला। बीते बुधवार की रात दस बजे व्यवसाई भारतीष अपने बेटे अंश और एक कर्मी के साथ स्कूटी पर सवार होकर राजेंद्रनगर स्थित अपार्टमेंट की ओर लौट रहे थे। जैसे ही वे नाला रोड के बीच में पहुंचे, दो बाइक सवार चार अपराधियों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। इसके बाद लुटेरों ने उनके हाथ से रुपये से भरा बैग छीनने की कोशिश की। व

# पिरामल फाउंडेशन ने की सामाजिक संगठनों के साथ बैठक



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** पीरामल फाउंडेशन ने शुक्रवार को शहर के कर्मा रोड स्थित कार्यालय में औरंगाबाद के सामाजिक संगठनों के साथ एक बैठक की। बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत सभी इंडिकेटर पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जिले में विकास कार्यो के प्रति सामाजिक संगठनों का सहयोग, उनके क्षमतावर्द्धन, सरकार की विभिन्न योजनाओं के संचालन में भागीदारी सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में पिरामल फाउंडेशन के स्टेट कॉर्डिनेटर सैयद अकरम हुसैन तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक शादाब आलम ने कहा कि जिले के सभी एनजीओ एक दूसरे को कैसे सहयोग कर अपने जिले की स्थिति को और कैसे बेहतर बना सकते हैं, इसके लिए सभी सक्रिय संगठनों को एक साथ एक मंच पर आने की जरूरत है। जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पोषण जैसे मुद्दों पर साथ कार्य करने की जरूरत है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर महीने में एक बैठक होगी। मासिक बैठक हर महीने अलग-अलग एनजीओ के कार्यालय में होगी। बैठक के अंत में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी लोग एक दूसरे का सहयोग करेंगे तथा अपने जिले को अव्वल बनाने के साथ साथ विकसित भारत में भी अपनी भूमिका तय करेंगे। बैठक में पिरामल फाउंडेशन के सभी कार्यक्रम प्रबंधक जितेन्द्र श्रीवास्तव तथा विश्वाश(स्वास्थ्य व पोषण क्षेत्र) रोहित भारती, शुभम वाघ(शिक्षा क्षेत्र) तथा सभी गांधी फेलोज उपस्थित रहे।

# चोरी के मोबाइल के साथ आरोपित गिरफ्तार

निज संवाददाता

**पटना।** कोतवाली थाने की पुलिस ने गुरुवार की रात जीपीओ गोलंबर के समीप मोबाइल चोरी कर भाग रहे एक बदमाश को पकड़ लिया। आरोपित के पास से पुलिस ने चोरी की मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

दरअसल, जीपीओ गोलंबर के पास एक युवक भाग रहा था। वहां पहले से खड़ी कोतवाली थाने की पुलिस जब उसे रुकने के लिए बोली तो वह और तेज भागने लगा। इसे देख कोतवाली पुलिस ने दौड़कर युवक को पकड़ लिया। आरोपित साहिल कुमार आलमगंज थाना इलाके के पत्थर मस्जिद के समीप स्थित नारायणपति गली का रहने वाला है। थानेदार राजन कुमार ने बताया कि जब आरोपित की तलाशी ली गई तो उसके पास से मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि यह मोबाइल चोरी का है। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक


आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433